संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, गुरूवार, 08 मई 2025 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 19 अंक: 125 पृष्ठ: 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक

□ इनमें जैश के 4, लश्कर के 3, हिजबुल के 2 ट्रेनिंग सेंटर □ पाकिस्तान पर 24 मिसाइल दागीं, मोदी बोले- ये तो होना ही था, खड़गे ने कहा- हम सरकार के साथ, पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा- भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे।

**सरकार ने एयर स्ट्राइक के 9:30 घंटे बाद जानकारी दी**
सेना ने एयर स्ट्राइक के 9:30 घंटे बाद सुबह 10:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी और आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। सबसे पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई दिखाई गई। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि रात 1:05 बजे और 1:30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ। 25 मिनट में पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट पहचाने गए थे।




## केवल उन्हीं को मारा... जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा: सिंह

**सटीकता**

□ भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बुधवार रात की गई एयर स्ट्राइक में कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। सेना की इस कार्रवाई को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, सेना ने हमारा मस्तक उंचा किया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें सही समय पर सटीकता के साथ ध्वस्त किया।

**'सेना को पूरे देश की ओर से साधुवाद'**
6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 50 बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जैसा कि आप सबको जानकारी है कि कल रात भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ करवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है। किसी भी नागरिक ठिकाने नागरिक जनसंख्या को जरा भी प्रभावित न होने की संवेदनशीलता दिखाई है। यानि एक तरीके की सटीकता, सतर्कता और मानवता सेना ने दिखाई है। जिसके लिए मैं हमारे सेना के जवानों और अधिकारियों को पूरे देश की ओर से साधुवाद देता हूं।

### भारत ने हमलों के जवाब में अपना 'राइट टू रिस्पॉन्स' का इस्तेमाल किया

राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना को संपूर्ण सम्बल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी साधुवाद देता हूं। हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था 'जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारेअर्थात केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने, 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च करके, पहले की तरह ही, इस बार भी, आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैंपों को तबाह करके करारा जवाब दिया है। भारत ने हमलों के जवाब में अपना 'राइट टू रिस्पॉन्स' का इस्तेमाल किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि,हमारी यह कार्रवाई, बेहद सोच-समझकर, सधे हुए तरीके से की गई है। आतंकियों के हौंसले पस्त करने के उद्देश्य से, यह कार्रवाई, महज उनके कैंपो और अन्य संरचनाओं तक ही सीमित रखी गई हैकमैं पुन:, हमारी सशस्त्र बलों के शौर्य को नमन करता हूं।

## लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर को सबसे पहले निशान बनाया गया

- पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर को सबसे पहले निशान बनाया गया।
- सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली थी।
- मुजफ्फराबाद का सैयदना बिलाल कैंप। यहां हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।
- कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप। पूंछ में 2023 में श्रद्धालुओं पर हमला करने वाले आतंकी यहीं ट्रेंड हुए थे।
- भिम्बर का बरनाला कैंप। यहां हथियार चलाना सिखाया जाता है।
- कोटली का अब्बास कैंप। यह एलओसी से 13 किमी दूर है। यहां फिदायीन तैयार होते हैं।
- सियालकोट का सरजल कैंप। मार्च 2025 में पुलिस जवानों की हत्या के आतंकवादियों को यहीं ट्रेन किया गया था।
- सियालकोट का हिजबुल महमूना जाया कैंप। पठानकोट हमला यहीं प्लान किया गया।
- मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप। अजमल कसाब और डेविड कोलमैन हेडली यहीं ट्रेन हुए थे।।
- मस्जिद सुभान अल्लाह बहावलपुर जैश का हेडक्वार्टर था। यहां रिक्रूटमेंट, ट्रेनिंग दी जाती थी। बड़े अफसर यहां आते थे।
- पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई को बिल्कुल सही ठहराते हुए कर्नल कुरैशी ने कहा कि तीन दशक से पाकिस्तान ने अपने यहां आतंकी बुनियादी ढांचे जटिल जाल निर्मित किया है जिसमें नेटवर्क में भर्ती केंद्र, वैचारिक प्रशिक्षण केंद्र, प्रशिक्षण शिविर और ऑपरेशनल लांच पैड शामिल हैं।



### सेना ने आधिकारिक तस्वीरें-वीडियो जारी कर दिखाई तबाही

**बता दें** कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिन नौ ठिकानों पर हमला किया है, उसकी आधिकारिक तस्वीरें भी जारी की गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना की महिला अधिकारियों- विंग कमांडर व्योमिका और कर्नल सोफिया ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीओजेके में पांच आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए गए हैं, जबकि चार आतंकी ठिकाने ऐसे हैं जो पाकिस्तानी सीमा के भीतर हैं। खास बात ये है कि मुरीदके में लश्कर के मुख्यालय- मरकज-तैय्यबा पर एक के बाद एक चार मिसाइलें दागी गईं।

## पीएम ने दिया सैन्य ऑपरेशन का नाम "ऑपरेशन सिंदूर"

**नई दिल्ली।** हर सैन्य ऑपरेशन का एक नाम तो होता ही है, लेकिन आपरेशन सिंदूर का संदेश कुछ खास है। एक पखवाड़े पहले पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकियों ने जिस वीभत्सता के साथ धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी और उनकी विधवाओं का सिंदूर उजाड़ा था, उसी सिंदूर ने आतंकियों के आकाओं को लाल कर दिया। वस्तुतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिए गए इस नाम ने शुरूआत में ही ऑपरेशन से जुड़े तीनों सेना के वीर जवानों को यह स्पष्ट संदेश दे दिया था कि आक्रमण इतना सटीक और



भीषण होना चाहिए कि फिर भारत में किसी के सिंदूर पर हमला करने से पहले सौ बार सोचें। भारत मे तो ऐतिहासिक रूप से भी सदियों तक धर्म के नाम पर सिंदूर पर हमला होता रहा था। वैसे बुधवार की सुबह कार्रवाई की ब्रीफिंग में भी दो महिला अफसरों को उतारकर यह संदेश भी दे दिया कि यहां की बहनें खुद भी सक्षम हैं।

**युद्ध को ज्यादा खींचना नहीं चाहेगा पाकिस्तान**
युद्ध की शुरूआत होती है तो दोनों ओर कुछ न कुछ नुकसान तो होना तय है, लेकिन मात्र 25 मिनट में पाकिस्तान के अंदर बैठे आतंकियों को जिस तरह उनके गढ़ में ही दफनाया गया वह केवल प्रतिशोध और सामरिक शक्ति नहीं बल्कि कुशल रणनीति और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से ही संभव था।

## एनएसए डोभाल ने 8 देशों के समकक्षों से की बात



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइलों से सटीक हमले किए। लक्षित हमलों के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कई देशों के समकक्षों से बातचीत की। डोभाल ने सबसे पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एवं विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत की।
इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल से बातचीत कर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।
डोभाल ने सऊदी अरब के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुसैद अल ऐबन से भी बातचीत की। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचएच शेख तहनून से भी फोन पर बातचीत कर डोभाल ने भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात की जानकारी दी। उन्होंने यूएई की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासचिव अली अल शम्सी से भी संपर्क किया।

### सेना की कार्रवाई और क्रियान्वयन के के बारे में जानकारी दी

एनएसए डोभाल ने कहा, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे देशों के अपने समकक्षों को भारतीय सेना की कार्रवाई और क्रियान्वयन के तरीके के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, संतुलित, गैर-आक्रामक और संयमित कार्रवाई में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत का इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान तनाव बढ़ाने का फैसला करता है तो वह दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकियों का जनाजा, दिखे पाक सेना के जवान

**लाहौर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का दोहरा चरित्र एक बार फिर सामने आ गया, जब उसकी सेना के जवान और मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के सदस्य एक साथ तीन आतंकियों के जनाजे में नजर पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के ताबड़तोड़ हमलों से पाकिस्तान में खौफ का माहौल है। सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए नौ स्थानों पर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। वहीं, पाकिस्तानी सेना के जवान और मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा के सदस्य बुधवार को तीन लोगों के जनाजे में शामिल हुए। ये तीनों बुधवार को मुरीदके में भारतीय सेना के हवाई हमले में मारे गए।

## देशभर में अलर्ट, 200 से अधिक उड़ानें रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली:** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाबी कार्रवाई के तौर पर 6-7 मई की रात पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर जोरदार हमला किया और उसे नेस्तनाबूद कर दिया। भारत की तरफ से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत मिसाइल हमलों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव अपने देश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके चलते उत्तरी और पश्चिमी भारत के कम से कम 18 एयरपोर्ट्स को अस्थायी रूप से बंद




कर दिया गया है। इन बंद एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल हैं।

**200 से ज्यादा उड़ाने रद्द**
ऑपरेशन सिंदूर के बाद फ्लाइट ऑपरेशन्स पर भारी असर पड़ा है। अब तक 200 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। अकेले इंडिगो ने लगभग 165 फ्लाइट कैंसिल की हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से भी 35 से ज्यादा फ्लाइट्स (23 डिपार्चर, 8 अराइवल और 4 इंटरनेशनल फ्लाइट्स) रद्द कर दी गई हैं।

**इंडिगो ने कई शहरों के लिए रद्द की उड़ानें:** मौजूदा हालात को देखते हुए इंडिगो एयरलाइन ने मंगलवार को श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर और जोधपुर के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं।

### फूट-फूटकर रोया अजहर

**हमले** के बाद मसूद अजहर ने बयान जारी कर बताया है कि हमले में उसके परिजनों के अलावा चार करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बहावलुपर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हुए हमले में जैश ए मोहम्मद चीफ मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसके पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों की मौत हुई है। हमले में मसूद अजहर के करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है।

*पांगी को राज्य का पहला प्राकृतिक खेती उप मंडल घोषित करने का भी निर्णय लिया गया*

**महिला शक्ति**

## दो महिला सैन्य अधिकारियों ने रखी 'ऑपरेशन सिंदूर' के पराक्रम की दास्तान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली।** भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिखाया। दुनिया के समक्ष भारतीय सेना के पराक्रम से भरे इस ऐतिहासिक ऑपरेशन की आधिकारिक जानकारी रखने के लिए भारतीय सेना की ओर से बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस की अगुवाई दो महिला सैन्य अधिकारियों ने की। इनमें एक भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और दूसरी भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह। जिसके बाद भारतीय सेना की ये दोनों महिला अधिकारी सुर्खियों में हैं।

**कर्नल सोफिया कुरैशी**
मूल रूप से गुजरात के वडोदरा की रहने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी ने 1997 में एम.एस. यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में मास्टर्स की डिग्री हासिल करने के बाद भारतीय सेना को चुना और "कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स" में शामिल होकर कई सफलताएं हासिल कीं। उनके दादा भी भारतीय सेना से जुड़े हुए थे। सोफिया आज खुद और उनके पति दोनों भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री में अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। साल 2016 में कर्नल



सोफिया ने भारतीय सेना के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। वे पहली महिला अधिकारी बनीं जिन्होंने भारतीय दल का नेतृत्व किया और 18 देशों द्वारा आयोजित बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'फोर्स 18' में भाग लेने वाली एकमात्र महिला कमांडर रहीं। उनके नेतृत्व में भारतीय दल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल और संकल्प शक्ति का प्रदर्शन किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शांति मिशनों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। संयुक्त राष्ट्र के

**सैन्य पराक्रम**

□ कर्नल सोफिया कुरैशी ने 1997 में एम.एस. यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में मास्टर्स की डिग्री हासिल की हैं

पीसकीपिंग ऑपरेशन्स के तहत छह वर्षों की सेवा के दौरान, वे 2006 में कांगो में तैनात रहीं। शांति स्थापना और मानवीय सहायता के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उनका स्पष्ट संदेश है: 'विवादग्रस्त क्षेत्रों में शांति लाने का प्रयास मेरे लिए गौरव का क्षण रहा।'

**विंग कमांडर व्योमिका सिंह**
18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना में कमीशन हुईं विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूदा समय की बेहतरीन विंग कमांडर में से एक हैं। उनके पास लड़ाकू हेलिकॉप्टर उड़ाने का बेहतरीन अनुभव है। चीता, चेतक जैसे लड़ाकू हेलिकॉप्टर उड़ाने में उन्हें महारथ हासिल है। उनके पास 2500 से भी ज्यादा घंटे की उड़ान का अनुभव और उन्हें ऊंचे पहाड़ी इलाकों में उड़ान की विशेषज्ञता हासिल है।

# आईएमए ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई निर्णायक और साहसी कार्रवाई - ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने बधाई दी है।

आईएमए ने बुधवार को जारी एक संदेश में कहा कि सेवा, कर्तव्य और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता वाले चिकित्सकों की संस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ी है।

**सराहना**

**मुकाबला करने और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार के दृढ़ दृष्टिकोण की सराहना करती है**

आईएमए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरों का मुकाबला करने और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार के दृढ़ दृष्टिकोण की सराहना करती है। आईएमए ने संपूर्ण चिकित्सा बिरादरी की तरफ से देश की सेवा के लिए अपनी सेवाएं देने का भरोसा जताया। सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईएमए ने सरकार को अपना पूर्ण सहयोग देने का भरोसा देते हुए कहा कि संस्था सशस्त्र बलों, सरकारी एजेंसियों और नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

# आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली चिकित्सालय में दिनांक 07.05.2025 दिन बुधवार को आरेडिका चिकित्सालय के चिकित्साधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से मेदांता अस्पताल लखनऊ से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. अनिल



(पल्मोनोलॉजिस्ट), डॉ. हिमांशु (गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट) एवं डॉ. विजय मौर्या (अस्थिरोग विशेषज्ञ) के द्वारा चिकित्सालय में आए कुल 356 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ 121 रोगियों ने फाइब्रोस्कैन, 44 ने पीएफटी तथा 75 रोगियों ने बीएमडी जैसी विशेष जाँच सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा जैन द्वारा विशिष्ट अतिथि चिकित्सकों को पौधा भेंट कर सम्मान किया जो प्रकृति और स्वास्थ्य के सामंजस्य का प्रतीक रहा। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल परीक्षण करना ही नहीं बल्कि समुदाय को उनके स्वास्थ्य के प्रति सम्यक जागरूकता प्रदान करना और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संवेदनशील बनाना है।


## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधकमालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी/(एफएम) 10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली मंडल के आनंद विहार रेलवे स्टेशन मुख्य (एएनवीटी) कुल क्षेत्र) हॉल में पार्सल कार्यालय के नजदीक क्लॉक रूम 24.726 वर्ग मीटर आरओएमटी) के प्रबंधन और संचालन हेतु (नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियोंके द्वारा पाच– पोर्टल में ई.एस.पी.ई.आर.आई (आधार पर (05) वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है :

| क्र. सं. | ईनीलामी के आरम्भ – होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है : |
|---|---|---|
| 1. | 22.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे | आनंद विहार रेलवे स्टेशन मुख्य हॉल में पार्सल कार्यालय के (एएनवीटी) कुल क्षेत्र) नजदीक 24.726 वर्ग मीटर क्लोकरूम के प्रबंधन और संचालन हेतु ((आरओएमटी आधार पर) 05 (पांच वर्षो) का अनुबंध। |

**महत्त्वपूर्ण सूचना :** 1. ई नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https:/www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section)** पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. **धरोहर राशि जमा : (ईएमडी)** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। 3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने औरया स्थितियों के आधार पर/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/संशोधित का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। **1357/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भबिल अग्रवाल पुत्र अशोक कुमार पताः डी–743, गली नं.3, निकट हनुमान मंदिर, अशोक नगर दिल्ली, ज्योति नगर, नार्थ ईस्ट दिल्ली ने एफआईआर संख्या 133/2024 धारा 27/61/85 एनडीपीएस के तहत** थानाः ज्योति नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **भबिल अग्रवाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **भबिल अग्रवाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 133/2024 धारा 27/61/85 एनडीपीएस के तहत थाना ज्योति नगर, दिल्ली के उक्त भबिल अग्रवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**राहुल सैनी**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08**
**कमरा नं.जी–06, न्यू कोर्ट बिल्डिंग,**
**शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/5688/NE/2025



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ललित सिंह, पुत्रः ज्वाला सिंह, पताः एन–15ए–259, इंद्रा विकास कॉलोनी, मुखर्जी नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 72/19, U/s: 25/54/59 IPC, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ललित सिंह** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **ललित सिंह** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **ललित सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार,**
**सुश्री अमरदीप कौर,**
**ए.सी.जे.एम., उत्तर, कमरा नं. 117**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/5626/NW/2025**



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2025-71 **दिनांकः** 06.05.2025

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिगं) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** यार्ड इम्प्रूवमेंट पी. वे वर्क इन झाँसी - परौना सेक्शन (8 यार्ड) अंडर एडीईएन/एचक्यू-। सेक्शन।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 77737130.28 **अमानत राशि (रू):** ₹ 538700.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 28.05.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

- निविदा **दिनांक 28.05.2025 को 15.00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **788/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## भारत सरकार
## रेल मंत्रालय
## (रेलवे बोर्ड)

सं. 2025/आरएस (डब्ल्यूटीए)–149/निविदा/560 दिनांक 06.05.2025

**एफआईएटी – आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल की खरीद हेतु दिनांक 29.05.2025 को खोली जाने वाली ई–स्वदेशी निविदा सं: डब्ल्यूटीए–560**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से आरसीएफ ड्रॉइंग सं LW02149 alt C और आईआरएस आर–1695 शुद्धिपत्र संख्या 1 से 4 या नवीनतम के साथ एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए **http://ireps.gov.in** वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

**निदेशक, रेल भंडार (एम), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)**
**रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001**
**दूरभाष संख्या 011–23073191, ई–मेल आईडी : drsm@rb.railnet.gov.in**

**1347/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली–110052

फोन नं. 011-21710105

### सार्वजनिक सूचना

संलग्न सूची के अनुसार वाहनों को बाहरी उत्तरी जिला, नई दिल्ली के पुलिस स्टेशनों द्वारा **धारा 66 द.प्र.सं. अधिनियम–1978** के तहत जब्त कर लिया गया है।

अब, पुलिस आयुक्त, दिल्ली द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और जैसा कि दिल्ली पुलिस अधिनियम, **1978 की धारा 67 (I)** के तहत परिकल्पित किया गया है, **70 (सत्तर)** वाहनों की संलग्न सूची आम जनता की जानकारी के लिए अधिसूचित की जाती है। इस उद्घोषणा के माध्यम से जनता कोई भी व्यक्ति, जिसके पास कोई दावा हो, वह इस उद्घोषणा के जारी होने के छह महीने के भीतर अपना दावा स्थापित करने के लिए स्वामित्व के सबूत के साथ अदालत में उपस्थित हो सकता है।

इस उद्घोषणा को आम जनता के बीच व्यापक प्रचार दिया जाना चाहिए और अदालत के नोटिस बोर्ड और पुलिस स्टेशनों पर भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

### डी. पी. अधिनियम की धारा 66 के तहत जब्त लावारिस वाहनों की सूची

| क्र. सं. | डीडी नं. | तारीख | पंजीकरण संख्या | इंजन नं. | चेसिस नंबर एवं मेक | वाहनों के प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पुलिस स्टेशन: बवाना | | | | | | |
| 1 | 107 | 07.10.2023 | DL78JHA76413 | NA | NA | स्पलैंडर |
| 2 | 139A | 20.04.2023 | DL10SC9583 | NA | NA | बाईक |
| 3 | 55A | 26.01.2023 | DL8SAA7082 | NA | NA | डिस्कवर |
| पुलिस स्टेशन: एस. बी. डेयरी | | | | | | |
| 4 | 63A | 27.01.2023 | DL7SBS2976 | 89155 | 10856 | |
| 5 | 86A | 12.03.2023 | DL11SZ6484 | 13224 | 2214 | |
| 6 | 86A | 19.03.2023 | DL11SZ0257 | 22344 | 81632 | |
| 7 | 86A | 19.03.2023 | DL11SY3256 | F0530 | 63555 | |
| 8 | 31A | 10.05.2023 | DL1SAD0799 | 12697 | 10303 | |
| 9 | 110A | 23.05.2023 | DL11SB5745 | 34976 | 29485 | |
| 10 | 112A | 09.06.2023 | DL11N0105 | 75185 | A9988 | |
| 11 | 11A | 17.08.2023 | DL8SCC7424 | 20112 | 19930 | |
| 12 | 5A | 10.02.2024 | HR 79 3603 | HA11EFD9 H16925 | MBLHA11EWD 9H15793 | |
| 13 | 75A | 16.02.2024 | DL10 SQ 5949 | JF50E7327 7012 | ME4JF505HG7 278100 | |
| 14 | 129A | 05.04.2024 | DL-11SW-2308 | 19844 | 17303 | |
| 15 | 87A | 06.04.2024 | DL-8SCA-4657 | 430836 | 777484 | |
| 16 | 91A | 24.06.2024 | DL-11SQ-2911 | 30390 | 83022 | |
| पुलिस स्टेशन: नरेला | | | | | | |
| 17 | 86A | 17.01.2023 | DL8SAA6441 | 89573 | 10253 | डिस्कवर |
| 18 | 6A | 22.01.2023 | DL8SBT9401 | 32662 | 25933 | लाल यामाहा |
| 19 | 58A | 18.03.2023 | DL8SEG6444 | | 276206 | रॉयल एनफील्ड |
| 20 | 58A | 23.05.2023 | DL8SND7224 | 72899 | 71881 | स्कूटर |
| 21 | 134A | 24.08.2023 | HR05XO1871 | 01023 | 10108 | घोयामोड़ |
| 22 | 99A | 23.10.2023 | W/N PLATE | 11930 | MBLHAW081K HD07323 | स्प्लेंडर |
| 23 | 69A | 08.02.2024 | DL11SA0717 | K03596 | K06086 | मो/साइकिल पैशन प्रो |
| 24 | 68A | 23.02.2024 | DL11SF0629 | 51495 | 76306 | स्कूटी टीवीएस विगो |
| 25 | 38A | 01.03.2024 | DL8SZ9910 | 37132 | 38307 | मो/साइकिल पल्सर |
| 26 | 70A | 07.03.2024 | DL11SB3758 | 21709 | 18106 | मो/सीवाई सीडी डीलक्स |
| 27 | 49A | 20.03.2024 | DL11SJ2763 | 1115 | 11206 | मो/साइकिल ड्रीम योगा |
| 28 | 85A | 07.05.2024 | DL8SNB7085 | L02107 | L00916 | मो/सीवाई सीडी डीलक्स |
| पुलिस स्टेशन: नरेला इंडस्ट्रियल एरिया | | | | | | |
| 29 | 118A/23 | 25.03.2023 | DL8SAU7742 | 21767 | 86128 | पल्सर |
| 30 | 155A/23 | 17.04.2023 | DL11SL9629 | NA | 65193 | हीरो स्प्लेंडर |
| 31 | 115A/23 | 19.04.2023 | W/OUT N PLATE | CG5BL 1X21254 | 28607 | |
| 32 | 134A/23 | 11.05.2023 | DL11SW3425 | NA | 87432 | बजाज सीटी 100 |
| 33 | 15A/23 | 12.06.2023 | DL8SCM9892 | NA | NA | |
| 34 | 128A/23 | 04.07.2023 | DL11P8579 | 21957 | 22684 | |
| 35 | 107A/23 | 07.07.2023 | DL11SE5461 | 14113 | 35435 | |
| 36 | 79A/23 | 09.07.2023 | DL11SU1034 | 1942 | 1930 | |
| 37 | 123A/23 | 08.08.2023 | DL11F0917 | 100233 | 103290 | |
| 38 | 151A/23 | 20.09.2023 | DL11SW8744 | NA | 45526 | एसपीएल |
| 39 | 92A/23 | 23.09.2023 | DL8SAG2963 | 20891 | 36370 | हीरो एसपीएल |
| 40 | 86A/23 | 04.10.2023 | DL11SB2385 | 23152 | 19117 | हीरो एसपीएल |
| 41 | 98A/23 | 06.10.2023 | DL5SAC9003 | NA | NA | होंडा एक्टिवा |
| 42 | 115A/23 | 16.10.2023 | DL8SCG6707 | 947 | 895 | |
| 43 | 74A/23 | 08.11.2023 | DL8SBX7669 | 21842 | 58151 | यामाहा एफजेड |
| 44 | 63A/23 | 17.12.2023 | DL11SE7632 | 48043 | 62457 | |
| 45 | 75A/24 | 09.02.2024 | DL3SEC1956 | 47901 | 46106 | यामाहा |
| 46 | 121A/24 | 16.03.2024 | DL11SW0947 | 29338 | 21488 | स्प्लेंडर |
| 47 | 117A/24 | 07.04.2024 | DL11P8168 | 17150 | 15764 | स्प्लेंडर |
| 48 | 90A/24 | 10.05.2024 | DL8SCC 1554 | 8471 | 15261 | बजाज पल्सर |
| 49 | 101A/24 | 01.05.2024 | DL3SCE2056 | 11877 | 27303 | बजाज डिस्कवर |
| 50 | 138A/24 | 29.05.2024 | DL4SCP9516 | 0.06039 | 9841 | मो/साइकिल |
| पुलिस स्टेशन: अलीपुर | | | | | | |
| 51 | 97A | 14.02.2023 | DL11SJ1450 | NA | NA | स्कूटी |
| 52 | 42A | 15.03.2023 | DL11SA6512 | NA | 8505 | होंडा 110सीसी |
| 53 | 72A | 26.03.2023 | DL11SG1970 | NA | NA | पैशन प्रो |
| 54 | 80A | 09.02.2024 | DL-8SBZ-8057 | 70796 | 78482 | एक्सेस |
| 55 | 91A | 19.02.2024 | DL-8SNC-1306 | 11466 | 39175 | प्लेटिना |
| 56 | 59A | 28.02.2024 | DL-13SB-2208 | 14564 | 50088 | टीवीएस स्टार सिटी |
| 57 | 73A | 25.03.2024 | DL-7SBM-3037 | 102732 | 100750 | एक्टिवा |
| 58 | 96A | 25.03.2024 | DL-8SCS-5365 | 26084 | 28327 | एनटॉर्क |
| 59 | 75A | 02.06.2024 | DL-8SAZ-8874 | 6252 | 6883 | स्प्लेंडर |
| 60 | 114A | 03.06.2024 | BR-26J-4983 | 14576 | 8369 | सीटी 100 |
| पुलिस स्टेशन: एस. पी. बादली | | | | | | |
| 61 | 112A/23 | 03.04.2023 | DL8SAD3128 | Not Seen | 0861, Hero Honda Passion Pro Red Colour | |
| 62 | 106A/23 | 03.04.2023 | DL6SAK7838 | Not Seen | 34517, Bajaj Discover Black Colour | |
| 63 | 96A/2023 | 17.04.2023 | DL8SAN8731 | 7622 | 07624, Passion Pro Blue & Black Colour | |
| 64 | 11A/2023 | 15.05.2023 | DL11SR2290 | Not Seen | 96607, Hero Splendor Black Colour | |
| 65 | 137A/2024 | 22.04.2024 | DL8SBT 6834 | JF50ET400 5973 | ME4JF506MFT 003514 | स्कूटी |
| 66 | 109A/2024 | 18.06.2024 | DLIST8438 | JA06EEAG F05521 | MBLJA0EVAG F05139 | हीरो मो. साइकिल |
| पुलिस स्टेशन: भलस्वा डेयरी | | | | | | |
| 67 | 83A | 01.09.2022 | HR13DM2025 | NA | HERO | |
| 68 | 93A | 17.12.2023 | RJ18CS2212 | 2811 | 5449 HERO | |
| 69 | 10A | 18.05.2024 | HR 51 AS 2481 | | 7062622 | |
| 70 | 10A | 27.05.2024 | DL 5SAD 6127 | 38474 | 16128 | |

हस्ता/–
डॉ. चंद्र प्रकाश मीना
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त–I
बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली

DP/9772/ON/2025


# रिश्तेदारों ने घर में घुसकर महिला पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के विवेक विहार के झिलमिल इलाके में कल सुबह कुछ लोगों ने एक महिला के घर में घुसकर उन पर हमला कर दिया। हमला करने वाले कोई और नहीं, महिला की बहन, भाभी, भांजी और भतीजा ही थे। आरोप है कि संपत्ति विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया। विवेक विहार पुलिस ने महिला के बयान पर मारपीट करने समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, 52 वर्षीय पीड़ित मंजू शर्मा झिलमिल इलाके में रहती हैं। आरोप है कि मंगलवार सुबह करीब 7 बजे उनकी बहन, बहन की बेटी, भाभी और भतीजा जबरन उनके घर में घुस आए। वह कहने लगे कि तुमने मां के साथ मिलकर करनाल की प्रॉपर्टी बेच दी है। हमें भी उसमें हिस्सा दो, नहीं तो इसका परिणाम भुगतना होगा। इतना कहते ही आरोपितों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बहन और भाभी ने हाथ पकड़ लिया जबकि भांजी और भतीजे ने जमीन पर गिराकर लात-घूसे मारने शुरू कर दिए। किसी ने महिला के पति को सूचना दी। पति घर पर आए तो आरोपित वहां से फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने महिला का मेडिकल करवाने के बाद मुकदमा दर्ज किया।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेदार होगा। मैं या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। 2

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं राजा पुत्र श्री रामसरूप व चन्द्रवती पत्नी राजा निवासी म.न. 321, गली न.4, वार्ड न.30, राज नगर, पानीपत सूचित करते हैं कि हमारा लडका रवि व उसकी पत्नी कविता गलत संगत में पड़ गए हैं तथा हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। हमने इन्हें अपनी चल-अचल संपति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में हम व हमारा परिवार इनके किसी भी लेन-देन एवं कानूनी-गैर कानूनी कार्यों का जिम्मेदार नहीं होगा।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# मॉक ड्रिल: तेज सायरन बजते ही दौड़े लोग...

ड्रिल के जरिए लोगों दी गई अहम जानकारी, मॉक ड्रिल सिर्फ अभ्यास ही नहीं बल्कि किसी बड़ी आपात या युद्ध जैसी स्थिति से पहले की जानी वाली तैयारी भी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी में बुधवार को सफदरजंग, आरएमएल, एलएनजेपी समेत कई अस्पतालों में सिविल डिफेंस के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आपातकालीन विभाग में प्रमुख कर्मियों की वास्तविक समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की गई। इसके साथ मॉक ड्रिल के सभी निदेशों का अनुपालन किया गया। अस्पतालों में शाम 4 बजे से शुरू इस मॉक ड्रिल में युद्ध के दौरान आपात स्थिति में घायल लोगों के तेजी से उपचार प्रबंधन का अभ्यास किया गया। आरएमएल अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा के विभागाध्यक्ष डॉ. अमलेन्दु यादव ने बताया कि बम विस्फोट परिदृश्य का अनुकरण करने वाला एक सामूहिक दुर्घटना मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इसमें करीब 15-20 गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को शामिल किया गया । इसमें सामान्य चिकित्सा, सामान्य सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोसर्जरी, बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी, क्रिटिकल केयर मेडिसिन, रेडियोडायग्नोसिस, सीटी, एमआरआई, सहित आपातकालीन इमेजिंग को शामिल किया गया। ड्रिल को न केवल तैयारी का आकलन करने के लिए बल्कि सिस्टम की खामियों की पहचान करने के लिए भी डिजाइन किया गया था।






## ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकी हमले में सुहाग खोने वाली बहनों को न्याय दिलाया: रेखा

*टीम एक्शन इंडिया*
*नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम में आतंकी हमले सुहाग खोने वाली बहनों न्याय दिलाया है। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वे सेनाओं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साधुवाद करती है कि उनकी निर्णायक शक्ति ने देश के 140 करोड़ भारतीयों को सम्मान दिलाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफल के बाद आज भारत में एक संतोष की अनुभूति महसूस की जा रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर कोई भारत को किसी भी तरह से छेड़ने की कोशिश करेगा तो हमारी सेनाएं और सरकार उसको छोड़ेगी नहीं। उन्होंने कहा कि किसी माथे का सिंदूर ना मिटने देंगे, मिटाया तो घर में घुस के मार देंगे। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में मारे गए बेगुनाह 26 लोगों को श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने ये कार्रवाई की है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। इस ऑपरेशन को ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न नाम दिया गया है। भारतीय बलों ने उन आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया है, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया था।*

### यह मॉक ड्रिल सिर्फ एक तैयारी का हिस्सा है, घबराएं नहीं: गुप्ता



सुधारात्मक और निवारक कार्रवाई को शामिल करते हुए एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की जा रही है। सफदरजंग अस्पताल में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि वे किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार और सुसज्जित हैं। आपदा प्रबंधन समिति व्यापक प्रोटोकॉल और संसाधनों के साथ आपातकालीन स्थितियों सेनिपटने के लिए तैयार है। फोर्टिस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. प्रवीण गुप्ता ने कहा कि यह मॉक ड्रिल सिर्फ एक तैयारी का हिस्सा है। लोगों को इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

# विस अध्यक्ष ने आयुष्मान कार्ड वितरित किए



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को रोहिणी क्षेत्र में आयोजित आयुष्मान भारत शिविर का दौरा किया। विजेंद्र गुप्ता ने शिविर में लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। यह शिविर रोहिणी के सेक्टर 9 और 13 में आयोजित किया गया। इस मौके पर विजेंद्र गुप्ता ने घोषणा की कि अब रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में ऐसे आयुष्मान शिविर रोजाना लगाए जाएंगे, जिससे निरंतर और बिना किसी सीमा के आयुष्मान कार्ड जारी किए जा सकें। गुप्ता ने यह भी बताया कि अब रोहिणी के बुजुर्ग नागरिक आयुष्मान भारत के आधिकारिक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। कार्ड जारी होने के तुरंत बाद यह सक्रिय हो जाता है, जिससे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक निजी अस्पतालों में भी इलाज करा सकते हैं। इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, ने भाग लिया और मौके पर ही आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन कर कार्ड प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि यह पहल समावेशी स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक सार्थक कदम है।

# उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में कपिल मिश्रा की याचिका पर सुनवाई अब 26 मई को

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में दिल्ली के कानूनमंत्री कपिल मिश्रा की मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से जांच के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी। स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 26 मई को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को सूचित किया गया कि इस मामले के दो पक्षकारों को समन की प्रति तामील नहीं हो सकी, क्योंकि उनके पते अधूरे थे। उसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 26 मई को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने इस मामले में जांच करने के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर लगी रोक को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। इसके पहले सेशंस कोर्ट ने 9 अप्रैल को मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए मजिस्ट्रेट कोर्ट के याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया था। सेशंस कोर्ट में कपिल मिश्रा और दिल्ली पुलिस ने याचिका दायर किया है।




राऊज एवेन्यू कोर्ट के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दिल्ली दंगों में शामिल होने के मामले में कपिल मिश्रा के खिलाफ जांच करने का आदेश दिया था। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने ये आदेश दिया था। इसके पहले कड़कड़डूमा कोर्ट ने भी कपिल मिश्रा के मामले में लापरवाही बरतने पर ज्योति नगर थाने के एसएचओ पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कहा था कि कपिल मिश्रा के खिलाफ संज्ञेय आरोप हैं और इसकी जांच होनी चाहिए। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को इस मामले की जांच करने का आदेश दिया था।

**सुनवाई टली**

दिल्ली के कानूनमंत्री कपिल मिश्रा की मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से जांच के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी।

## नाबालिग को आरोपितों ने मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में एक 17 वर्षीय नाबालिग को दो युवकों ने गोली मार दी। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। वहीं पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि यह वारदात बदले की भावना से किया गया। क्योंकि आरोपी अपने दो दोस्तों की हत्या के लिए इस घायल नाबालिग को जिम्मेदार मानते थे। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर दो नाबालिग को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक 6 मई की रात करीब 11 बजे घटना की सूचना मिली। घटना के वक्त नाबालिग अपनी स्कूटी से रात करीब 8:30 बजे रानी गार्डन में अपनी मौसी से मिलने गया था।

# भोजपुरी को दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही की अधिकृत भाषा घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से भोजपुरी को दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही की अधिकृत भाषा घोषित करने की मांग भोजपुरी समाज दिल्ली ने की हैं। भोजपुरी समाज दिल्ली के अध्यक्ष अजीत दुबे इस संबंध में मंगलवार को एक पत्र विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर उन्हें दिया। अजीत दुबे ने बुधवार को हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पूर्वांचल समाज की आबादी लगभग 28-30 फीसद है, जिसमें भोजपुरी भाषी लोगों की संख्या सर्वाधिक है। वर्ष 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की सरकार ने मैथिली-



भोजपुरी अकादमी की स्थापना कर इन भाषाओं को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि भोजपुरी भाषा को विधानसभा की कार्यवाही की अधिकृत भाषा के रूप में मान्यता करने से दिल्ली के भोजपुरी भाषी समुदाय को सम्मान देने के साथ-साथ भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देगा। अजीत दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में हाल ही में हिंदी और अंग्रेजी के अतिरिक्त भोजपुरी, बुंदेलखंडी, अवधी और ब्रज भाषाओं में भी विधानसभा में संबोधन की अनुमति दी गई। प्रधानमंत्री मोदी की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए भाजपा सरकारें स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कदम उठा रही हैं।

**मांग**

दल्ली विधानसभा की कार्यवाही की अधिकृत भाषा घोषित करने की मांग भोजपुरी समाज दिल्ली ने की है

## भारत ने पहलगाम नरसंहार का ले लिया बदला भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत ने बाईस अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मंगलवार देरात पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। भारतीय वायुसेना ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में स्ट्राइक की। भारतीय जनता पार्टी ने आज ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि भारत ने पहलगाम का बदला ले लिया है।भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पहलगाम पर भारत का पैगाम- छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भारत की आत्मा पर हमला करने वालो को कड़ी सजा मिलेगी। भारत आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेकने में सक्षम भी है और संकल्प बद्ध भी है। मिटा देंगे आतंकवाद का नासूर ऑपरेशन सिंदूर केंद्रीयमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय सेना ने पाक के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया।

# बाल्यान ने मकोका मामले में दिल्ली हाई कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

**चार्जशीट**

पेश वकील ने हाई कोर्ट से कहा कि इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान ने मकोका के मामले में दायर जमानत याचिका दिल्ली हाई कोर्ट से वापस ले ली है। नरेश बाल्यान की ओर से पेश वकील ने हाई कोर्ट से कहा कि इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है, इसलिए वे जमानत याचिका वापस ले रहे हैं। उसके बाद हाई कोर्ट ने जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। इस मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 5 मई को दिल्ली पुलिस की ओर से नरेश बाल्यान समेत पांच आरोपितों के खिलाफ दाखिल पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने नरेश बाल्यान की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि बाल्यान के खिलाफ मकोका का मामला बनता है। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अमित प्रसाद ने मकोका के प्रावधान को पढ़ते हुए कहा था कि अगर कोई व्यक्ति किसी भी तरह से अपराध में मदद करता है तो वो मकोका के दायरे में आएगा। अमित प्रसाद ने कहा था कि चार्जशीट में गिरोह का जिक्र किया गया है, इसमें केवल एक व्यक्ति की भूमिका की बात नहीं है।
2019 में दर्ज एफआईआर में चश्मदीद गवाह की 2024 में हत्या कर दी गई। इससे आरोपित की सांठ-गांठ का पता चलता है।

# आरोपित ने चार के ऊपर किया जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के राम नगर इलाके में मंगलवार दोपहर एक सुनार ने अपनी दुकान में पत्नी, सालों व उनके ड्राइवर पर फरसे से जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि पत्नी को जान से मारने की धमकी देने पर महिला के घर वाले आरोपित से बातचीत करने आए थे। मगर उसने गुस्से में आकर फरसा निकालकर चार लोगों को बुरी तरह जख्मी कर दिया। बीच-बचाव करने में आरोपित के पिता भी घायल हो गए। फिलहाल मानसरोवर पार्क थाना पुलिस ने महिला के बयान पर आरोपित के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।
पुलिस के मुताबिक, 33 वर्षीय सोनम वर्मा शाहदरा के राम नगर में रहती हैं। 30 नवंबर 2012 को उनकी शादी यहां रहने वाले अमन वर्मा से हुई थी। दंपति के दो बेटे हैं। अमन इसी घर के ग्राउंड फ्लोर पर सुनार की दुकान चलाते हैं। सोनम का आरोप है कि शादी के बाद से ही अमन दहेज को लेकर सोनम के साथ मारपीट करने लगा था। सास, ससुर और देवर भी उसका साथ देते थे। लोक-लाज के कारण सोनम ने पुलिस में शिकायत नहीं की थी। हालांकि, कुछ दिन पहले सोनम ने अपने घरवालों को इस सबके बारे में बता दिया था। क्योंकि अब अमन लगातार सोनम को जान से मारने की धमकी दे रहा था। दहेज प्रताड़ना के बारे में पूछा तो सोनम ने अपने भाई को अपने साथ हो रही ज्यादती और दहेज प्रताड़ना के बारें में बता दिया। इसके चलते मंगलवार दोपहर को सोनम के दो भाई राहुल, पिंकल, मां मीना वर्मा, ताई लज्जा वर्मा सोनम के घर आ गए थे। उनके साथ ड्राइवर मोहित शर्मा भी था। अमन ने सभी को अपनी दुकान में बुला लिया। वह लोग सोनम के साथ मारपीट करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के बारे में पूछने लगे तो वह आग बबूला हो गया। वह बाहर से फरसा लेकर आया और राहुल की गर्दन व पेट पर हमला कर दिया। इसके बाद उसने पिंकल और सोनम पर भी वार किया। इससे दोनों के हाथ में चोट आई। मोहित पर भी हमला किया। बीच-बचाव में सोनम के ससुर भी घायल हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घायलों का मेडिकल हुआ। मौके पर क्राइम व एफएसएल टीम को बुलाया गया। सोनम के बयान पर पुलिस ने अमन के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## पहले थप्पड़ मारा फिर घर जाकर चला दी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के ज्योति नगर इलाके में दो दोस्तों के बीच बहस होने के बाद दोस्त के साथ आए युवक ने बीच में आकर पहले युवक को थप्पड़ जड़ दिया। उस समय तो किसी तरह मामला शांत हो गया। मगर कुछ देर बाद थप्पड़ मारने वाले युवक ने पीड़ित युवक के घर के बाहर जाकर गोली चला दी। पुलिस ने पीड़ित अमित के बयान पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित अमित कुमार (28) कर्दमपुरी इलाके में रहते हैं। सोमवार देर रात वह दोस्त साहिल से मिलने पास की पार्किंग में गए थे। जहां साहिल के साथ वेलकम में रहने वाला जीशान भी आया हुआ था। साहिल और अमित के बीच बहसबाजी हो गई। इस पर जीशान ने अमित को थप्पड़ मार दिया।



# मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे अलग-अलग हलकों के विधायक

**विकास पर बल**

**विकास कार्यों और हल्के के प्रोजेक्ट्स को लेकर किया संवाद, एक समान विकास कार्य करवा रही सरकार**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की ट्रिपल इंजन सरकार बिना भेदभाव के हर विधानसभा क्षेत्र में तिगुनी रफ्तार से विकास कार्य करवा रही है, और पूरे हरियाणा का एक समान विकास पहले की तरह ही जारी रहेगा। इसके अलावा, विधायक के अनुमोदित कार्यों पर गहनता से विचार करते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को देर सायं उनके आवास संत कबीर कुटीर पर प्रदेश के अलग- अलग हलकों से आए विधायकों से मुलाकात कर रहे थे। इस दौरान 40 विधायक मौजूद रहे। इस दौरान विधायकों ने अपने अपने हल्के के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से विस्तार से चर्चा की। चर्चा के दौरान विधायकों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने हलकों में नए प्रॉजेक्ट्स दिए जाने का भी आग्रह किया। साथ ही, पुराने प्रोजेक्ट्स और घोषणाओं के संबंध में वर्तमान स्थिति के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रत्येक नागरिक को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विधायकों से आग्रह किया कि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। जन प्रतिनिधियों के रूप में आपकी यह जिम्मेदारी है कि आप सरकार और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनें और सुनिश्चित करें कि हर पात्र लाभार्थी इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति के विकास की विचारधारा को लेकर हमारी सरकार काम कर रही है और अंत्योदय के कल्याण के इसी ध्येय के साथ हमारी सरकार आगे भी काम करती रहेगी। इस दौरान कई विधायकों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के समक्ष उनके हल्के में जनसभा करने का न्यौता भी दिया, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में इस पर विचार किया जाएगा।

**हरियाणा में चतुर्थ और तृतीय श्रेणी पदों की सी ई टी के लिए जल्दी खोली जाएगी पोर्टल**

पिछले साल चतुर्थ श्रेणी पदों की भर्ती में बाकी रह गए 4246 पदों को भरने की अब तैयारी की जा रही है। साथ ही तृतीय श्रेणी के 1281 विज्ञापित पदों को वापस लेकर युवाओं से दोबारा आवेदन मांगे जाएंगे।

तृतीय और चतुर्थ श्रेणी पदों की सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के रजिस्ट्रेशन के लिए अब हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) की ओर से किसी भी समय पोर्टल खोला जा सकता है।

# भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कैथल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल :** भारतीय मानक ब्यूरो (इक्र), हरियाणा शाखा कार्यालय द्वारा जिला सचिवालय, कैथल में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के अधिकारियों, विशेषकर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा खाद्य सुरक्षा विभाग से जुड़े कार्मिकों को मानकों एवं गुणवत्ता की महत्ता के प्रति जागरूक करना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं में उनके प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम का सफल मार्गदर्शन सुश्री प्रीति, आईएएस, उपायुक्त, कैथल द्वारा प्रदान किया गया, जिनके नेतृत्व एवं सहयोग से यह आयोजन प्रभावशाली ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री दीपक बाबूलाल करवा, आईएएस, अतिरिक्त उपायुक्त, कैथल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सेवाओं की गुणवत्ता सुधार हेतु जमीनी स्तर पर मानकीकरण को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँच सके। कार्यक्रम का प्रारंभ सुश्री आरती चौधरी, मानक संवर्धन अधिकारी, इक्र हरियाणा शाखा कार्यालय द्वारा स्वागत भाषण एवं परिचयात्मक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने चर्चा के प्रमुख विषयों को रेखांकित किया। तकनीकी सत्र का संचालन श्रीमती नविता यादव, वैज्ञानिक-ई एवं निदेशक, इक्र हरियाणा शाखा कार्यालय द्वारा किया गया। उन्होंने निम्नलिखित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दीः

1. भारत में इक्र की कार्यप्रणाली एवं भूमिका
2. महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े मानक, जैसे झ आंगनवाड़ी केंद्रों एवं शिशु देखभाल केंद्रों हेतु सुरक्षा एवं स्वच्छता मानक
3. खाद्य सुरक्षा से संबंधित अनिवार्य मानक तथा इनका सरकारी पोषण योजनाओं एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनुप्रयोग।

## न्यूज फ्लैश

### स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने पलवल में जन शिकायतें सुनीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार ग्राम पंचायतों में विकास के लिए एचआरडीएफ के तहत टाइड और अनटाइड का अगामी फंड पिछले फंड के लेखा-जोखा होने के बाद ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसलिए अधिकारी अगली बैठक में ग्राम पंचायतों में अब तक खर्च की गई धनराशि का पूरा ब्यौरा अवश्य लेकर आएं। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव ने बुधवार को पलवल स्थित जिला सचिवालय में जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने एजेंडे में शामिल कुल 11 शिकायतों की सुनवाई की तथा 7 का मौके पर ही समाधान करवाया। बैठक में गांव मीठाका के ग्राम पंचायत समिति सदस्य साकिर द्वारा आंगनबाड़ी भवन के अधूरे कार्य को पूरा करवाने संबंधी की गई शिकायत पर कार्यकारी अभियंता ने बताया कि यह कार्य शुरू हो चुका है तथा मई माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा, ग्राम पंचायत कुशक निवासी प्रियंका की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री आरती सिंह राव ने होडल विधायक हरेंद्र सिंह को दोनों पक्षों को आपसी सामंजस्य से मामला निपटाने की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान विधायक सहित परिवाद समिति के सदस्यों ने भी कई मुद्दे उठाए, जिसके लिए स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर होडल विधायक हरेंद्र सिंह, हथीन विधायक मोहम्मद इसराइल, भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने पलवल में जन शिकायतें सुनीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार ग्राम पंचायतों में विकास के लिए एचआरडीएफ के तहत टाइड और अनटाइड का अगामी फंड पिछले फंड के लेखा-जोखा होने के बाद ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसलिए अधिकारी अगली बैठक में ग्राम पंचायतों में अब तक खर्च की गई धनराशि का पूरा ब्यौरा अवश्य लेकर आएं। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव ने बुधवार को पलवल स्थित जिला सचिवालय में जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने एजेंडे में शामिल कुल 11 शिकायतों की सुनवाई की तथा 7 का मौके पर ही समाधान करवाया। बैठक में गांव मीठाका के ग्राम पंचायत समिति सदस्य साकिर द्वारा आंगनबाड़ी भवन के अधूरे कार्य को पूरा करवाने संबंधी की गई शिकायत पर कार्यकारी अभियंता ने बताया कि यह कार्य शुरू हो चुका है तथा मई माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा, ग्राम पंचायत कुशक निवासी प्रियंका की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री आरती सिंह राव ने होडल विधायक हरेंद्र सिंह को दोनों पक्षों को आपसी सामंजस्य से मामला निपटाने की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान विधायक सहित परिवाद समिति के सदस्यों ने भी कई मुद्दे उठाए, जिसके लिए स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर होडल विधायक श्री हरेंद्र सिंह, हथीन विधायक श्री मोहम्मद इसराइल, भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### आयोग नहीं देता किसी भी निजी कोचिंग संस्थान को मान्यता: भूपेंद्र चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य भूपेंद्र चौहान ने आज जानकारी देते हुए बताया कि आयोग किसी भी कोचिंग संस्थान को मान्यता नहीं देता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनके संज्ञान में यह आया है कि कुछ निजी कोचिंग संस्थान, आयोग के नाम का अनुचित उपयोग कर अभ्यर्थियों को गुमराह कर रहे हैं। इस पर स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कोई भी संस्थान न तो आयोग से मान्यता प्राप्त हैं और न ही किसी प्रकार से आयोग से संबंधित हैं। भूपेंद्र चौहान ने कहा कि यदि कोई कोचिंग संस्थान आयोग के नाम का दुरुपयोग करता है या अभ्यर्थियों को भ्रमित करता है, तो यह कानूनी रूप से गलत है और ऐसा करने पर आयोग हर जरूरी कानूनी विकल्प पर गौर करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोचिंग संस्थानों को अभ्यर्थियों को गुमराह करने से बचना चाहिए।

# पूरे देश को अपनी सेना पर गर्व हैः डॉ. अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज पूरा देश अपनी सेना पर गर्व करता है और ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत की ओर आंख उठाकर देखने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बुधवार को प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होते हुए डॉ. अरविंद शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत सरकार का यह संकल्प है कि आतंकवाद का समूल नाश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने साबित कर दिया है कि देश की आत्मा पर हमला करने वालों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बिहार रैली में स्पष्ट रूप से कहा था कि पहलगाम के दोषियों को ऐसी सजा दी जाएगी, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं और देश की 140 करोड़ जनता को उन पर पूर्ण विश्वास है। डॉ. शर्मा ने कहा कि आज पूरा देश एकजुट होकर प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है।

# 'वर्टिकल बागवानी की तरफ प्रोत्साहित करें अधिकारी'



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घटती कृषि-जोत को देखते हुए किसानों को "वर्टिकल बागवानी" की तरफ प्रोत्साहित करें , जिससे कम क्षेत्र में अधिक आमदनी हो सकेगी। राणा आज यहां "एकीकृत बागवानी विकास मिशन" के तहत गठित "हरियाणा राज्य बागवानी विकास एजेंसी" की जनरल बॉडी की द्वितीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण तथा बागवानी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ राजा शेखर वुंडरू, बागवानी विभाग के महा निदेशक रणबीर सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ अर्जुन सैनी के अलावा अन्य अधिकारी तथा एजेंसी के कई सदस्य उपस्थित थे।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में किसानों की कल्याणकारी सरकार है। मुख्यमंत्री की सोच है कि किसानों की आमदनी डबल हो , इस दिशा में प्रदेश सरकार सक्रियता से काम भी कर रही है।

उन्होंने कहा कि कृषि से बेरोजगारी दूर हो सकती है, बशर्ते यह लाभकारी हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इजरायल और जापान की तर्ज पर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से रूबरू करवाएं ताकि कम पानी में और कम रासायनिक खादों से कृषि की बेहतरीन उपज ली जा सके। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को आम बजट में बागवानी क्षेत्र के लिए तय किये गए बजट का पूर्ण रूप से सदुपयोग करने की सलाह दी और कहा कि इसके लिए लक्ष्य बना कर कार्य करें और उसको निर्धारित अवधि में पूरा करें। उन्होंने बागवानी के क्षेत्र में वृद्धि करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की सब्सिडी यथाशीघ्र उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित हो जानी चाहिए।

श्याम सिंह राणा को बैठक में अवगत करवाया गया कि राज्य में विभिन्न सब्जी और फलों के करीब 400 क्लस्टर चिन्हित किये गए हैं। जिनमें पैक हाउस के लिए किसनों व किसान समूहों को अनुदान दिया जाएगा।

# सेवा का अधिकार आयोग के प्रयासों से 5 हजार 192 परिवारों को मिली राहत

**आर्थिक सहायता**

**केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत ऐसे परिवारों को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के सतत प्रयासों के फलस्वरूप राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत पहले चरण में 5 हजार 192 पात्र परिवारों को सहायता राशि जारी की गई। केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत ऐसे परिवारों को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है, जिनके घर के कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो चुकी हो। आयोग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला आयोग के संज्ञान में आया और जांच में यह तथ्य सामने आए कि हरियाणा के 14 हजार 805 परिवार इस योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि के लिए दो वर्षों से अधिक समय से प्रतीक्षा कर रहे है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि वर्ष 2022 में इस योजना के तहत लाभ वितरण में देरी का प्रमुख कारण राज्य सरकार द्वारा केंद्र को भेजे गए प्रस्तावों में तकनीकी खामियाँ थीं, विशेष रूप से उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूजेबिलिटी सर्टिफिकेट्स) की गलत फॉर्मेटिंग। इसी कारण केंद्र सरकार समय पर धनराशि जारी नहीं कर सकी। आयोग ने इस गंभीर विषय को प्राथमिकता देते हुए भारत सरकार से सीधे पत्राचार किया। आयोग के हस्तक्षेप के चलते फरवरी 2025 में पहली किश्त के रूप में सहायता राशि वितरित की गई।

प्रवक्ता ने यह भी बताया कि आयोग शेष लाभार्थियों को भी सहायता राशि दिलवाने के लिए पूरे रूप से सक्रिय है।

# भारतीय डाक ने शुरू की 'ज्ञान पोस्ट' सेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** देशभर में ज्ञानवर्धक सामग्रियों के आसान और किफायती प्रसारण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय डाक ने 'ज्ञान पोस्ट' नामक एक नई सेवा की शुरूआत की है। यह सेवा विशेष रूप से शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक सामग्री को बहुत ही रियायती दरों पर भेजने के लिए डिजाइन की गई है। 'ज्ञान पोस्ट' सेवा भारतीय डाक की उस निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वह देश के हर कोने तक शिक्षा और जानकारी को पहुँचाने में सहायक बन रही है।

# वीर सैनिकों की कार्रवाई को नमनः कुमारी सैलजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है, ये हमला भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के बदले के रूप में लिया है। हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। आतंकवाद चाहे देश में पनपे या सीमा पार से भेजा जा उसका निर्मूलन राष्ट्रीय हित में आवश्यक और अनिवार्य है। इस लड़ाई में कोई समझौता नहीं हो सकता। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने भारतीय सेना के पराक्रम को नमन करते हुए कहा कि हर देशवासी को अपनी सेना पर गर्व है। पहलगाम हमले के बाद ही कांग्रेस ने स्पष्ट कह दिया था कि देश की सुरक्षा से जुड़े हर निर्णायक कदम में हम सरकार और हमारी सेना के साथ मजबूती से खड़े हैं। हमारे वीर सैनिकों की यह कार्रवाई भारत की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह समय राजनीति से ऊपर उठने और राष्ट्रीय एकता का है। हम एकजुट है देश के साथ, सेना के साथ। कुमारी सैलजा ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि इस कठिन समय में एकता और संयम बनाए रखें। कुमारी सैलजा ने कहा है कि जिस तरह से भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है, उसे अंजाम तक पहुंचाना है हमें उम्मीद है कि भारत आगे भी बड़ी कार्रवाई करेगा।

**गर्व**

**सांसद कुमारी सैलजा ने भारतीय सेना के पराक्रम को नमन करते हुए कहा- सशस्त्र बलों पर गर्व है**

# शहरों और कस्बों में बेहतर होगा अंतरः एजेंसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के शहरों और कस्बों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बरसाती पानी की निकासी, पेयजल और सीवरेज जैसे अंतर-एजेंसी समन्वय से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए, जिला गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पंचकूला और हिसार के उपायुक्तों को छोड़कर, सभी उपायुक्त संबंधित विभागों और अधिकारियों की मासिक समन्वय बैठकों के लिए एजेंडा तैयार करेंगे। संबंधित उपायुक्तों द्वारा ऐसी बैठकों का एजेंडा और मिनट्स डीएमसी के परामर्श से तैयार किया जाएगा तथा जिले के प्रभारी प्रशासनिक सचिव के दौरे के समय उनके समक्ष रखा जाएगा।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि महानगर विकास प्राधिकरणों (गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण, फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण,सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण, पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण, और हिसार महानगर विकास प्राधिकरण) वाले शहरों में सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों की नियमित मासिक समन्वय बैठक होगी।

जीएमडीए, एफएमडीए और एसएमडीए की ऐसी मासिक बैठकें प्रधान सलाहकार, शहरी विकास की अध्यक्षता में होंगी। पीएमडीए की मासिक बैठकें नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जबकि एचएमडीए की मासिक बैठकें प्रभारी प्रशासनिक सचिव, हिसार की अध्यक्षता में आयोजित की जाएंगी। बैठकों का एजेंडा और मिनट्स सम्बन्धित महानगर विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों द्वारा तैयार किया जाएगा और महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में रखा जाएगासरकार ने यह निर्णय 17 मार्च, 2025 को जारी निर्देशों की निरंतरता में लिया है। उन निर्देशों में कहा गया था कि प्रदेश के कस्बों और शहरों में एजेंसियों की बहुलता और समन्वय सम्बन्धी मुद्दों पर विचार करते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि जिला प्रशासन, नगर निगम, महानगर विकास प्राधिकरण और शहरी विकास प्राधिकरण में से किसी एक में तैनात सबसे वरिष्ठ अधिकारी समग्र समन्वय अधिकारी होगा। वह सीवरेज जैसे अंतर-एजेंसी समन्वय से जुड़े मुद्दों के लिए उस शहर में तैनात विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों की समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता भी करेगा।

# हरियाणा में मेगा सिविल डिफेंस ड्रिल का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने आज पंचकूला में स्थापित कंट्रोल रूम से ऑपरेशन अभ्यास के तहत प्रदेश में आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल की मॉनिटरिंग की। इस दौरान उन्होंने डायल 112 पर आने वाली फोन कॉल्स के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह मॉक ड्रिल आपातकालीन स्थिति के लिए खुद को तैयार करने के लिए है। किसी भी नागरिक को घबराने या चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर दी जा रही सूचनाओं का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए खुद को तैयार रखें। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में मॉक ड्रिल की गई है और कंट्रोल रूम से पूरे प्रदेश की लाइव फीड पर नजर रखी जा रही है। कई जगहों पर मॉल्स में मॉक ड्रिल की गई है, तो कई जगहों पर जिला सचिवालयों में यह अभ्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सभी जिलों में चल रहा एक व्यापक अभ्यास है। उन्होंने आपदा की तैयारियों को बढ़ाने और आपात स्थिति के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में इस तरह की मॉक ड्रिल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए हैं कि आज पूरे राज्य में की गई मॉक ड्रिल को हर साल 7 मई को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा ताकि 3 पी - तैयारी, सावधानी और कोई घबराहट नहीं - सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. मिश्रा ने लोगों से जिला प्रशासन द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करने की अपील की।

# भाखड़ा का पूरा पानी नहीं मिला तो पंजाब के सारे रास्ते रोकेंगेः रामपाल



**विरोध**

**बीबीएमबी पर ताला जडने के विरोध में इनेलो पार्टी ने सडकों पर उतर कर जोरदार धरना प्रदर्शन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** बुधवार को लगातार तीसरे दिन पंजाब द्वारा भाखड़ा के पानी का पूरा हिस्सा न देने और गैरकानूनी ढंग से बीबीएमबी पर ताला जडने के विरोध में इनेलो पार्टी ने सडकों पर उतर कर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान इनेलो के कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए मटके फोड़े और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के पुतले जलाए। खास बात यह भी रही कि सभी जिलों में महिलाएं भारी तादाद में मौजूद रही। गुरुग्राम जोन के 7 जिलों रोहतक में प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, सोनीपत में प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, गुरूग्राम में विधायक अदित्य देवीलाल, झज्जर में महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला, मेवात में पूर्व विधायक रणबीर मंदोला, रेवाड़ी में डॉ राजपाल यादव और पलवल में महेंद्र चौहान की अगुवाई में प्रदर्शन किया और सभी उपायुक्तों को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे। इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली, हरियाणा और पंजाब से आप पार्टी का जनाधार पूरी तरह से खत्म चुका है। आप पार्टी के नेताओं की बुद्धि भ्रष्ट हो चुकी है जिसके कारण हरियाणा को पानी न देने जैसी घटिया और गिरी हुई हरकत की है। भाखड़ा का पानी न मिलने से हरियाणा के हजारों गांवों में पानी के लिए हाहाकार मच गया है। इनेलो पार्टी केंद्र सरकार से मांग करती है कि पंजाब में तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। बीबीएमबी के फैसले के अनुसार हरियाणा को उसके हक का पानी दिया जाए ताकि प्रदेश में सिंचाई व पेयजल के लिए पानी की कमी न रहे। माजरा ने कहा कि अगर जल्दी ही भाखड़ा का पूरा पानी नहीं मिला तो पंजाब के सारे रास्ते रोकेंगे। इनेलो के प्रधान महासचिव प्रकाश भारती ने कहा कि आप पार्टी नकारात्मक सोच की पार्टी है। लोगों को प्यासा मार कर राजनीतिक रोटियां सेंकने वाली ओछी राजनीति ने ही आप पार्टी का अंत किया है इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल चौटाला ने कहा कि हरियाणा में भाखड़ा का पानी न मिलने में आप पार्टी के साथ साथ भाजपा सरकार भी पूर्ण रूप से जिम्मेदार है।

हरियाणा में जल संकट है और मुख्यमंत्री ने आज तक कोई ऐसा कठोर कदम नहीं उठाया है जिससे कि पंजाब सरकार पूरा पानी देने को मजबूर हो जाए। पानी के मूल मुद्दे पर नायब सैनी सरकार ने पंजाब के समक्ष घुटने टेक दिए हैं। सुनैना चौटाला ने कहा कि आज हरियाणा गंभीर पानी संकट से जूझ रहा है।

# गृह रक्षी विभाग द्वारा एसपी ऑफिस के प्रागंण में की गई मॉकड्रिल

**मॉकड्रिल**

**डीएसपी रजत गुलिया के नेतृत्व में गृह रक्षी विभाग द्वारा एसपी ऑफिस के प्रागंण में मॉकड्रिल की गई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के दिशानिर्देशानुसार सांय 4 बजे सायरन बजते ही गृह रक्षी विभाग की टीम व पुलिस विभाग की टीम के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित विभागों द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। डीएसपी रजत गुलिया के नेतृत्व में गृह रक्षी विभाग द्वारा एसपी ऑफिस के प्रागंण में मॉकड्रिल की गई।



इस मौके पर गृह रक्षी विभाग के एसआई कपिल शर्मा ने मॉकड्रिल के तहत यदि किसी भवन में आग लग जाती है और उस स्थिति में वहां पर रह रहे व्यक्तियों का रैस्क्यू कैसे किया जाए, जो हमारे पास उस सामान उपलब्ध होता है उसकी सहायता से घायल व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा देते हुए कैसे सुरक्षित स्थान पर कैम्प या अस्पताल पहुंचाया जा सकें, उस पूरी गतिविधि को यहां पर मॉकड्रिल के माध्यम से दशार्या गया। उन्होंनें कहा कि ऐसी स्थिति में घबराना नहीं चाहिए बल्कि साहस, सयंम और सतर्कता का परिचय देते हुए आपात कालीन स्थिति से निपटना चाहिए। उन्होंने इस दौरान घायल व्यक्ति को सीपीआर, प्राथमिक चिकित्सा व एक चादर के माध्यम से स्ट्रैक्चर का रूप देकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के कार्य को दशार्या। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी भवन में आग लग जाती है या भवन क्षतिग्रस्त हो जाता है तो उस समय हमें सबसे पहले मैन स्वींच को बंद कर देना चाहिए, यदि तारें आपस में एक साथ जुड़ी हुई है तो उसे लकड़ी के डंडे के माध्यम से हटाना चाहिए, ताकि अन्य कोई करंट की चपेट में न आ सकें।

इसके अलावा मॉकड्रिल के तहत एडीसी कार्यालय के पास, नगर निगम कार्यालय अम्बाला शहर में, केन्द्रीय कारागार अम्बाला शहर में, गेंडामल धर्मशाला में, डीएवी कॉलेज अम्बाला शहर में, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सकै ण्डरी स्कूल पुलिस लाईन अम्बाला शहर में, रेलवे स्टेशन अम्बाला छावनी में, सायरन बजाने की गतिविधि को भी दशार्या गया। इस मौके पर सम्बधिंत क्षेत्र के एसडीएम व अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहें।

मॉकड्रिल के तहत अम्बाला शहर नागरिक अस्पताल व अम्बाला छावनी नागरिक अस्पताल में भी मॉकड्रिल की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किसी भी आपदा से शिकार हुए मरीज को कैसे तुरन्त उपचार उपलब्ध करवाना है, इस पूरी गतिविधि को भी दशार्या गया, ताकि यदि कोई भी आपात स्थिति आती है तो तुरन्त उससे निपटा जा सकें। इस मौके पर एम्बूलेंस की व्यवस्था के साथ-साथ दवाईयों की उपलब्धता, स्टॉफ की भी मॉकड्रिल के तहत प्रशिक्षण दिया गया । सिविल सर्जन डॉ राकेश सहल ने बताया कि जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार दोनों नागरिक अस्पतालों में यह मॉकड्रिल की गई है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हमारे पास डॉक्टर, एम्बूलेंस की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं।

# गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर लाईन दबाने का काम धीमी गति से होने से लोग परेशान

**परेशानी**

**इसका कारण है कि मुख्य मार्ग होने के कारण प्रतिदिन काफी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

शहर के गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर की पाईप लाईन दबाने का काम धीमी गति से होने के कारण आवागमन करने में स्थानीय लोगों के अलावा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण है कि मुख्य मार्ग होने के कारण प्रतिदिन काफी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है। इसी मार्ग पर शहर की डीएवी स्कूल के अलावा, बिजली कार्यालय, गऊशाला व चुलकाना में बाबा श्याम के मंदिर में जाने के लिए यही सड़क मार्ग है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सीवर लाईन दबाने का कार्य शीघ्र करवाया जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालक सुरेन्द्र, सतबीर, महेन्द्र, सुरेन्द्र, विकास, सतबीर, नरेश ने बताया कि नगरपालिका द्वारा गढ़ी झंझारा रोड पर गंदे पानी की निकासी के लिए सीवर लाईन दबाने का काम करवाया जा रहा है। लेकिन यह काम कई महीने से चल रहा है। जिस कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि इस दौरान ठेकेदार द्वारा सड़क मार्ग को बिल्कुल ही बंद कर दिया जाता है। जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि सीवर लाईन दबाने का कार्य उनके लिए बेहद ही परेशानी का कारण बना हुआ है। उन्होंने बताया कि स्कूल के वाहनों को भी दूसरे रास्तों से होकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज के पास भी कई दिन से सीवर लाईन का सड़क क्रासिंग के काम को उखाड़कर रास्ते को बंद करके छोड़ दिया है। ऐसे में लोग नगरपालिका अधिकारियों को कोस रहे है कि इस तरफ नगरपालिका के अधिकारियों का कोई ध्यान नही है, सीवर लाईन के काम करने के दौरान वे मौका निरीक्षण नही करते, जिस कारण ठेकेदार की कार्य करवाने के दौरान मनमानी चल रही है।

सीवर दबाने के दौरान कल तो जेसीबी चली है : जेई

- नगरपालिका के जेई अरविन्द ने बताया कि कल तो सीवर लाईन दबाने के काम के चलते वहा जेसीबी चली है। अगर रास्ता बंद पड़ा है तो वे अभी बात करते है।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व वाधवानी फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने वाधवानी फाउंडेशन के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए उद्यमिता विकास पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस सहयोग के अंतर्गत विश्वविद्यालय के पाँच स्नातक (यूजी) बी.वॉक.-रिटेल और लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट, बी.टेक. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बी.टेक. कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बी.टेक. सिविल इंजीनियरिंग व बी.एससी. (ऑनर्स) साइकोलॉजी तथा सात स्नातकोत्तर (पीजी) मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए), एम.एससी. डेटा साइंस, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए), एम.टेक. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग,



एम.एससी. जियोइन्फॉर्मेटिक्स, मास्टर ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी व एम.ए. जनर्लिज्म एंड मास कम्युनिकेशन कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने देश के युवाओं में उद्यमिता की संस्कृति विकसित करने और नए स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस कार्य में उच्च शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने वाधवानी फाउंडेशन के साथ यह साझेदारी की है, ताकि विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाते हुए उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। यहां बता दें कि वाधवानी फाउंडेशन एक वैश्विक, गैर-लाभकारी संस्था है जो भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की स्मार्ट इंडिया हैकथॉन जैसी पहलों में ज्ञान साझेदार के रूप में कार्य कर रही है।

# ई रिक्शा पलटने से चालक की मौत, स्कूल के छात्रों को आई चोट

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

बेगा रोड पर मामन पेड़े वाले के पास अचानक ई रिक्शा के आगे कुत्ता आने से ई रिक्शा पलट गई। हादसे में ई रिक्शा चालक को गंभीर चोट आई और ई रिक्शा में बैठे छात्रों को मामूली चोट आई। आसपास के लोग उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों के ब्यान पर इतफाकिया मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। प्रापत जानकारी के अनुसार गांव खेड़ी तगा निवासी राजेश मंगलवार की सुबह अपने गांव से बच्चों को स्कूल में छोड़ने जा रहा था, जब वह बेगा रोड पर पेड़े वाले के पास पहुंचा तो अचानक सामने से कुत्ता आ गया और सन्तुलन बिगड़ने के कारण राजेश के सिर में चोट लग गई और बच्चों को मामुली चोट आई।

# खेडी गांव के सरपंच पर लगे आरोप सिद्ध, उपायुक्त ने किया निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

खेडी तगा गांव के सरपंच पर पंचायत फंड का दुरुपयोग करने और सरकारी योजनाओं से पात्र लोगों को वंचित रखने के आरोप में उपायुक्त ने उन्हें निलंबित कर दिया है। उपायुक्त सोनीपत के आदेश पर गठित जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में पुष्टि की है कि सरपंच द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया गया है। शिकायत के अनुसार, तीन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर आवंटित किए गए थे, लेकिन सरपंच द्वारा उन्हें अयोग्य बताकर उनके घर रद्द करने की धमकी दी गई। आरोप है कि सरपंच ने पंचायत चुनाव की रंजिश रखते हुए लाभार्थियों के मकान नहीं बनने दिए। जांच में यह भी सामने आया कि तीनों लाभार्थियों को नियमों के अनुसार योजना का लाभ मिलना चाहिए था, लेकिन सरपंच ने व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते उनके घर बनने से रोका। जांच कमेटी द्वारा किये गए निरीक्षण में पाया गया कि सरपंच ने न केवल पद का दुरुपयोग किया, बल्कि पंचायत कार्यों में भी अनियमितताएं बरतीं। सरपंच द्वारा रिकार्ड की अनुपलब्धता, कार्यों की स्वीकृति के बिना भुगतान और संबंधित अधिकारियों से संपर्क न करना भी रिपोर्ट में दशार्या गया। इस रिपोर्ट पर 8 अप्रैल 2025 को सरपंच को अंतिम रूप से जवाब प्रस्तुतं करने का अवसर दिया गया, जिसमें उन्होंने उपस्थित होकर जवाब दाखिल किया जो संतोषजनक नहीं पाए गए। इस पर उपायुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51(1) के अंतर्गत सरपंच को पद से हटाने के आदेश देते हुए, बहुमत वाले पंच को सरपंच का कार्यभार सौपने के आदेश दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनी म्यूजिक ने फिल्म भूल चूक माफ से गाना सांवरिया तेरा रिलीज किया

**नई दिल्ली।** कोई ना से दिल के तारों को छेड़ने और चोर बाजारी फिर से के जरिए इंटरनेट पर तहलका मचाने के बाद, फिल्म भूल चूक माफ के निमार्ताओं ने इस फिल्म का एक और गाना सांवरिया तेरा रिलीज किया है। धड़कते बीट्स से सजे और पैरों को थिरकाने की खूबी रखने वाला यह गाना, रंजन तिवारी यानी राजकुमार राव और तितली मिश्रा यानी वामिका गब्बी के बीच प्यार, आपसी छेड़खानी और डांस के रंग में पूरी तरह डूबा हुआ है। इस गाने में हर तरह का रंग और गजब की मस्ती है। इसे प्रतिभाशाली निर्देशक करण शर्मा ने निर्देशित किया है और दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स के तहत प्रोड्यूस किया है। राजकुमार राव और वामिका गब्बी के अभिनय से सजी यह फिल्म सभी जगह 9 मई 2025 को रिलीज होगी। सांवरिया तेरा गाना पूरी तरह से मस्ती और आनंद का गाना है जिसमें पुराने वक्त के जादू को नए तरीके से परदे पर पेश किया गया है और इसके बीट्स ऐसे हैं जो श्रोताओं को तुरंत ही थिरकने का मौका देते हैं। इस गाने को शानदार कंपोजर तनिष्क बागची ने कंपोज किया है और इसके शानदार बोल गीतकार इरशाद कामिल की कलम से निकले हैं। यह गाना सीधे दिल को छूता है। इस गाने में राघव चैतन्य, वरुण जैन, सुवर्णा तिवारी, प्रवेश मलिक और प्रियंका सरकार की आवाजें हैं। यह गाना डांस के लिए ऐंथम की तरह है। इस गाने के बारे में राजकुमार राव का कहना है, इस गाने सांवरिया तेरा में मुझे यह सबसे ज्यादा यह अच्छा लगा कई इसके बीट्स में प्यार को बहुत अच्छे से पेश किया गया है जो यह गाना सुनने वालों को भी पैर थिरकाने के लिए कहता है। यह एनर्जी से भरा है, शानदार है और आपकी प्लेलिस्ट में निश्चित ही होगा।

### हंगामा ओटीटी ने अपनी री-ब्रांडिंग और 2025 में रिलीज होने वाली 24 दिलचस्प सीरीज की घोषणा की

**नई दिल्ली।** हंगामा ओटीटी कॉन्टेन्ट देखने के आपके अनुभव को और भी रोचक और मजेदार बनाने जा रहा है। अपनी सफलता का जश्न मनाने के लिए 5 मई को लूमा हाउस, जुहू में खास तौर पर आयोजित कार्यक्रम में प्लैटफॉर्म ने अपनी री-ब्रांडिंग की भी घोषणा की। अब यह हंगामा से हंगामा ओटीटी के रूप में पहचाना जाएगा। इसी के साथ अपग्रेड किए गए हंगामा ओटीटी ऐप की घोषणा भी की गई जिसके जरिए दर्शकों को बेहतर और यूजर-फ्रेंडली तरीके से स्मार्ट टीवी और कनेक्टेड डिवाइस पर अपनी पसंदीदा सीरीज का लुत्फ लेने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम में हंगामा ओटीटी के 2025 में रिलीज होने वाले दमदार और शानदार कॉन्टेन्ट के बारे में भी जानकारी दी गई। 2025 में 24 ओरिजनल सीरीज की योजना है जिनमें दिलचस्प थ्रिलर, मनोरंजक ड्रामा, बोल्ड रोमांस और किसी तय जॉनर से अलग जाने वाले फॉर्मेट भी देखने को मिलेंगे। इस आयोजन में कई जाने-माने मेहमान शामिल हुए जिनमें मोनालिसा, अमृता खानविलकर, दिव्या अग्रवाल, टीना दत्ता, गुलकी जोशी, युक्ति कपूर, और आकांक्षा पुरी शामिल थीं। इन सभी ने अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। सितंबर 2024 में अहम सीरीज जैसे फ्लाइट अटेंडेंट, चेकमेट, पर्सनल ट्रेनर, रेड रूम, पिरामिड, पति पत्नी और पड़ोसन, हसरतें 2 और खदान जैसे प्रशंसकों की पसंदीदा सीरीज के साथ हंगामा ओटीटी ने देश भर में खासी धूम मचाई। अब हंगामा ओटीटी अपनी नई दिलचस्प सीरीज के साथ मनोरंजन को दोगुना करने जा रहा है। आने वाली इन सीरीज में मोना की मनोहर कहानियां, जुड़वां जाल, रोज गार्डन, चक्रव्यूह, बदमाश बेगम, ब्लाइंड गेम, बैलेंस शो, हंगामा होने दो, शादी की उस रात, तक्षिका, गर्ल स्कैम्स, रूम सर्विस, बॉलीवुड मर्डर, हसरतें सीजन 3 और रात्रि के यात्री सीजन शामिल हैं।

# नई अनाज मंडी में कृषि यंत्रों का हुआ भौतिक सत्यापन



**गन्नौर**

हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसे लेकर कृषि विभाग ने किसानों के लिए अनुदान पर खरीदे गए कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन कराने के लिए गन्नौर नई अनाजमंडी में कार्यक्रम आयोजित किया। खड कृषि अधिकारी डा. आनंद श्योराण ने बताया कि 6 मई को बेलिंग मशीन और हेरेक सहित 9 किसानों की मशीनों का सत्यापन किया गया था। आज 7 मई को 81 किसानों की सुपरसीडर मशीनों का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के बाद जिन किसानों के यंत्र सही पाए गए, उन्हें शेष 30 प्रतिशत अनुदान राशि जल्द ही उनके खातों में जमा कर दी जाएगी।

पहले सत्यापन के बाद 70 प्रतिशत अनुदान राशि पहले ही किसानों को प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर कृषि विषय विशेषज्ञ डा. राहुल सैनी, कृषि विकास अधिकारी डा. विनयकांत, दिनेश, सचिन, रोहित, अंकित, रोनी और जीएसटी निरीक्षक नरेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# अवकाश के दिन स्कूल खुला मिला तो होगी कार्रवाईः बीईओ

**बैठक**

**छात्रों को 7 मई को जंग वाले सायरन के प्रति जागरूक करे स्कूल संचालक**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

लल्हेड़ी रोड स्थित देवकुल शिक्षा सदन में मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह ने गन्नौर के प्राईवेट स्कूल संचालकों की बैठक ली। बैठक में सिंह ने सभी स्कूल संचालकों को आदेश दिए कि सभी प्राईवेट स्कूल संचालक राजकीय अवकाश पर अगर अपना स्कूल खेलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जो बच्चे स्कूल छोड़कर जाते है तो उन्हें स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र समय पर दे। कई बार बच्चा स्कूल नही आता और उसके परिजनों से फीस की मांग



की जाती है तो वह गलत है। ऐसा करने पर कार्रवाई होगी। बीईओ ने चेताया कि अगर बच्चा स्कूल बिना बताए स्कूल छोड़ देता है और स्कूल नही आता है तो उसका नाम स्कूल रिकार्ड से काट दे। इसके अलावा छात्रों को 7 मई को जंग वाले सायरन के प्रति जागरूक करे। इसका उद्देश्य लोगों को खतरे से अगाह करना और उन्हें समय रहते सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए तैयार करना है। सायरन की क्षमता ज्यादा होती है, यह दो से 5 किलो मीटर तक सुनाई देता है। इन सभी के बारे में छात्रों को अवगत करवाए। बीईओ ने सभी स्कूल संचालकों से आह्वन किया कि वे रेडक्रास डे पर अपने स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को इसके बारे में जागरूक करे। इस मौके पर प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी के अलावा प्रधानाचार्य अजय यादव, रविन्द्र धनखड़, अजय भुक्कर, जोगेन्द्र मलिक, रमेश पहल, समय सिंह, राजेन्द्र कौशिक, विजय कुमार के अलावा विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य मौजूद थे।

# आईएमटी खरखौदा में युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा /सोनीपत/सोमपाल सैनी**

बुधवार को आईएमटी खरखौदा में स्थित नीलगिरी कंपनी में युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई। ड्रिल का उद्देश्य आमजन को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित और सतर्क रहना सिखाना था। सायरन बजते ही आईएमटी के सभी कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। सभी ने दिशा-निर्देशों का पालन कराते हुए सभी की उपस्थिति सुनिश्चित की। प्राथमिक उपचार टीम ने घायलों की सहायता के तरीके बताए। सभी कर्मचारीयों व हाजरिन ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। यह मॉक ड्रिल सभी के लिए




उपयोगी रही। इससे आमजनों को आपात स्थिति में संयम और सहयोग का महत्व समझ में आया। इस प्रायोगिक अभ्यास के बारे में एसडीएम निर्मल नागर ने कहा कि आईएमटी में युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने हेतु मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह ड्रिल हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास रहा, जिससे हमें यह सीखने को मिला कि संकट की घड़ी में धैर्य, अनुशासन



और टीमवर्क कितना आवश्यक होता है। सभी कर्मचारीयों और हाजरीन ने पूर्ण संयम, सजगता और गंभीरता के साथ इस अभ्यास में भाग लिया। ऐसे अभ्यास हमें किसी भी आपदा से निपटने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करते हैं। इस अवसर पर खरखौदा एसीपी जीत सिंह बेनीवाल, नागरपालिका सचिव पंकज जून, बीडीपीओ आस्था गर्ग, तहसीलदार मनोज कुमार भी रहें।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 65 ठेकेदारों व मिस्त्री ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

शहर के मल्टीस्पेशिलेटी अस्पताल में मंगलवार को एसीसी सीमेंट द्वारा गोयल सीमेंट एंड स्टील के सहयोग से निशुल्क स्वास्थय जांच शिविर लगाया गया। डा. रोहित ने स्वास्थय की जांच की। शिविर में करीब 65 ठेकेदारों ने स्वास्थय जांच के बाद विभिन्न टेस्ट निशुल्क करवाए। अस्पताल के चिकित्सक डा. रोहित ने शिविर में आए ठेकेदार, मिस्त्री को जागरूक करते हुए कहा कि जिंदगी की भागदौड़ में सबसे जरूरी है कि वे अपने स्वास्थय का ध्यान रखे और समय



निकालकर सुबह की सैर जरूर करे। इससे आपका स्वास्थय बेहतर रहेगा। इसके अलावा खान- पान की चीजों का भी ध्यान रखे। सेल्स प्रमोटर विजय गोयल ने कहा कि कंपनी समय- समय पर ठेकेदार व मिस्त्री के स्वास्थय का ध्यान रखते हुए ऐसे शिविर समय- समय पर लगवाती रहती है। इसका ठेकेदारों को पूरा फायदा मिलता है।

आने वाले समय में ऐसे और भी शिविर लगाए जाएंगे। इस मौके पर कंपनी के तकनीकी हैड सौरभ अरोड़ा, सेल्स प्रमोटर विजय गोयल आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्या?

**पाकिस्तान** अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के अंदर 6-7 मई की रात भारतीय सेना की कार्रवाई पिछले सभी स्ट्राइक से अलग है। जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, पहलगाम हमला भारत की आत्मा पर हमला है और हम इसका माकूल जवाब देंगे, यह कार्रवाई उसी तरह की है। बहादुर भारतीय सैनिकों ने एक ही साथ नौ स्थानों पर 21 आतंकी ठिकानों को तबाह कर डाला है। इससे पूरा देश संतुष्ट है, उत्साह में है, यूं कहें कि राष्ट्र गौरव से भर उठा है। इस अवसर पर किसी भी भारतीय नागरिक की यह पहली प्रतिक्रिया हो सकती है। सवाल इसके बाद की स्थितियों पर है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के वक्तव्य को देखा जाना चाहिए, जिसमें वे कहते हैं कि ऐसा कर हमने अपने अधिकार का प्रयोग किया है। वे 25 अप्रैल के संयुक्त राष्ट्र संघ के उस संकल्प को याद करते हैं कि दुनिया से आतंकवाद की समाप्ति के लिए एकजुट और संकल्पबद्ध कार्रवाई की जरूरत है। इससे भी आगे मिसरी ने जो जानकारी दी, वह है कि हमारे देश के अंदर पहलगाम की तरह एक और आतंकी हमला होने वाला था। ऐसा हम अपने उच्चस्तरीय खुफिया सूत्रों के हवाले से कह रहे हैं। ऐसे हमले रोकने के लिए ये कार्रवाई अत्यंत आवश्यक थी। यानी दुश्मन हमला करे, उसके पहले ही उसकी रीढ़ तोड़ दी जाय। 6-7 मई की रात की कार्रवाई के बाद के सवाल का जिक्र करते समय हमें पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पर नजर डालनी चाहिए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हिफाजत कर सकता है लेकिन भारत रुक जाता है तो हम भी रुक जाएंगे। इससे तो लगता है कि भारत अपनी कार्रवाई को समाप्त घोषित कर दे, तो पाकिस्तान चुप बैठ जायेगा। इसके विपरीत, अन्य बयानों से ऐसा नहीं लगता। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईपीआर) के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बताया कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री के बयान के एक और हिस्से को देखा जाय तो वह भविष्य का संकेत करता है। भारत की ओर से जहां कहा गया कि हमले सिर्फ आतंकी ठिकानों पर ही हुए, वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का कहना है कि भारत ने अपनी हवाई सीमा से पाकिस्तान पर मिसाइल हमले किए। मिसाइलें नागरिक इलाकों पर गिरीं। पाकिस्तान जहां एक तरफ भारत के रुक जाने पर स्वयं के भी रुकने की बात करता हं, वहीं अपने कथित नागरिक ठिकानों पर हमले की जानकारी से वह दुनिया की सहानुभूति बटोरना चाहता है। हालांकि अभी कई देशों ने यह उम्मीद जताई है कि भारत की इस कार्रवाई के बाद स्थिति सामान्य रहेगी। ऐसे देशों में चीन भी शामिल है, जो भारत-पाकिस्तान, दोनों को अपना पड़ोसी बताकर संयम बरतने की उम्मीद करता है। फिलहाल भारत ने इस कार्रवाई को ह्यऑपे?शन सिंदूरह्ल नाम देकर और इसकी जानकारी सेना की दो वरिष्ठ महिला अधिकारियों से दिलाकर एक संदेश दिया है। संदेश साफ है कि पहलगाम में मां, बेटी, बहनों को जो आघात पहुंचा भारत ने उसे अपनी आत्मा पर आघात समझा। अब पाकिस्तान को समझना होगा कि यदि वह और आघात पहुंचाने की सोच रहा है तो और गंभीर खामियाजा भी वही भुगतेगा।

# ऑपरेशन सिंदूरः छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं, घर में घुसकर मारेंगे

दीपक कुमार त्यागी

> "7 मई की सुबह जब देशवासियों की आंखें नींद से खुली, तो देश व दुनिया की मीडिया व सोशल मीडिया के प्लेटफार्म भारत की शौर्य गाथा को बयान कर रहे थे, मीडिया के माध्यम से दुनिया को पता चला कि मां भारती के वीर सपूतों ने एक बार फिर से पाक व पीओके में एयर स्ट्राइक कर दी है, भारत के वीरों ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर जमकर के कहर बरपाने का कार्य कर दिखाया है। सूर्य उदय के साथ दिन ही देश व दुनिया में भारत की आतंकियों के खिलाफ की गयी बड़ी कार्रवाई "ऑपरेशन सिंदूर" की गूंज जमकर सुनाई दे रही है। मां भारती के वीर सपूतों की टोली ने 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम की "बैसरन घाटी" में पाकिस्तान के पिट्ठूओं आतंकियों के द्वारा पर्यटकों पर हमला करके की गयी कायराना हरकत का मूंह तोड़ जवाब देने का कार्य वीरता के साथ किया है"

6-7 मई 2025 की रात जब हम और आप अपने घरों में चैन की नींद सो रहे थे, तब मां भारती के वीर जांबाज सपूतों ने आतंकियों के आका पाकिस्तान की रातों की नींद हराम कर दी। भारतीय सेना के वीरों ने 6-7 मई 2025 की रात को 01.05 से 01.30 बजे तक पीओके व पाकिस्तान में लक्षित स्थलों पर बड़ी एयर स्ट्राइक करके आधी रात को पाक सेना के आला अधिकारियों व हुक्मरानों की नींद हराम कर दी। ऐसा करके मां भारती के वीर सपूतों ने 14 दिनों के बाद ही पुलवामा की "बैसरन घाटी" में किये गये पाकिस्तान के भाड़े के पिट्ठू आतंकियों के कायराना हमले का बदला लेते हुए दुनिया को कड़ा संदेश दे दिया कि भारत को "छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं, घर में घुसकर मारेंगे"।

7 मई की सुबह जब देशवासियों की आंखें नींद से खुली, तो देश व दुनिया की मीडिया व सोशल मीडिया के प्लेटफार्म भारत की शौर्य गाथा को बयान कर रहे थे, मीडिया के माध्यम से दुनिया को पता चला कि मां भारती के वीर सपूतों ने एक बार फिर से पाक व पीओके में एयर स्ट्राइक कर दी है, भारत के वीरों ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर जमकर के कहर बरपाने का कार्य कर दिखाया है। सूर्य उदय के साथ दिन ही देश व दुनिया में भारत की आतंकियों के खिलाफ की गयी बड़ी कार्रवाई "ऑपरेशन सिंदूर" की गूंज जमकर सुनाई दे रही है। मां भारती के वीर सपूतों की टोली ने 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम की "बैसरन घाटी" में पाकिस्तान के पिट्ठूओं आतंकियों के द्वारा पर्यटकों पर हमला करके की गयी कायराना हरकत का मूंह तोड़ जवाब देने का कार्य वीरता के साथ किया है। लेकिन भारत के वीर सपूतों की पाक परस्त आतंकवादियों के खिलाफ की गयी इस बहुत बड़ी कार्रवाई पर भारत सरकार की अधिकारिक मौहर लगना अभी भी बाकी था, इस ज्वलंत मसले पर पूरी दुनिया भारत सरकार के आधिकारिक रुख को देखना चाहती थी। पल-पल इंतजार के बाद आखिर वह घड़ी आ ही गयी, जब भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की ऑफीशियल प्रेस ब्रीफिंग होने की सूचना आयी। प्रेस ब्रीफिंग में भारत सरकार के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, भारतीय सेना की तरफ से कर्नल सोफिया कुरैशी व




वायुसेना की तरफ से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने आज सुबह 10.30 बजे भारत के जांबाजों के द्वारा पाक व पीओके में चुनिंदा आतंकवादियों के लक्षित एयर स्ट्राइक "ऑपरेशन सिंदूर" के वारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रेस ब्रीफिंग में सर्वप्रथम दशकों से चली आ रही पाकिस्तानी के द्वारा भारत में प्रायोजित आतंकवाद पर शार्ट फिल्म दिखाई गयी। उसके बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने ब्रिफिंग में एयर स्ट्राइक के वारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। "प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के द्वारा कही गई बातों का मूल सार यह है कि ह्लपहलगाम में हमला अत्यंत बर्बरतापूर्ण था, जिसमें पीड़ितों को बहुत नजदीक से सिर में गोली मारकर और उनके परिवार के सामने मारा गया, इस आतंकी घटना के पीड़ितों के माध्यम से आतंकियों के द्वारा मोदी सरकार को संदेश देने को कहा गया, यह हमला स्पष्ट रूप से कश्मीर में सामान्य स्थिति को कमजोर करने के उद्देश्य से व देश में दंगा फसाद करवाने के उद्देश्य से किया गया था। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि भारत सरकार ने यह जरूरी समझा कि पहलगाम हमले के साजिशकताओं और साजिशकताओं को न्याय के कटघरे में लाया जाए। लेकिन एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी पाकिस्तान की ओर से अपने क्षेत्र में चल रहे आतंकवादी ढांचे के खिलाफ कोई भी ठोस कदम धरातल पर नहीं उठाया गया। जिसके चलते ही भारत सरकार ने पाकिस्तान व पीओके में छिपकर बैठे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए "ऑपरेशन सिंदूर" के अंतर्गत लक्षित ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करने का कार्य करके दुश्मनों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने यह साफ कर दिया कि भारत के जांबाजों ने पीओके में की गयी 9 ठिकानों एयर स्ट्राइक में पहलगाम आतंकी हमले के साथ-साथ मुंबई हमले से लेकर के अन्य तमाम हमलों का हिसाब बराबर करने का कार्य किया है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एयर स्ट्राइक के वारे में विस्तार से बताते हुए देश व दुनिया को यह भी बताया कि आखिर भारतीय सेना ने पाकिस्तान व पीओके के 9 ठिकानों को ही निशाना क्यों बनाया है। उन्होंने बताया कि "ऑपरेशन सिंदूर" पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय देने के लिए चलाया गया, यह ऑपरेशन 6-7 मई 2025 की रात 1.05 से 1.30 बजे तक कुल 25 मिनट तक चला, जिसके माध्यम से आतंकियों के ट्रेनिंग सेंटर, लॉन्च पैड को भारतीय जांबाजों ने हमला करके तबाह करने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि हमने उन आतंकी ठिकानों पर भी हमला किया है, जहां कसाब, हेडली ने ट्रेनिंग ली थी। उन्होंने दुनिया को यह भी बताया की हमने पाकिस्तान ने किसी भी सैन्य या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया है। हमने एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाक व पीओके में फल-फूल रहे आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट किया है। यहां आपको बता दें कि आतंकवादियों की सुरक्षित पनाहगाह पीओके व पाकिस्तान में पाक हुक्मरानों की कृपा से आतंकवादियों की ट्रेनिंग के लिए पिछले कई दशकों में बड़े पैमाने पर इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है, जो निर्माण कार्य अब भी बेखौफ निरंतर जारी है।

"ऑपरेशन सिंदूर" के तहत भारतीय सशस्त्र बलों के द्वारा पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) व पाकिस्तान में बने बेहद अहम आतंकवादी ठिकानों का ध्वस्त किया गया है, भारत ने सबसे पहले सवाई नाला कैंप मुजफ्फराबाद जोकि एलओसी से लगभग 30 किमी दूर है और लश्कर तैयबा को ट्रेनिंग सेंटर है, उसको तबाह करने का कार्य किया, इस कैंप में ही 20 अक्तूबर 2024 सोनमर्ग, 24 अक्तूबर 2024 गुलमर्ग, 22 अप्रैल 2025 पहलगाम हमले के आतंकियों ने ट्रेनिंग ली थी। मुजफ्फराबाद स्थित सैयदना बिलाल कैंप, जैश ए मोहम्मद का स्टेजिंग एरिया है, यहां से आतंकियों को जंगल ट्रेनिंग और हथियार आदि मुहैया कराये जाते थे। गुलपुर कैंप, कोटली में लश्कर का बेस कैंप था, जो राजौरी और पुंछ में सक्रिय था, यही पर 20 अप्रैल 2023 पुंछ और 9 जून 2024 तीर्थयात्रियों को बस हमले के आतंकियों को ट्रेनिंग दी गयी थी। अब्बास कैंप कोटली में लश्कर की फिदायीन टीम तैयार होती थी, जिसको तबाह कर दिया गया है। बरनाला कैंप, यह एलओसी के निकट स्थित आतंकियों का एक महत्वपूर्ण लॉन्च पैड है, यहां से अकसर आतंकियों को भारत में घुसपैठ कराई जाती है। देश में कई आतंकी हमलों में शामिल आतंकी यही से निकले हैं। भारतीय जांबाजों ने पाकिस्तान के सियालकोट में स्थित सरजल कैंप पर भी एयर स्ट्राइक की है, इस कैंप से ट्रैंड किये गये आतंकियों ने ही मार्च 2025 में जम्मू और कश्मीर पुलिस के चार जवानों की हत्या की थी। महमूना जोया कैंप, सियालकोट यहां पर हिजबुल मुजाहिदीन का बहुत बड़ा कैंप था, जो कठुआ व जम्मू आदि क्षेत्र में आतंक फैलाने का एक महत्वपूर्ण कंट्रोल रूम था, पंजाब स्थित पठानकोट एयरबेस पर हमला का यहीं प्लान किया गया था।

## कविता

सिंदूर तो सिर्फ झांकी है
मेहंदी और हल्दी बाकी है"
**

सिर्फ सिंदूर से क्या होगा,
आग अभी सीने में बाकी है।
खून में जो लावा बहता है,
उसमें हल्दी की तासीर बाकी है।

फिर से हवाओं को रुख देना है,
इंकलाब की आंधी बाकी है।
धधकते शोलों में रंग भरना है,
अभी मेहंदी की सरगर्मी बाकी है।

रास्तों पर बिछी हैं दीवारें,
पर हमारे इरादों की ऊँचाई बाकी है।
सिर्फ झांकी दिखी है दुश्मन को,
हमारी असली अंगड़ाई बाकी है।

सिंदूर से कह दो धीरज रखे,
अभी हल्दी का रंग बाकी है।
हम जिंदा हैं तो यह दुनिया है,
हमारे खून में बगावत की रवानी बाकी है।

- डॉ सत्यवान

## आगाज अच्छा, बस अंजाम सदियों याद रहे..

**सुशील कुमार 'नवीन '**

**पहलगाम** हादसा हर किसी को झकझोरने वाला रहा है। आतंकियों द्वारा केवल हिंदुओं को टारगेट करना भारत के प्रत्येक हिन्दू की अस्मिता पर सीधी चोट से कम नहीं था। बांग्लादेश के बाद इस तरह से हिंदुओं को निशाना बनाना हर किसी को अखर रहा था। सरकार से भी पहले ही दिन से इस पर कड़ा एक्शन लेने की मांग लगातार उठाई गई। देशभर में प्रदर्शन भी हुए। सत्ता का गलियारा भी एकजुट दिखा। केंद्र सरकार भी इस मामले में शुरूआत से ही अपने रुख को स्पष्ट किए हुए थी। मंगलवार रात को आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त करने की कार्रवाई ने गुस्साए कलेजों को ठंडक देने का काम किया है। जवाबी कार्रवाई का आगाज अच्छा हुआ है, उम्मीद है अंजाम भी उम्मीदों से परे होगा। कुछ ऐसा हो कि सदियां याद रखें।

भारत शुरूआत से ही शांतिप्रिय देश रहा है। प्राचीन काल से ही अहिंसा परमो धर्म : को ध्येय वाक्य मानने वाले भारत को अहिंसा का पुजारी भी कहा जाता है। अहिंसा को हमने अपने जीवन में महत्वपूर्ण मूल्य के रूप में स्वीकार किया हुआ है। इतिहास गवाह है कि बल शक्ति ने सदैव अपने बल का दुरुपयोग कर अनैतिकता का बढ़ावा दिया है। पर भारत ने कभी भी किसी को दबाने या उस पर कब्जा करने की नीति नहीं रखी। प्राचीन भारत से आधुनिक भारत तक जब-जब भारत की अखंडता को प्रभावित करने का प्रयास किया है, भारत ने सदैव वसुधैवकुटुम्भकम् को आत्मसात करते हुए प्रत्येक मामले को शांति और सौहार्द के साथ निपटाने का प्रयास किया है। कहा भी जाता है कि महान व्यक्ति और धार्मिक परंपराएं सदा अहिंसा का पालन करते हैं। हां कई बार अहिंसा को कुछ लोग अलग अर्थ निकाल कर भारत को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते हैं। उनको जवाब ऐसे ही देना जरूरी हो जाता है। अहिंसा का सीधा सा भाव है दूसरों को शारीरिक या मानसिक नुकसान न पहुंचाना। हिन्दू धर्म में अहिंसा को जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा माना गया है। हम तो सुबह उठते ही सबसे पहले प्रार्थना करते हैं कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो। हर धार्मिक कार्यक्रम, स्कूल प्रार्थना समय इसे दोहराकर अपने मन को संबल प्रदान करते हैं। हम अपने कल्याण की बात न कर विश्व के कल्याण की बात कर अपनी प्राचीन संस्कृति की अवधारणा को सबके सामने प्रस्तुत करते हैं। पर कई बार हमारी इसी भावना को कुछ लोग हमारी कमजोरी समझ लेते हैं। उनके लिए हम अहिंसक न होकर हिंसा से घबराने वाले दब्बू किस्म के व्यक्तित्व हो जाते हैं। उन्हीं के लिए अहिंसा परमो धर्मः श्लोक के अगले हिस्से को याद कराना पड़ता है। इस पूरे श्लोक को फिर हमें इस तरह से दोहराना पड़ता है कि अहिंसा परमो धर्मः, धर्म हिंसा तथैव च धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

## विचार

## सैनिकों का सम्मानः समर्पण और बलिदान की पहचान"

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हमारे देश के सैनिक, जो सीमाओं पर अपने प्राणों की आहुति देकर हमारी रक्षा करते हैं, केवल वर्दी का बोझ नहीं उठाते, बल्कि वे हमारे चैन और स्वतंत्रता की सुरक्षा का भी भार संभालते हैं। ऐसे वीरों का सम्मान हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। यह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय चरित्र का मूल आधार होना चाहिए।

**सैनिकों का बलिदानः एक अविस्मरणीय सेवा**

सीमाओं पर खड़े सैनिक केवल गोलीबारी और बर्फीली तूफानों का सामना नहीं करते, वे उन अदृश्य दुश्मनों से भी लड़ते हैं, जो हमारे चैन और सुरक्षा के पीछे छिपे हैं। वे अपनी जान जोखिम में डालकर आतंकवाद, घुसपैठ और प्राकृतिक आपदाओं से हमें सुरक्षित रखते हैं। इनका जीवन एक स्थायी संघर्ष है झ्र न दिन का पता, न रात का चैन। कल्पना कीजिए, जब हम त्योहारों पर अपनों के बीच हँसते-गाते होते हैं, तब वे बर्फ से ढके पहाड़ों पर, तपती रेत में या समुद्र की उफनती लहरों से जूझते हैं। वे अपनी जान हथेली पर रखकर देश की अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं। यात्रा में सैनिकों का सम्मान

अगर किसी ट्रेन में बिना रिजर्वेशन के खड़े सैनिक नजर आएं, तो अपने सीट का छोटा सा त्याग कर उन्हें बैठने का सम्मान दें। यह न केवल उनके प्रति सम्मान है, बल्कि उनके साहस और बलिदान की कद्र है। वे वे लोग हैं जो सीमा पर खड़े रहकर हमें चैन की नींद सुलाते हैं। यह छोटी सी पहल उनके साहस का सम्मान है।

अगर सड़क पर सैनिक अपने गंतव्य की ओर जाते दिखें, तो अपने वाहन में उन्हें अगले मुकाम तक छोड़ने में संकोच न करें। यह न केवल उनके प्रति सम्मान है, बल्कि हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। होटलों, ढाबों और रेस्तरां में अगर कोई सैनिक ठहरने आए तो उसे निशुल्क रहने और खाने की सुविधा दी जानी चाहिए। यह एक छोटा सा योगदान है, लेकिन इसके माध्यम से हम अपने सैनिकों को यह महसूस करवा सकते हैं कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उनके लिए हर दरवाजा खुला रहे, हर रास्ता आसान हो।

सैनिकों के परिवार भी इसी सम्मान के हकदार हैं, जो अपनों को सीमाओं पर भेजकर राष्ट्र सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दे रहे हैं। उनका सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है जितना सैनिकों का। ये परिवार भी अपनी कठिनाइयों को सहते हुए अपने सैनिकों को मानसिक और भावनात्मक समर्थन देते हैं। हमारे समाज में त्योहारों और विशेष अवसरों पर हम देवताओं का पूजन, भंडारे और कीर्तन करते हैं, लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि वे सैनिक, जो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सीमा पर लड़ते हैं, उनके लिए क्या किया?

क्या हम उनके लिए भी एक नई परंपरा की शुरूआत नहीं कर सकते? जैसे हर शहर, हर गाँव में सैनिकों के सम्मान में छोटे-बड़े समारोह हों, स्कूलों और कॉलेजों में 'सैनिक सम्मान दिवस' मनाया जाए, जहाँ उनके साहस की कहानियाँ सुनाई जाएँ। सरकार और नागरिक समाज को मिलकर सैनिकों के सम्मान को एक राष्ट्रीय परंपरा बनाना चाहिए। इसके लिए स्थानीय संगठनों, सामाजिक समूहों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को प्रेरित किया जाना चाहिए कि वे सैनिकों को विशेष सुविधाएं दें। उदाहरण के लिए, होटलों में उनके ठहरने की व्यवस्था, रेस्तरां में भोजन और परिवहन में रियायतें दी जा सकती हैं। आइए, हम एक नई परंपरा की शुरूआत करें, जहां हर सैनिक को उसकी बहादुरी और त्याग के लिए सर्वोच्च सम्मान दिया जाए। यह न केवल हमारे राष्ट्रीय चरित्र का प्रतीक होगा, बल्कि हमारे समाज की एक सकारात्मक छवि भी प्रस्तुत करेगा। सैनिकों के प्रति हमारा सम्मान केवल भाषणों और नारों तक सीमित न रहे। यह हमारे व्यवहार और आचरण में झलकना चाहिए। हमारे सैनिक हमारे असली नायक हैं, और उन्हें हर कदम पर सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

## भारतीय रणबांकुरों की वीरता से पाक पस्त

**डॉ घनश्याम बादल**

**22** अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा बहाए गए खून और मारे गए पर्यटकों के सगे संबंधियों के आंसुओं का जवाब सात मई प्रातः 1:05 से 1:30 के बीच पाकिस्तान स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को जिस तरह भारतीय सेनाओं ने ध्वस्त करके दिया वह भारतीय सेवा के पराक्रम का एक अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आया है। इससे पहले भी भारतीय सेना ने उड़ी में हुए हमले का जवाब बालाकोट पर सर्जिकल स्ट्राइक करके दिया था तब ऐसा लगा था कि वहां आतंकवाद की कमर टूट चुकी है लेकिन जब उसे वहां से ऑक्सीजन, संरक्षण एवं संसाधन मिलते गए तो वह किसी दैत्य की तरह एक बार फिर से खड़ा हो गया मैं केवल खड़ा हो गया अपितु भेड़िए की तरह गुरार्ने लगा, उसे अपनी ताकत का कुछ ज्यादा ही घमंड हो गया, और भारत की संपन्नता, ताकत, समृद्धि और विश्व भर में उसके रसूख और लगातार प्रगति के रास्ते पर बढ़ने से डाह का मारा आतंकवाद पहलगाम में एक बार फिर 26 लोगों की जान लेकर गया । जब ये निर्दोष लोग मारे गए सभी तय हो गया था कि आतंकवाद को मिट्टी में मिलाने वाला ऑपरेशन जरूरी है । उसी दिन प्रधानमंत्री मोदी ने दो लाइन के वक्तव्य में साफ कर दिया था कि धरती के आखिरी छोर तक भी उसे नहीं छोड़ेंगे और यह घृणित कृत्य करने वाले तथा उनके आकाओं को मिट्टी में मिलाकर दम लेंगे। उन्हें ऐसी सजा मिलेगी जिसकी भी कल्पना भी नहीं कर पाएंगे। तब इस वक्तव्य को एक बार बोला पान समझ गया था खासतौर पर मोदी एवं उनकी सरकार के आलोचकों का मानना था कि यह एक प्रकार का इज्जत फेस सेविंग स्टेटमेंट है और जल्दी ही लोग इसको भूल जाएंगे इस पर भी जब भी बजाएं सर्व दलीय बैठक में शामिल होने के बिहार गए और वहां से उन्होंने तब कड़ी आलोचना की गई और कहा गया कि यह केवल चुनाव के मद्दे नजर किया गया ड्रामा है।

लेकिन मोदी को जानने एवं समझने वाले लोग जानते हैं कि वह भले ही राजनीति करते हुए अतिशयोक्ति भरे भाषण देते हों मंचों पर दहाड़ते हों और विपक्षियों पर तीखे प्रहार करते हों यानी प्रधानमंत्री रहते हुए भी खुलकर खुलकर राजनीति करते हैं लेकिन जब बात देश की आती है तब वह ना चूकते हैं।

## गांव के वो दिन

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**बचपन** गांव में बीता, और गांव ऐसा कि अगर आप उसे नक्शे में ढूंढने लगें तो पहले गांव से पूछना पड़ेगा कि "तू है कहां?" फिर भी अगर गांव मिल गया, तो वहां पहुंचना वैसा ही है जैसे ट्रेन पकड़ने से पहले प्लेटफॉर्म पकड़ना पड़े। हमारे गांव में सड़क नहीं थी, सड़क हमारे गांव में आना नहीं चाहती थी। उसे डर लगता था कि यहां आकर कहीं खुद मिट्टी न हो जाए। जैसे ही कोई अधिकारी आता, गांव की सड़कें ऐसे गायब हो जातीं जैसे नेता की ईमानदारी इलेक्शन के बाद। गांव में बिजली थी, मगर उसमें आत्मा नहीं थी। बल्ब लटकते थे, जलते नहीं थे। रात को अगर चोर भी आता तो खुद ही रास्ता पूछता, "भाई साहब, वो ठाकुर साहब का घर किधर है?"

और हम उसे रास्ता बताते हुए सोचते, चलो कोई तो आया है। गांव में स्कूल था, और मास्टर भी थे। मगर शिक्षा का हाल ऐसा था जैसे भिंडी की सब्जी में मसाला खत्म हो गया हो। मास्टर साहब का हर वाक्य "तुम लोग कुछ नहीं सीखोगे" से शुरू होता और "मैं नौकरी छोड़ दूंगा" पर खत्म होता। मगर ना हम कुछ सीखे, ना उन्होंने नौकरी छोड़ी। एक बार मास्टर साहब ने बोर्ड पर लिखा "गाय", फिर बोले बच्चो, ये गाय है। इसका दूध होता है, और दूध से दही होता है। एक लड़के ने पूछा साब, दही से क्या होता है? मास्टर ने छड़ी उठाई और बोले दही से तुम्हारा दिमाग ठंडा होता है, इसलिए चुप बैठो। गांव की राजनीति भी गजब थी। सरपंच बनने के लिए ऐसे झगड़े होते थे जैसे कुंभ मेले में गंगा का टिकट बिक रहा हो। चुनाव में वादे ऐसे किए जाते जैसे भगवान आकर खुद विकास करेंगे, और नतीजा आता तो हारने वाला कहता ईवीएम गड़बड़ है और जीतने वाला कहता जनता की सेवा का फल है। गांव में नल नहीं था, कुएं थे।

और कुएं में भी पानी नहीं था, मगर उम्मीद थी। जब भी कोई कहता आज पानी आया है, सब दौड़ पड़ते जैसे नोटबंदी में एटीएम में पैसे आ गए हों। और जब पानी नहीं आता, तो कहते कुएं की मर्जी, हम कौन होते हैं?

## न्यूज फ्लैश

### जुर्मानाभरने के बाद भी बिजली व पुलिस कर्मी के गलत व्यवहार से मौत होने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

खेड़ी गुज्जर गांव में बिजली चोरी का जुमार्ने की रिकवरी करने गई टीम व पुलिस कर्मी पर धमकाने के बाद हार्ट अटैक से मौत होने पर मृतक के बेटे ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायत दी। शिकायत में आरोप है कि उनके पिता ने जुमार्ना भी भर दिया था लेकिन उक्त कर्मचारियों ने उन्हें परेशान किया, जिस कारण घबराने से हार्ट अटैक के कारण उनकी मौत हो गई। मृतक सुखबीर के बेटे अमित ने शिकायत में बताया कि गत 12 मार्च को उनके घर बिजली विभाग की टीम बिजली चोरी की चैकिंग के लिए गई थी। उसके बाद बिजली विभाग ने 48808 रुपएं का जुमार्ना चोरी करने के कारण लगाया। जुमार्ने का भुगतान उनके पिता ने 8 अप्रैल को भर दिया। लेकिन उसके बाद भी 5 मई को करीब 10 बजे सरकारी गाड़ी में बिजली विभाग के कर्मचारी व पुलिस कर्मी उनके घर आए और मेरे पिता से दुर्व्यवहार करने लगे। आरोप है कि उनके परेशान करने के कारण उनके पिता इतने डर गए कि उनका हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। मृतक के बेटे अमित ने बताया कि जुमार्ना भरने के बाद भी परेशान करने से उनके पिता की मौत हुई है। जब तक उन्हें न्याय नही मिलेगा वे मुख्यमंत्री से भी मिलेगे। इस बारे में बिजली विभाग के ग्रामीण एसडीओ से सर्म्पक करने का प्रयास किया तो सर्म्पक नही हो सका।

### कुशल, समृद्ध एवं नया भारत के लिए नवीन अवसर किसान कॉन्क्लेव मील का पत्थर सिद्ध होगा: धर्मवीर सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** नवीन जिन्दल फाउंडेशन और इरमा आईसीड के संयुक्त तत्वावधान में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में किसान कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। यह किसान कॉन्क्लेव कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में 9 से 11 मई तक आयोजित होगा। यह जानकारी सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने देते हुए कहा कि इस किसान मेले में किसान नवीनतम कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों, जैविक खेती, स्टार्टअप संभावनाओं और कृषि आधारित व्यवसाय के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों की आमदनी को कई गुणा बढ़ाना और ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलना है। उन्होंने इस आयोजन को किसानों के विकास के लिए एक नई पहल बताते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से यह किसान मेला आयोजित किया जा रहा है।

इस किसान मेले में खेती किसानी से जुड़ी तमाम तरह की नई-नई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें प्राकृतिक खेती, पीएम एफ एम ई योजना, कीटनाशक उपयोग एवं जैविक नियंत्रण, एफपीओ योजनाएं और गो टू मार्केट रणनीति, ऋण एवं सब्सिडी योजनाएं, डेयरी उद्योग से जुड़ी समस्याएं, बीज, लाइसेंस, डीलरशिप जानकारी निर्यात एवं लाइसेंस मार्गदर्शन, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग संबंधित सत्र भी आयोजित किये जाएंगे । इस किसान मेले में प्रगतिशील किसानों को कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मानित भी किया जाएगा और उनकी सक्सेस स्टोरी को जनमानस के सामने लाया जाएगा ताकि अन्य किसानों को भी कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीक अपनाने के लिए जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर नसीब ककेड़ी, सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार, संसदीय विकास अधिकारी भूषण मंगला, शाहाबाद हल्का प्रभारी अजैब सिंह, मोहित शर्मा और विनोद गर्ग उपस्थित रहे।

# हम सभी को भारतीय सेना पर गर्व: धनखड़

## "ऑप्रेशन सिंदूर" भारत की नई सुरक्षा नीति का प्रतीक : धनखड़

**ऑप्रेशन सिंदूर**

**ऑप्रेशन सिंदूर भारत सरकार और सेना का साहसिक और निर्णायक कदम : औम प्रकाश धनखड़**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने ह्यह्यऑप्रेशन सिंदूरह्लह्ल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ह्यह्यऑप्रेशन सिंदूरह्लह्ल भारत सरकार व भारतीय सशस्त्र सेनाओं का एक बेहद साहसिक और निर्णायक कदम है। हम सभी को अपनी बहादुर सेना, सशक्त नेतृत्व के रूप में पीएम मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की नई सुरक्षा नीति का प्रतीक है, जिसमें आतंकी हमलों का जवाब सटीक और प्रभावशाली तरीके से दिया गया है। श्री धनखड़ ने ऑप्रेशन सिंदूर चलाए जाने पर भारत की सेना, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्रालय सभी की सराहना की और बधाई दी।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि ह्यह्यऑपरेशन सिंदूरह्लह्ल सिर्फ पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला नहीं है, अपितु उन सभी बलिदानों की प्रतिध्वनि है जो भारत ने वर्षों से आतंकवाद के खिलाफ दिए हैं। उन्होंने कहा कि आप्रेशन सिंदूर यह दिखाता है कि भारत अब न केवल अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमारी सेना ने जो साहस और धैर्य दिखाया है, वह हर भारतीय को गर्व करने का अवसर देता है। भारत की सेना द्वारा चलाए गए ह्यह्यऑप्रेशन सिंदूरह्लह्ल के जरिए दुनिया को यह स्पष्ट संदेश गया है कि भारत अब सहनशील नहीं, बल्कि सक्षम और सजग राष्ट्र है जो शांति चाहता है, लेकिन अगर मजबूर किया गया तो करारा जवाब देने में पीछे नहीं हटता। श्री धनखड़ ने कहा कि 6-7 मई की आधी रात को हमारी सेना ने शौर्य दिखाकर पाकिस्तान में 9 ठिकानों पर सटीक हमला कर आतंकवादियों की कमर तोड़ने का काम किया। औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के बहावलपुर, मुरीदके, तेहरा कलां, सियालकोट, बरनाला, कोटली, मुजफ्फराबाद में चाहे वो जैश ए मोहम्मद का दफ्तर हो या फिर लश्करे तैयबा के सभी नौ नापाक ठिकानों को एक साथ नेस्तनाबूद किया है। श्री धनखड़ ने कहा कि हमारी सेना ने आतंकवादियों और पाक की नापाक हरकतों का एक माकूल जवाब देने का काम किया है। श्री धनखड़ ने कहा कि जिस प्रकार की हरकत आतंकियों ने पहलगाम में की थी उसको ऑप्रेशन सिंदूर ने ठीक प्रकार से निपटाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की इसी प्रकार से कमर तोड़ी जानी

## मुख्यमंत्री ने समाजसेवी राजेश गोयल की पुत्री कनिका के विवाह समारोह में शिरकत की



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मंगलवार देर रात स्थानीय सेक्टर 25 में समाजसेवी राजेश गोयल की पुत्री कनिका के विवाह समारोह में शिरकत की और नवदंपति को अपना आशीर्वाद दिया व उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार,ऊर्जा मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना,भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट,पूर्व सांसद संजय भाटिया सहित शहर के विभिन्न गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## केवाईसी अपडेट करने के बहाने उड़ाए 60 हजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

एसबीआई के क्रेडिट कार्ड की केवाईसी अपडेट करने के बहाने ठगों ने एक व्यक्ति से करीब 60 हजार रुपये ठग लिए। जब पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने ठगी की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में खिजरपुर अहीर माजरा निवासी सुनील ने बताया कि 18 अप्रैल को उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह एसबीआई क्रेडिट कार्ड की मुख्य शाखा से बोल रहा है। फोन करने वाले ने कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड की केवाईसी करनी है, नही तो कार्ड बंद हो जाएगा।

# भूतपूर्व सैनिकों ने आपरेशन सिंदूर पर जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई को लेकर पूर्व सैनिकों ने भारत सरकार का आभार जताया है। उन्होंने तिरंगा लहराते हुए भारत सरकार और भारतीय सशस्त्र बल के समर्थन में नारे भी लगाए। पूर्व सैनिक सुबेदार जयभगवान मलिक, सिविल डिफेंस क्लर्क सुदाम सिंह, वायुसेना से सेवानिवृत जोगिंद्र सिंह, सिपाही हवासिंह, नायक रंगलाल, नायक जगबीर सिंह, राजेंद्र सरोहा ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं को निशाना बनाया और महिलाओं का सिंदूर



उजाड़ा। इस अमानवीय कृत्य का बदला भारत ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर लिया। हालांकि, पूर्व सैनिकों का मानना है कि यह बदला अभी अधूरा है। उन्होंने मांग की कि आतंकियों और उन्हें शरण देने वालों को कड़ी सजा दी जाए और पूरी तरह से सफाया किया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी भारत की ओर आंख उठाने की हिम्मत न कर सके। पूर्व सैनिकों ने यह भी कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वे एक बार फिर हथियार उठाने से पीछे नहीं हटेंगे। उनका कहना है कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक और सख्त कार्रवाई ही देश की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने सरकार से आतंकवाद पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की।

## करनाल में युवक के कमरे में मिला सुसाइड नोट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के पिंगली चौक पर अपने ही कमरे में सुसाइड के मामले में एक सुसाइड नोट सामने आया है। जिसमें मृतक ने अपनी पत्नी और साली सहित 7 लोगों पर पैसे मांगने और टॉर्चर के आरोप लगाए है।

परिजनों का आरोप है कि पत्नी के मायके जाने की वजह से मृतक मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इसी कारण उसने सुसाइड का कदम उठाया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिंगली चौक निवासी राजपाल ने 4 मई की दोपहर करीब ढाई बजे अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। राजपाल फर्नीचर पॉलिश का काम करता था और बीते कुछ महीनों से डिप्रेशन में चल रहा था। मृतक के भाई बिजेंद्र ने बताया कि राजपाल की पत्नी नीलम पिछले 4 महीने से अपने मायके सहारनपुर में रह रही थी। जिससे वह मानसिक तौर से टूट चुका था। 4 मई को सुसाइड की सूचना 112 पर कॉल करके दी गई थी। उस वक्त कमरे से कोई सुसाइड नोट या सुराग नहीं मिला। लेकिन 6 मई की सुबह जब बड़े भाई राजेन्द्र ने दूसरे कमरे की सफाई की, तो एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें शुरू से लेकर सुसाइड से जुड़ी बातें लिखी हुई थी।

# विद्यार्थियों के लिए लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

जी.टी रोड स्थित आई. बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके मुख्य विषय "व्यवसाय और बैंक" रहे। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।? कॉलेज प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक जी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के शैक्षणिक सुधार के साथ-साथ



बौद्धिक विकास भी होता है और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करता है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ



सुनित शर्मा जी ने भी विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाया और उन्हें इसी तरह जीवन में आगे बढ़ने के



लिए प्रेरित किया। मेंटर्स माधवी एवं हिमानी नारंग ने कहा कि लोगो डिजाइनिंग जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों की सोच को क्रिएटिव बनाती है और बच्चों की सोचने और समझने की शक्ति को मजबूत करती है जिसकी मदद से बच्चे प्रोफेशनल लोगो डिजाइनर बन सकते हैं और अपना करियर बना सकते हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साहिद रहे। द्वितीय स्थान पर साधना रही। तृतीय स्थान पर खुशी रही। सांत्वना पुरस्कार अक्शा और खुशी जैसवाल को दिया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन बीकॉम द्वितीय वर्ष की मेंटर्स माधवी एवं हिमानी नारंग द्वारा किया गया।

# शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना कुवि की प्राथमिकता: प्रो. सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** रिसर्चजेंस के मासिक बुलेटिन के अनुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एच-इंडेक्स में पिछले एक वर्ष में 5 अंकों की बढ़ोतरी हुई है जिससे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का एच-इंडेक्स 99 हो गया है। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बधाई देते हुए कहा कि शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। शिक्षकों एवं शोधार्थियों के बेहतरीन



शोध कार्य के कारण ही वर्ष भर में एच-इंडेक्स में 5 अंकों की हुई बढ़ोतरी हुई है।

आईक्यूएसी सेल के निदेशक प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने बताया कि एच-इंडेक्स शोध की गुणवत्ता का एक महत्वपूर्ण मापदंड है तथा किसी भी संस्थान में हुई शोध उत्कृष्टता एवं गहनता को दशार्ता है। वर्ष 2024 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षकों व शोधार्थियों के 686 शोध विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हुए जिनमें से 498 शोध पत्र स्कोपस/वेब ऑफ साइंस में संकलित हैं। वर्ष 2025 के मात्र तीन महीनों में 114 शोध पत्र स्कोपस/वेब ऑफ साइंस में संकलित जर्नल प्रकाशित हो चुके है। प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभी प्रकाशनों की साईटेशन एक लाख के आंकड़े को छूने वाली है।

## अपरिहार्य कारणों से रात्रि ठहराव कार्यक्रम स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के गांव ब्राह्मण माजरा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में 9 मई को 5 बजे होने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि अब यह रात्रि ठहराव कार्यक्रम 16 मई को ब्राह्मण माजरा के राजकीय माध्यमिक ब्राह्मण माजरा के राजकीय माध्यमिक ब्राह्मण माजरा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में 5 बजे लगाया जाएगा।

# 'साइकिल दौड़' प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी छाजू रोड, समालखा में 'वर्ल्ड एथलीट डे' के उपलक्ष में 'साइकिल दौड़' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चौथी से छठी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक के राइफल फायर से हुआ । इसके बाद सभी कक्षाओं की छात्र व छात्राओं की साइकिल रेस प्रतियोगिता हुई। कक्षा चौथी में 'विधि 'ने प्रथम स्थान, 'शिवन्या 'ने द्वितीय स्थान और 'नव्या 'ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा चौथी के छात्रों में 'लक्ष्य' ने प्रथम स्थान 'वैभव 'ने द्वितीय और 'रिया' नेतृत्व स्थान



प्राप्त किया।कक्षा पांचवी में छात्राओं में 'दक्षिता 'ने प्रथम स्थान' प्राची' ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और छात्रों में 'विहान' प्रथम 'दिव्यांशु 'द्वितीय और यजत' तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छठी से 'भावेश' प्रथम 'रक्षित' द्वितीय और 'कार्तिकेय' तृतीय स्थान पर रहा। इसी के साथ छात्राओं में कक्षा छठी से 'सिया 'प्रथम स्थान 'अवनी मोखरा' द्वितीय स्थान और 'अवनी 'तृतीय स्थान पर रही। इसी के साथ स्कूल में ' साइकिल दौड़' प्रतियोगिता के विजेता रहे विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण ' समारोह का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों को मेडल वितरित किए गए।स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा ने सभी विद्यार्थियो की शानदार प्रस्तुति की सराहना की और भविष्य में होने वाली गतिविधियों में और अधिक हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

स्कूल प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में होने वाली गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और सभी को 'वर्ल्ड एथलीट डे' की बधाई दी । इस दौरान सभी अध्यापक गण मौजूद रहे।

# आप्रेशन अभ्यास में एयर स्ट्राइक व आग लगने से लोगों को बचाया: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि आप्रेशन अभ्यास( मॉक ड्रिल )में एयर स्ट्राइक व आग लगने से दर्जनों लोगों को बचाया गया। इन सभी लोगों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया और लघु सचिवालय के नए भवन में लगी आग पर फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा काबू पाया गया। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में नए लघु सचिवालय, पैनोरमा और ब्रह्मसरोवर पर आप्रेशन अभ्यास का सफल आयोजन किया गया।

आप्रेशन अभ्यास के पहले चरण में लघु सचिवालय के नए भवन में एयर स्ट्राइक व आग लगने से प्रशासन की टीमें तुरंत एक्शन में



आई और नए लघु सचिवालय, पैनोरमा और ब्रह्मसरोवर पर राहत टीमें मौके पर पहुंच गई। आप्रेशन अभ्यास के दौरान नए लघु सचिवालय में सबसे पहले फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। इस दौरान पुलिस, रेड क्रॉस, होमगार्ड के जवान नए लघु सचिवालय के भवन के अंदर पहुंचे और इस भवन में कार्य करवाने के लिए आए लोगों को तुरंत बाहर जाने के निर्देश दिए इसके साथ ही अनाउंसमेंट के माध्यम से लिफ्ट का प्रयोग ना करने की सलाह देते हुए सीढ़ियों के माध्यम से भवन के बाहर पहुंचने के निर्देश दिए।

आप्रेशन अभ्यास के चलते पुलिस और रेड क्रॉस के साथ-साथ स्वयं सेवकों ने भवन के अंदर घायल लोगों को स्ट्रेचर के जरिए तुरंत एंबुलेंस तक पहुंचाया और आग बुझाने वाले यंत्रों से भवन के अंदर आग पर काबू पाया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की तरफ से लघु सचिवालय के नए भवन को चारों तरफ से घेर लिया ताकि बाहर से कोई भी व्यक्ति अंदर ना जा सके और अंदर फसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके। यहां पर आप्रेशन अभ्यास में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। यह आप्रेशन अभ्यास उपायुक्त नेहा सिंह व पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र के नए लघु सचिवालय भवन, पैनोरमा और ब्रह्मसरोवर पर आप्रेशन अभ्यास का सफल आयोजन किया गया। इस आप्रेशन अभ्यास में एयर स्ट्राइक और आगजनी से घायल लोगों को तुरंत राहत टीमों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया और अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां और अन्य सेवाएं उपलब्ध रही। इन जगहों को समय रहते खाली करवा लिया गया और जितने भी घायल लोग थे उनका तुरंत उपचार किया गया। इस आप्रेशन अभ्यास के दौरान फायर बिग्रेड की टीमों द्वारा आग पर काबू पाया गया।

# आर्य कॉलेज में विद्यार्थियों को मॉक ड्रिल विषय से करवाया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

बुधवार को भारत सरकार के निदेर्शानुसार आर्य कॉलेज की एन.एस.एस. द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों व प्राध्यापकों को मॉक ड्रिल के विषय के बारे में अवगत करवाया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि मॉक ड्रिल देश के सभी नागरिकों के लिए क्यों जरूरी है। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य संभावित हमलों के दौरान आपातकालीन प्रतिक्रियाओं का समन्वय सुनिश्चित करना है। मॉक ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन को चालू करना, बंकरों की सफाई और



मरम्मत करना तथा शत्रुतापूर्ण हमलों के खिलाफ सुरक्षात्मक उपायों पर नागरिकों को प्रशिक्षित करना शामिल होगा। कॉलेज की प्रध्यापिका डॉ. नेहा बंसल ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद आपातकालीन तैयारियों को बढ़ाने के लिए 7 मई को राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। हरियाणा में लगभग 3000 से अधिक स्वयंसेवकों को शामिल करने वाली इस ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली, आश्रय की तत्परता और निकासी प्रक्रियाओं का परीक्षण किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### विद्यार्थियों के लिए केशव बुक बैंक अंधेरे मे सूरज के सामान: जिला शिक्षा अधिकारी



पानीपत, (कमाल हुसैन)
स्थानीय रतिराम वाटिका, नजदीक संजय चौक मे केशव बुक बैंक द्वारा पुस्तक वितरण एवं सम्मान समारोह रखा गया।
केशव बुक बैंक पिछले 5 वर्षो से समाज / विद्यालय / विद्यार्थियों से पुस्तके इकठा करता है और जरुरत मंद विद्यार्थियों को निशुल्क उपलब्ध करवाता है। पिछले 5 वर्षो मे 1000 से ज्यादा विद्यार्थियों को बुक बैंक की ओर से उनकी पढ़ाई जारी रखने मे पुस्तकों के माध्यम से मदद दी जा चुकी है।
कल के कार्यक्रम मे कुल 30 बिधार्थियों को पुस्तके वितरित क ी गई ओर लगभग 12 समाज सेवी संस्थाओ, विद्यालय के प्रधानाचार्य आदि को सम्मानित भी किया गया कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री अतिथि के रूप मे मेयर प्रतिनिधि राम कुमार सैनी व विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने शिरकत की।
कार्यकर्म की अध्यक्षता पंडित निरंजन पाराशर ने की। बुक बैंक के प्रधान व संस्थापक विजय मनचंदा ने अतिथियों का सम्मान करते हुए कहाँ कि बुक बैंक को समाज का सहयोग समय समय पर मिलता रहा है, केशव बुक बैंक का लक्ष्य है कि कोई भी विद्यार्थी किताबो कि वजह से शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए।
मंच संचालन सोनू सिंह व दीपक सचदेवा ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से निपुण छबड़ा, सुरेंदर सैनी, हेमंत, अनमोल, आदेश आदि मौजूद रहे।

### ऑपरेशन सिंदूर' के बाद कैंट रेलवे स्टेशन पर लोगों में खुशी की लहर

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला/छावनी:** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरा देश गुस्से में है और लगातार प्रधानमंत्री से अपील कर रहा था कि आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की मांग देश का हर नागरिक कर रहा था और कल रात को भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत ध्वस्त किया गया। जिसके बाद अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर लोगों में खुशी देखी गई और लोगों ने भारत जिंदाबाद के नारे लगाए तो वहीं पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। लोगों ने भारत की पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई स्ट्राइक पर खुशी मनाई और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना का आभार जताया। इस दौरान संजय कुमार, नरेंद्र सिंह शैंपू, अनिल कुमार, संदीप, राजू, सोनू, आशु ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही कह दिया था कि आतंकी संगठनों और उनके आकाओं को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि दोबारा फिर कोई आतंकी भारत की तरफ आंख नहीं उठा पाएगा। कल रात आखिरकार लोगों का सपना भारतीय सेना ने पूरा कर दिया।

# पानी की एक-एक बूंद को बचाकर रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व: कौर

### इसलिए इस जिले के प्रत्येक नागरिक को पानी बचाने का संकल्प लेना होगा: जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर

**अभियान**

**जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कैच दॉ रेन 2025 अभियान का विधिवत रूप से शुभांरभ किया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला डार्क जोन की स्थिति में है इसलिए इस जिले में पानी की एक-एक बूंद को बचाने की निहायत जरूरत है। इस पानी को बचाकर रखने का नैतिक दायित्व प्रत्येक नागरिक का है, इसलिए इस जिले के प्रत्येक नागरिक को पानी बचाने का संकल्प लेना होगा।
जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर बुधवार को गांव धुराला गुज्जर धर्मशाला में जल शक्ति अभियान कैच दॉ रेन 2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी।
इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कैच दॉ रेन 2025 अभियान का विधिवत रूप से शुभांरभ किया। इस दौरान जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से लोगों को जल बचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संदेश को भी ग्रामीणों के समक्ष रखा। जिप चेयरमैन ने कहा कि आज जल संरक्षण और प्रबंधन को बढ़ावा देने की जरूरत है। अगर आज भी लोग जागरूक नहीं हुए तो भावी पीढ़ी को पीने के लिए पानी नहीं मिलेगा।
उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 148 जिलों में जल संसाधन प्रबंधन को सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है। इसलिए प्रत्येक गांव में जाकर लोगों को जल शक्ति अभियान के कैच दॉ रेन कार्यक्रम के साथ जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वर्षा जल का संरक्षण किया जाए और भू जल का पूर्ण प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाली को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। इससे जल को भी बचाचा जा सकेगा। सरकार का लक्ष्य है कि स्वच्छ जल स्वच्छ भारत के लिए पानी की एक-एक बूंद को बचाया जाए।
अटल भूजल अधिकारी भव्य कुशल ने पानी बचाने पर अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी सुशीला, सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल, सरपंच धुराला सतपाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर जिला परिषद के लेखा अधिकारी डा. सत्य भूषण, सरपंच सुखविन्द्र, सरपंच कर्मबीर, सरपंच भूषण शर्मा, सरपंच दलबीर सिंह, सरपंच परमजीत, पूर्व सरपंच राजेन्द्र, जसबीर गुर्जर, समाजसेवी सतपाल, रविन्द्र, केशा राम, मोनी नंबरदार आदि उपस्थित थे।

## रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के बरखाराम बने जिला प्रधान



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** आज स्थानीय नया बस स्टैंड परिसर कुरुक्षेत्र में रिटायर कर्मचारी संगठन हरियाणा कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉकों की कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक जिला चेयरमैन जगतार सिंह सोढ़ी की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 20 मई 2025 को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रिटायर कर्मचारी इकट्ठे हो कर प्रदर्शन कर केंद्रीय सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त करेंगे, संगठन के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान श्री प्रेम सिंह बेरथली, राज्य उप महासचिव राजपाल गुंसर ने कहा कि केंद्रीय सरकार के खिलाफ रिटायर कर्मचारी संगठन संबंधित एटक पुर जोर विरोध प्रदर्शन करेगा क्योंकि आने वाले आठवें वेतन आयोग को लेकर रिटायर कर्मचारियों को दो भागों में बांटने पर सरकार की नीति को रिटायर कर्मचारी

**कार्यकारिणी**

**20 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रिटायर कर्मचारी इकट्ठे हो कर प्रदर्शन कर रोष व्यक्त करेंगे**

सहन नहीं करेगा रिटायर कर्मचारी संगठन हरियाणा केंद्रीय सरकार से मांग करता है कि आने वाले आठवें वेतन आयोग का लाभ सभी रिटायर कर्मचारियों को इसका लाभ मिलना चाहिए, मीटिंग के अध्यक्ष श्री जगतार सिंह सोढ़ी ने रिटायर कर्मचारी संगठन को मजबूत करने के लिए सर्वसम्मति से बरखा राम जास्ट को
जिला प्रधान तथा सुरेंद्र वधवा को जिला सचिव नियुक्त किया व सतवीर शर्मा को ब्लॉक थानेसर का प्रधान सर्वसम्मति से नियुक्त किया।

## जींद में दो बाइक भिड़ी,दो की मौत, तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** जींद में दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। मृतकों के शव को जुलाना सीएचसी में रखवाया गया है।

**रेफर किया**

**घायलों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। मृतकों के शव को जुलाना सीएचसी में रखवाया गया है**

जुलाना के मालवी गांव का 30 वर्षीय सुरेंद्र मंगलवार रात को गांव से जुलाना की तरफ आ रहा था। मालवी गांव से निकल कर देशखेड़ा पावर हाउस के नजदीक जाते ही सामने से आ रही बाइक ने सुरेंद्र की बाइक को टक्कर मार दी। दूसरी बाइक पर मालवी गांव के ही रमेश, सौरभ, अंकित व सावन सवार थे। बाइकों की टक्कर होते ही सभी लोग सड़क पर जा गिरे। पास से गुजर रहे वाहन चालकों की मदद से सभी को जुलाना सीएचसी पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने सुरेंद्र और रमेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि सौरभ, अंकित और सावन की गंभीर हालत देखते हुए उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।
मृतक सुरेंद्र स्टील वेल्डिंग का काम करता था। उसने जुलाना में दुकान की हुई है। सुरेंद्र विवाहित था और उसकी दो बेटियां हैं। आठ साल पहले सुरेंद्र की शादी हुई थी।

## नेपाली समुदाय के चेयरमैन दीपक वोहरा को मिली जान से मारने की धमकी

**जांच पड़ताल**

**समाजसेवी वोहरा पर झूठा आरोप लगा गया है, इस मामले में जाँच पड़ताल की जाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** स्नातन चेतना मंच के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय भगवा सेना के राष्ट्रीय संयोजक जगजीत चंडोक ने अंबला एसपी अजीत सिंह से मिलकर प्रसिद्ध समाज सेवक एवं हरियाणा राज्य चुनाव में विजयी चेयरमैन दीपक वोहरा के ऊपर जान लेवा हमले मद्दे नजर एसपी साहब को सुरक्षा प्रदान करने के लिए गुहार लगाई इससे पहले भी दीपक वोहरा के साजिश करते हुए उनके ऊपर जान मान के खतरे को देखते हुए पहले भी पुलिस प्रशासन को अवगत करवाया गया था ।जान से मारने की धमकी को लेकर सुनील गोड़ को पुलिस प्रशासन ने अभी तक गिरफ़्तार नहीं किया ।नेपाली समुदाय के लोगों ने एसपी से गुहार लगाई कि जान से मारने की धमकी देने वाले पर कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए और चुनाव में विजय हमारे नेपाली समुदाय के दीपक वोहरा पर काफी खतरा है जल्द से जल्द वोहरा जी को सुरक्षा प्रदान की जाए हमारे अपने नेता दीपक वोहरा की सुरक्षा के लिए चिंता व रोष है ।नेपाली समुदाय हरियाणा राज्य के चेयरमैन दीपक वोहरा से रत्तनगढ़ की निवासी सुदेश गोड़ और सुनील गोड़ ने दी जान से मारने की धमकी । दीपक वोहरा ने बताया कि सुदेश गोड़ ने जान मुझ कर मेरे ऊपर झूठा दर्ज कराया है । मैंने इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह को शिकायत दे रखी है । लेकिन पुलिस प्रशासन महिला द्वारा लगाए गए आरोप के बारे में मोन है आस पास के पड़ोस का कहना है कि ये महिला किसी के भी शुभ काम में दखलंदाजी करती है । पुरानी रंजिश को लेकर समाजसेवी दीपक वोहरा पर जूठा आरोप लगा गया है । पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि इस मामले में जाँच पड़ताल की जाएगी।

## अस्पताल में 4 से 8 बजे तक होगी मॉक ड्रिल: नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि ऑपरेशन अभय के तहत जिला के छह स्थानों पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल और थानेसर शहर में ब्लैक आउट करके आपात स्थितियों के लिए तैयारी का जायजा लिया जाएगा। यह अभ्यास लघु सचिवालय की नई बिल्डिंग, पैनोरमा, ब्रह्मसरोवर, पिहोवा के सेनशन पेपर मिल, शाहाबाद के शुगर मिल और लाडवा के सरकारी



अस्पताल को शामिल किया गया है। मॉक ड्रिल का समय शाम 4 बजे से 8 बजे तक और ब्लैक आउट शाम 7:50 बजे से 8 बजे तक होगा। ब्लैक आउट के लिए नागरिकों द्वारा अपने घरों की लाइटों को स्वयं बंद करना होगा। उन्होंने कहा कि जिला वासियों को इस

**दिशा-निर्देश**

**सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए**

मॉक ड्रिल से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। यह अभ्यास करके उन जरूरतों को नोट किया जाएगा, जिनकी आपातकाल के समय जरूरत पड़ेगी। सभी अधिकारियों, शहरी निकायों, पंचायत विभाग और मीडिया के माध्यम से जनता तक इस संदेश को पहुंचाएं।
उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में तैयारियों की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए।

## कैंट रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ टीम ने प्लेटफॉम पर की चेकिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनी:** पाकिस्तान पर हमले के बाद अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आरपीएफ गश्त कर रही है और प्लेटफॉर्म पर चेकिंग कर रही है। संदिग्ध वस्तुओं की भी जांच की जा रही है। दरअसल, देर रात भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर हमला किया। इसके बाद अंबाला में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पंजाब और जम्मू से आने वाली ट्रेनों में भी चेकिंग की जा रही है। हमले के बाद आरपीएफ जम्मू से आने वाली ट्रेनों



में चेकिंग कर रही है। जिसमें यात्रियों के बैग खोलकर चेक किया जा रहे हैं। इसके साथ ही ट्रेन में आ रही यात्रियों से पूछताछ भी की जा रही है। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन सुरक्षा की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। आर्मी एरिया होने के चलते और भी मुस्तैदी बरती जा रही है। अंबाला कैंट स्टेशन के एंट्री गेट पर मेटल डिटेक्टर से आने वाले हर यात्री की जांच की जा रही है। इसके साथ ही उनके सामान को भी मेटल डिटेक्टर से जांचा जा रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूर से पानीपत वासियों में खुशी की लहर

**पानीपत।** पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भारत द्वारा पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर से की गई कार्रवाई को लेकर पानीपत के लोगों ने सेना को बधाई दी है। बुधवार को शहर में कई जगह पर मिठाई भी बांटी गई। कई जगह लोगों ने एयर स्ट्राइक का पता चलते ही अल सुबह ही लड्डू बांटे और भारत माता की जय के नारे लगाए।
पाकिस्तान पर कार्रवाई को लेकर हरियाणा के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 22 अप्रैल-मोदी को बता देना... 7 मई: मोदी ने बता दिया...। दरअसल, आतंकियों ने पहलगाम हमले के दौरान महिलाओं को कहा था कि मोदी को जाकर बता देना।

## पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** पहलगाम आंतकी हमले के बाद मौजूदा हालात के मध्यनजर कुरुक्षेत्र पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। जिला पुलिस द्वारा जिलाभर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के आदेश दिए गए। जिला पुलिस द्वारा सार्वजानिक स्थानों, होटलों व धर्मशालाओं में चैकिंग अभियान चलाये जा रहे हैं। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री नीतीश अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने एरिया में होटलों व धर्मशालाओं में विशेष चैकिंग



अभियान चलाने के आदेश दिए हैं। सभी थाना प्रबन्धक व चौंकी इन्चार्ज को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में अजनबी लोगों को चैक करने तथा पर्चे अजनबी जारी करने के आदेश दिए गए हैं। सभी थाना प्रबन्धक व चौंकी इन्चार्ज को अपने-अपने क्षेत्र में होटल, रेस्टोरेन्ट व रेस्ट हाउस के मालिकों से मीटींग करके उन्हें


**अलर्ट मोड़**

**मौजूदा हालात के मध्यनजर कुरुक्षेत्र पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए**

आगुन्तक व्यक्तियों का पूरा ब्यौरा रखनें तथा उनके फोटों, पहचान-पत्र आदि का रिकार्ड रखने बारे निर्देश दिए गए हैं। सभी बस अड्डो, रेलवे स्टेशन, ढाबों आदि पर चैकिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने आमजन से अपील की है कि आप सब भी सचेत रहें। किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति का पता चलते ही उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। नागरिकों से शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्ग शांति बनाए रखें। कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का हर प्रकार से सहयोग करें। यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी प्रकार की आपतिजनक पोस्ट डाले तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के उच्च अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है तथा जिला में स्थिति सामान्य है। जिला पुलिस किसी भी प्रकार की परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम है।

## मॉक ड्रिल के दौरान स्थापित कंट्रोल रूम के नंबर 01744-2210&5 पर दें सूचना: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि ऑपरेशन अभ्यास के तहत जिला के चयनित स्थानों पर मॉक ड्रिल व थानेसर शहर में ब्लैक आउट ड्रिल आयोजित की जा रही है। इसके साथ ही प्रशासन ने कंट्रोल रूप में स्थापित किया है। इस कंट्रोल रूम में नंबर 01744-221035 स्थापित किया है। इस नंबर पर कोई भी अपनी सूचना प्रशासन को दे सकता है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि वो डरें नहीं, क्योंकि इस समय कोई वास्तविक खतरा नहीं है, यह प्रशासन द्वारा पब्लिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए रिहर्सल है। इस दौरान यदि कोई शरारती तत्व




डर का माहौल, किसी भी प्रकार की गलत हरकत, गलत संदेश या वीडियो फैलाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई में अमल में लाई जाएगी। उसे पुलिस हिरासत में रखा जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने शहर के लघु सचिवालय की नई बिल्डिंग, पैनोरमा, ब्रह्मसरोवर, पिहोवा के सेनशन पेपर मिल, शाहाबाद के शुगर मिल और लाडवा के सरकारी अस्पताल को शामिल

**मॉक ड्रिल**

**इसके साथ ही प्रशासन ने कंट्रोल रूप में स्थापित किया है। इस कंट्रोल रूम में नंबर 01744-221035 स्थापित किया है**

किया गया है। मॉक ड्रिल का समय शाम 4 बजे से 8 बजे तक और ब्लैक आउट शाम 7:50 बजे से 8 बजे तक होगा। ब्लैक आउट के लिए नागरिकों द्वारा अपने घरों की लाइटों को स्वयं बंद करना होगा। इस ड्रिल में सभी नागरिक बिना घबराहट के अपना सहयोग दें। इस दौरान प्रशासन अंधेरे में सुरक्षा व्यवस्था कैसे बनाकर रख सकते हैं, इसका प्रयोग कर रहा है।
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार का डर फैलाने वाले की सूचना प्रशासन व पुलिस को दें। पुलिस ने सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए एक निगरानी कमेटी का गठन किया हुआ है। कोई भी व्यक्ति बिना किसी पुष्टि वाली पोस्ट को शेयर करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी भी प्रकार की इमरजेंसी सर्विस को नहीं रोका जाएगा। सभी विभागों के साथ-साथ वालंटियर व स्कूली बसों के माध्यम से भी परिवार तक संदेश पहुंचाया जा रहा है।

## सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं आमजन की सहायता के लिए रहे तैयार: मधुसूदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** ग्लोबल इवेंट्स आग्रेनाइजेशन ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि आज के हालातों को देखते हुए और सरकार के आदेशों की पालना के लिए हम सबको एक होकर एक दूसरे का सहायक बनना होगा ताकि हमारे देश के सैनिकों का मनोबल बढ़ा रहें और देश की व देश वासियों की रक्षा कर सकें। भारतवासियों की हमेशा से यही सोच रही है कि देश की सुरक्षा के लिए सेना को मजबूत करना होगा और देश की रक्षा एकजुट होकर करनी होगी ताकि सैनिक भी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें।



संकट काल में देश वासी हमेशा अपने मतभेद भुलाकर समाज एकजुटता का प्रमाण देते आए है और देते रहेंगे। भारत की यही पहचान है देश प्रथम, बाकी सब बाद में। भारत को माँ का दर्जा दिया गया है और भारत माता की रक्षा करना हर भारतवासी का कर्तव्य है और जिसे हर देशवासी निभाता आया है। ग्लोबल इवेंटस ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट की उत्तरी भारत डाक्टर सैल की प्रधान डा. वसुंधरा व मीडिया प्रभारी तरुण ने कहा कि आज समय की पुकार है कि बिना काम के बाहर ना जाए, घर पर रहे और सचेत रहे। छोटे बच्चे, विकलांग, बुजुर्ग और बीमार लोगों का ध्यान रखें। सार्वजनिक आयोजन ना करें। यदि कोई पहले से निश्चित है उनको स्थगित करे। कम से कम दस दिन की खाद्य सामग्री घर पर पहले ही लाकर रखें। ट्रस्ट ने दुकानदार भाइयों से अनुरोध किया है कि व संकट के समय में नाजायज फायदा ना उठायें जितना हो सके मदद करे।

# ऑपरेशन सिंदूर बिल्कुल सही नाम : लेफ्टिनेट विनय नरवाल के पिता राजेश

**एयर स्ट्राइक**

**पाकिस्तान से बदले से 26 परिवारों को सांत्वना मिलेगी मां ने कहा-मैं बहुत खुश हूं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पाकिस्तान पर भारत की एयर स्ट्राइक पर करनाल के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर बिल्कुल सही नाम रखा गया, क्योंकि हमारी बेटियों और बहनों के सामने उनके पतियों की निर्मम हत्या की गई। उनका धर्म पूछा गया, कलमा तक पढ़वाया गया। ऑपरेशन सिंदूर, नाम से पहलगाम हमले में मरने वाले 26 लोगों के परिवारों सांत्वना मिलेगी। वहीं मां आशा ने कहा कि मैं बहुत ही खुश हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदला लिया है। इस बदले से पहलगाम आतंकी हमले में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि मिली है और उन्हें न्याय मिला है। उधर विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल के पिता सुनील कुमार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत विनय नरवाल की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है।

दोषियों को सरकार ने सजा दे दी है। बता दें कि विनय नरवाल की 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 3 गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी।सरकार ने अपना काम करके दिखाया-राजेश नरवाल ने कहा कि जब भी मुझसे सवाल किया जाता था कि आप भारत सरकार से क्या चाहते हैं, मेरा एक ही जवाब होता था कि मुझे सरकार पर पूरा भरोसा है और वह अपना काम कर रही है और आज सरकार ने वह काम करके दिखाया है। हां, जिनके लाल चले गए, उनका जीवन तो वापस नहीं आ सकता, लेकिन जो बात मैंने उस समय भी कही थी कि ऐसा कुछ हो कि इस तरह की कायराना और बुजदिली करने की कोई कोशिश न करे।

हमला आतंकियों के जेहन में गूंजेगा-उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने जो यह कदम उठाया है, यह बिल्कुल सही किया है। वह आतंकियों के जेहन में हमेशा गूंजता रहेगा और ऐसा दोबारा करने से पहले वे 100 बार सोचेंगे, क्योंकि उनको एक संदेश मिल चुका है। हमारी सरकार की तरफ से यदि कभी उंगली भी उठा,ए उसका जवाब कैसा होगा, उनको समझ लेना चाहिए। सैनिक भाई हमेशा ही हमारे सम्मान की बात कर रहे हैं। हमें उनका मनोबल बनाए रखना चाहिए।

हमले की वजह से घर सूने हुए-विनय के पिता ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की वजह से सभी के घर सूने हो गए हैं।

## चोरी के दो मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार, 59 मीटर तार बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बीती शाम जिला पुलिस थाना असंध की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर वार्ड नंबर-1 असंध में नाकाबंदी करके आरोपी रोहित पुत्र रमेश निवासी वार्ड नंबर 6 असंध को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 39 मीटर बिजली की तार बरामद की गई। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही अनिल कुमार ने बताया कि पूछताछ में पाया गया कि आरोपी द्वारा 6 मई की शाम को वाल्मीकि मंदिर असंध से तार चोरी कर घटना को अंजाम दिया गया था।

दूसरे मामले में थाना निसिंग की टीम द्वारा सहायक उप निरीक्षक करनैल सिंह की अध्यक्षता में दो आरोपियों रणजीत सिंह पुत्र गुरुमाज सिंह निवासी निसिंग और गुरजीत सिंह पुत्र सुखविंदर निवासी रणजीत नगर निसिंग को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पाया गया कि आरोपी द्वारा 17 मई को गांव सिंगडा, निसिंग में खेत से ट्यूबवेल की मोटर की तार चोरी कर घटना को अंजाम दिया गया था। दोनों मामलों में आज आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



## न्यूज फ्लैश

### अस्थमा डे पर पारस हेल्थ पंचकूला का संदेश, लक्षणों को न करें नजरअंदाज, कराएं जल्दी जांच और इलाज

**पंचकूला:** वर्ल्ड अस्थमा डे के मौके पर मंगलवार को पारस हेल्थ पंचकुला ने एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका मकसद लोगों को अस्थमा और उसके इलाज के बारे में शिक्षित करना था। इस साल अस्थमा डे की थीम लोगों की भागीदारी और शिक्षा की अहमियत पर आधारित थी। इस कार्यक्रम में अलग-अलग पेशे के लोग शामिल हुए और अस्थमा से सेहत पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जाना। कार्यक्रम का एक खास हिस्सा "प्लेज बोर्ड" था। इस बोर्ड को हॉस्पिटल के मुख्य ओपीडी में लगाया गया था। इस बोर्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया, ताकि वे अस्थमा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प ले। इससे मरीजों और उनके परिवारों को अस्थमा का सही इलाज और देखभाल करने के लिए प्रेरणा मिली।

पारस हेल्थ पंचकुला में पल्मनोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. एस.के. गुप्ता ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की अहमियत पर जोर देते हुए कहा, ह्लभारत में बहुत से लोग अस्थमा को सिर्फ खांसी या एलर्जी समझ बैठते हैं, जिससे इलाज में देर हो जाती है। जब तक वे डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, तब तक हालत गंभीर हो चुकी होती है। इसलिए प्लेज बोर्ड जैसी पहल जरूरी है, क्योंकि इससे लोग अस्थमा के शुरूआती लक्षणों को समझ पाएंगे और समय पर इलाज लेने के लिए प्रेरित होंगे। इस तरह की जागरूकता से कई ज़िंदगियां बचाई जा सकती हैं। अस्थमा बच्चों में सबसे ज्यादा होने वाली लॉन्गटर्म वाली सूजन की ब्रीदिंग बीमारी है। यह बीमारी भारत में एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। इससे 30 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। इसके आम लक्षणों में सांस फूलना, सीने में जकड़न, घरघराहट (विसलिंग साउंड) और खांसी शामिल हैं, खासकर रात में या सुबह के समय होने वाली खांसी इसके प्रमुख लक्षण हैं। वायु प्रदूषण, मौसम में बदलाव और धूल या पराग जैसे एलर्जन इसके लक्षणों को गंभीर बना सकते हैं। अगर अस्थमा की जल्दी पहचान हो जाए और सही तरीके से इलाज हो, तो इससे जीवन की गुणवत्ता बेहतर की जा सकती है और गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। पारस हेल्थ पंचकुला में पल्मनोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. रॉबिन गुप्ता ने भी इसी बात को दोहराते हुए कहा, अस्थमा सिर्फ सांस से संबंधित बीमारी नहीं है, बल्कि यह इंसान की रोजमर्रा की ज़िंदगी, स्कूल, काम और नींद तक को प्रभावित करती है। कई लोग इसके शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं या उन्हें पता ही नहीं होता कि उन्हें अस्थमा है, उन्हें पता तब चलता है जब यह गंभीर हो जाती है। इसलिए लोगों को जानकारी देना बहुत जरूरी है। जब समाज जागरूक और सक्रिय होता है, तो हम लक्षणों को जल्दी पकड़ सकते हैं, अस्पताल जाने की जरूरत कम कर सकते हैं और लोगों को बेहतर और आत्मविश्वास भरी ज़िंदगी जीने में मदद कर सकते हैं। पारस हेल्थ ऐसे कार्यक्रमों के जरिए लोगों के स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लगातार आगे बढ़ा रहा है। यह हॉस्पिटल न केवल बेहतरीन इलाज देने में जुटा है, बल्कि जरूरी स्वास्थ्य समस्याओं पर लोगों को जागरूक करने का भी काम कर रहा है। यह आयोजन हॉस्पिटल की समाज की भलाई के प्रति लगन को दशार्ता है और इसे हेल्थकेयर सेक्टर में एक अग्रणी हॉस्पिटल के रूप में और मजबूत बनाता है।

### न्युवोको ड्यूरागार्ड सीमेंट के सबसे खास पहलवान कुश्ती चैंपियनशिप का नई दिल्ली में पावर-पैक ग्रैंड फिनाले के साथ समापन हुआ

**पानीपत ।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने 2 मई, 2025 को नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में न्युवोको ड्यूरागार्ड सीमेंट द्वारा प्रस्तुत ह्लसबसे खास पहलवानह्व कुश्ती चैंपियनशिप के ग्रैंड फिनाले का समापन किया।यह प्रतिष्ठित कुश्ती चैंपियनशिप हरियाणा भर में उभरती प्रतिभाओं की खोज और उनका जश्न मनाने के लिए आयोजित की गई थी। यह न्युवोको ड्यूरागार्ड सीमेंट की ताकत, मजबूती और एक्सीलेंस के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ये ऐसे मूल्य जो न्युवोको के प्रीमियम उत्पादों और कुश्ती के दमदार खेल, जो हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान का एक अभिन्न अंग है, दोनों के साथ सहजता से मेल खाते हैं।इस अभियान में हरियाणा के सभी 22 जिलों के 1500 से अधिक महत्वाकांक्षी और उभरते हुए पहलवानों ने भाग लिया। स्थानीय अखाड़ों से लेकर फिनाले के ग्रैंड मैट तक, इस सफर में जिला स्तर के क्वालीफायर देखने को मिले, जिसमें टॉप दावेदार नई दिल्ली में आयोजित फाइनल राउंड्स में पहुंचे। चैंपियनशिप में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए विभिन्न वजन कैटेगरीज में फ्रीस्टाइल कुश्ती शामिल थी, जो प्रतिभा और मजबूत संकल्प को दिखाने के लिए एक प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म प्रदान करती है।

## लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को शहीद का दर्जा दिया जाए : रवि आजाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद ने मांग की है कि लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को आधिकारिक तौर पर शहीद का दर्जा दिया जाए। उन्होंने करनाल में किसी मुख्य सडक या चौराहे या किसी संस्थान का नाम विनय के नाम पर रखने की मांग उठाई है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि वे अपनी आवाज उठाएं और विनय को शहीद का आधिकारिक दर्जा दिलाने के लिए अभियान चलाएं, ताकि लोगों की आवाज सरकार तक पहुंचे और सरकार तुरंत प्रभाव से विनय नरवाल को शहीद का दर्जा दे।



रवि आजाद ने कहा कि कहा कि करनाल के नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की शहादत हुई। बहुत ही छोटी उम्र थी और शादी को भी सिर्फ एक सप्ताह हुआ था। इतनी बड़ी घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस घटना के इतने दिन बाद जो इस देश, प्रदेश और युवाओं की भावना है कि विनय नरवाल शहीद हुए, हमेशा शहीद कहलाएंगे।

लेकिन भारत की सरकार और सेना उनको आधिकारिक रूप से शहीद का दर्जा दे और हरियाणा की सरकार करनाल में किसी संस्थान का नाम विनय नरवाल के नाम पर रखे या फिर किसी मुख्य चौक चौराहे का नाम विनय के नाम पर रखा जाए, ताकि आने वाली पीढि?ां और नौजवान साथियों को हमेशा प्रेरणा मिलती रहे।

रवि आजाद ने कहा कि यह घटना कोई छोटी बात नहीं है, इसलिए हरियाणा सरकार व भारत सरकार को गंभीरता से मामले को लेना चाहिए और विनय नरवाल को आधिकारिक रूप से शहीद का दर्जा दे। उन्होंने कहा कि पहलगाम की इतनी बड़ी घटना घटी, आतंकियों ने निहत्थे लोगों को शिकार किया, उन सभी मृतकों को विनय नरवाल के साथ ही शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। यह एक शहादत है, क्योंकि आतंकियों ने उनको गोली मारी और निहत्थे लोगों को गोली मारी, यह घटना कोई छोटी घटना नहीं है, इसलिए तत्काल प्रभाव से विनय को शहीद का दर्जा दिया जाए।

उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि अलग-अलग माध्यमों से विनय नरवाल को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग को उठाएं और अभियान चलाएं।

## राजकुमार खातोद बने जेजेपी के जिला अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़:** जेजेपी ने युवा नेता राजकुमार खातोद को पार्टी हाईकमान ने जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। राजकुमार खातोद ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे निष्ठापूर्वक निभाएंगे। राजकुमार खातोद का परिवार कई दशकों से चौधरी देवीलाल परिवार के साथ जुड़ा हुआ है। 1996 में राजकुमार के पिता राव छैलू राम ने जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ा। वे इनेलो के जिला अध्यक्ष सहित अनेक पदों पर रहे। राजकुमार खातोद ने छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत की। वे छात्र संघ के अध्यक्ष रहे। उसके बाद जिला पार्षद का चुनाव भारी बहुमत से जीते



## डीएवी गन्नौर ने प्राप्त किया हरियाणा गौरव पुरस्कार

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

जयंती प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल ,गन्नौर में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा समिति, टोहाना जिला फतेहाबाद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता में हर्षिता (नौवीं) , दिशा (दसवीं) नव्या( सातवीं) ऐंजल (सातवीं ए) ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर हरियाणा गौरव पुरस्कार प्राप्त किया। 24 विद्यार्थियों ने 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।। हिंदी अध्यापिका मुकेश शर्मा को भी हिंदी के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।



स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने सभी विजेताओं और हिंदी शिक्षकों को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी एवं भविष्य में भी विद्यार्थियों का आत्मविश्वास एवं ज्ञान बढ़ाने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएँ आयोजित करने के लिए प्रेरित किया ।

## सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर हमले से महेंद्रगढ में लोगों ने खुशी की जाहिर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**

भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के बाद देश में खुशी का माहौल है। महेंद्रगढ के भगवान परशुराम चौक पर लोगों ने इकट्ठा होकर पटाखे फोड़े और भारत माता के जयघोष के साथ खुशी का इजहार किया। भाजपा के जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने कहा कि यह नया भारत है, अंदर घुसकर मारना जानता है। भारतीय सेना द्वारा एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया, जिससे देश में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हर देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मात्र 15 दिन के अंदर पहलगाम में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना का बदला भारतीय सेना ने ले लिया है। हर देशवासी भारतीय सेना को सलाम करता है।



इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी, मास्टर जयनारायण सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष नरेश जोशी, धर्मवीर सैनी, पूर्व पार्षद मुंशीराम जांगड़ा, पूर्व पार्षद राजेंद्र बजाज, राकेश सैनी, अनिल सेठ, सुरेश गोस्वामी, पंकज पंसारी, चिमनलाल सैनी, सुनील श्याम फार्मा सहित दर्जनों उपस्थित रहे।

## अधिकारी प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दिया ने जानकारी देते हुए बताया की नगर निगम के अधीन बहुत से ऐसी सरकारी विभाग है जिनके द्वारा अपनी प्रॉपर्टी का प्रॉपर्टी टैक्स इस कार्यालय में जमा नहीं करवाया जा रहा जबकि हरियाणा नगर निगम अधिनियम की धारा 1994 का धारा 87 ए के तहत संपत्ति धारक को अपने संपत्तिकर का स्वयं निर्धारण करते हुए उक्त ।अधिनियम की धारा 87 बी ( 2 )के तहत भुगतान करना होता है जो की काफी विभागों के द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर नहीं किया जा रहा।

## अनाज के सुरक्षित भंडारण पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गांव सलीमपुर में हिंदुस्तान एंड कैमिकल्स लि. भिवानी के सौजन्य से जिले के किसानों के लिए ग्वार फसल की अच्छी पैदावार लेने के किसानों के लिए ग्वार फसल की अच्छी पैदावार लेने के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के उद्घाटन पर किसानों को संबोधित करते हुए केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने कहा कि भारत वर्ष में ग्वार शुष्क क्षेत्रों के लिए वर्षा पर आधारित या कम पानी व लागत में उगाई जाने वाली खरीफ मौसम की एक महत्वपूर्ण फसल है। ग्वार की फसल किसानों के लिए न सिर्फ अच्छी आय का स्त्रोत है बल्कि भूमि की उर्वरक शक्ति को भी बढ़ाती है। डॉ. जयलाल यादव ने बताया कि उन्नत किस्मों जैसे एचजी 2-20, एचजी 563 का चयन तथा उचित फसल प्रबंधन अपनाकर ग्वार के उत्पादन और उत्पादन को और भी बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा अनाज के सुरक्षित भंडारण के उपायों की जानकारी दी। हिंदुस्तान गम एंड कैमिकल्स लि. से आए डॉ. बीडी यादव ने किसानों को ग्वार फसल कि बिजाई का उपयुक्त समय, बीज कि मात्रा, बीज उपचार, बिजाई का तरीका आदि के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्वार फसल में खरपरवार प्रबंधन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि ग्वार फसल में कई बार रस चूसने वाले कीटों का आक्रमण हो जाता है, इससे बचाव के लिए 200 मिली मैलाथियान 50 ईसी को 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ के हिसाब से छिड़काव करें। किसानों को ग्वार फसल में लगने वाले कीड़ों व बीमारियों कि रोकथाम व दवाओं के प्रयोग में सावधानियों के बारे में जानकारी दी। झुलसा रोग से बचाव के लिए छह किग्रा ग्वार का बीज को छह लीटर पानी में छह ग्राम स्ट्रेप्टोसाइकलिन के घोल में 20 मिनट तक भिगोकर व छाया में सुखाकर दो ग्राम बाविस्टिन प्रति कि.ग्रा. बीज के हिसाब से सूखा उपचार करें।



## जेल लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन के समक्ष 12 मामले रखे गए। बता दें कि इनमें से 8 मामलों का निपटारा कर 7 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। सुश्री इरम हसन ने जेल मे रह रहे बंदियों को मुफ्त कानूनी सेवाओं से अवगत करवाया और उनको प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।



राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को सीजेएम इरम हसन ने बताया कि 10 मई को जिला न्यायालय व सब डिवीजन इन्द्री, असंध और घरौंडा की अदालतों में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

## पहलगाम में हमले के बाद पूरा देश पीएम मोदी की ओर देख रहा था: गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई**

राई हलका विधायक व पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचों को निशाना बनाकर की गई भारतीय सशस्त्र बलों की एयरस्ट्राइक की सराहना की है और कहा है कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की हैं। हमले के बाद पूरा देश पी एम की ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। भारत की इस कार्रवाई पर देश से लेकर विदेश तक के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत के सत्ता और विपक्ष के नेताओं ने भारतीय सेना की प्रशंसा की है। वहीं पाकिस्तान ने भी अपने घड़ियाली आंसू बहाने शुरू कर दिए हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भारत की पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ अडिग राष्ट्रीय नीति हैं। . हमें अपनी भारतीय सशस्त्र सेनाओं पर बेहद गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी कैंपों पर हमला किया है। भारतीय सेना का साहस ह्लहर नागरिक का विश्वासह्व है. ह्लहमें भारतीय सेना और अपने बहादुर जवानों पर गर्व है। हर भारतीय को भारतीय सेना पर पूरा विश्वास है, जो भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए सीने पर गोली खाने से भी पीछे नहीं हटती. आज, उसी विश्वास को साबित करते हुए, भारतीय वायुसेना ने रात को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए नौ आतंकी ठिकानों पर सफल हवाई हमले किए । विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के 15वें दिन बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत ने मंगलवार आधी रात के बाद एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए। पाकिस्तान को सबक सिखाने और आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। हमले में जिन आतंकी समूहों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। गलाहवत ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान व पीओके में आतंक के कुल नौ ठिकानों पर कार्रवाई की गई। पाकिस्तान के किसी भी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया है। यह ऑपरेशन भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दशार्ता है। भारतीयकार्रवाई से आतंकवादी समूहों के खिलाफ एक कड़ा संदेश गया है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने धर्म पूछकर 26 पर्यटकों को मार डाला था। तभी से पाकिस्तान के खिलाफ भारत की ओर से बड़ी कार्रवाई की उम्मीद की जा रही थी।



**एयर स्ट्राइक**

**आधी रात को एयर स्ट्राइक पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकाने किए तबाह : कृष्णा गहलावत**

## कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने किया गर्ल्स हास्टल में उत्तरा भवन का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गर्ल्स हास्टल में उत्तरा भवन में औचक निरीक्षण किया व हॉस्टल में छात्राओं के साथ बैठकर दोपहर का लंच भी किया। इस अवसर पर उनके साथ चीफ वार्डन प्रो. कुसुमलता तथा वार्डन डॉ. पूनम भी मौजूद थे।

कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के साथ-साथ उनको हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। गर्ल्स हॉस्टल में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने छात्राओं से बातचीत की व खाने की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने छात्राओं को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाने व किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसके समाधान का आश्वासन दिया।



# आदर्श नगर: भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य भजन संध्या का आयोजन










## आदर्श नगर ब्राह्मण सभा के संरक्षक नवीन त्यागी की अगुवाई में हुआ भव्य भजन संध्या का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आदर्श नगर ब्राह्मण सभा की ओर से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। केवल पार्क के प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित हुए इस समारोह में ब्राह्मण समाज के लोग तो शामिल हुए ही। साथ ही अन्य समुदायों के प्रतिष्ठित लोगों ने भी शिरकत की।

इस मौके पर राजनीतिक हस्तियों के अलावा सामाजिक और धार्मिक शख्सियतों ने भी हिस्सा लिया।

**दीप प्रज्ज्वलन से हुई भजन संध्या की शुरूआत**
इस मौके पर आए हुए सभी अतिथियों ने भगवान परशुराम जी के तैल्य चित्र पर फूल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान दीप प्रज्ज्वलन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के समय पर क्षेत्रीय सांसद प्रवीण खंडेलवाल, हरियाणा सरकार के सहकारिता एंव जेल मंत्री अरविन्द शर्मा, सभा के मुख्य संरक्षक नवीन त्यागी, अजय शर्मा, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, समाजसेवी सीता राम शर्मा, चंदरशेखर शर्मा, किरण शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण रत्न मौजूद रहे।

**प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में हुआ संध्या का आयोजन :** कार्यक्रम का आयोजन केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में किया गया। भजन गायकों ने भगवान परशुराम जी के जीवन पर आधारित बेहद मधुर गीत प्रस्तुत किए, जिसका सभी ने तालियों के द्वारा उत्साहवर्धन किया।

**लोगों ने की कार्यक्रम की सराहना:** इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आस-पास के क्षेत्रों के राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां भी पहुंची और संस्था के कार्यों की सराहना की।

इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखे।

**आदर्श नगर में ब्राह्मण सभा के उत्थान में नवीन त्यागी ने निभाई विशेष भूमिका**
जो कोई भी आदर्श नगर ब्राह्मण सभा से जुड़ा हुआ है, वो इस बात को बिल्कुल भी नकार नहीं सकता कि पूरे क्षेत्र में ब्राह्मणों और ब्राह्मण सभा के उत्थान में नवीन त्यागी ने बहुत ही विशेष भूमिका निभायी है। आज भी उनके सिविल लाइन जोन के चेयरमैन कार्यकाल को समस्त ब्राह्मण समाज याद करता है।


ब्राह्मण समाज से जुड़े समाजसेवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मान दिलवाने में भी नवीन त्यागी का कोई सानी नहीं था। सच तो यही है कि ब्राह्मण सभा के असली अस्तित्व का परिचय तभी से देखने को मिला जब ब्राह्मण सभा की बागडोर नवीन त्यागी के हाथ में आई। श्री त्यागी की ही प्रेरणा से आदर्श नगर ब्राह्मण सभा ने भव्य और विशाल कार्यक्रम करने शुरू किए। भजन संध्या का आयोजन भी उनकी ही सोच का नतीजा है।











**नवीन त्यागी, संरक्षक, सभा:** मैं सभी को भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की बधाई देता हूं। भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर आज भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से लोग शामिल होते है। क्योंकि भगवान परशुराम सभी के है।



**सुभाष दीक्षित, प्रधान, आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क:** मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं। आज बड़े ही भव्य रूप में आदर्श नगर ब्राह्मण सभा की ओर से भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है और बड़े ही भव्य रूप में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है।



**पूनम शर्मा भारद्वाज, विधायक, वजीरपुर विधानसभा:** भगवान परशुराम जी का जहां पर बुलावा होता है, वहां पर बच्चे अपने आप चले आते है, आज बड़े ही भव्य रूप में आदर्श नगर ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। मैं इसके लिए पूरी टीम को बधाई भी देती हूं।



**सुरेश भारद्वाज, पूर्व जोन चेयरमैन:** मेरी राजनीति की शुरूआत इसी जगह से हुई है। मैं कार्यक्रम के आयोजको को बधाई देता हूं कि इतना भव्य रूप में आज भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। सभी को भगवान परशुराम जी के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए।



**पवन शर्मा, पूर्व विधायक, आदर्श नगर विधानसभा:** हर वर्ष आदर्श नगर ब्राह्मण सभा के द्वारा शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। मैं पूरी टीम को इस भव्य कार्यक्रम के लिए बधाई देता हूं। इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम सभी को समय-समय पर आयोजित करने चाहिए।



**अजय शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिल्ली के केवल पार्क इलाके में आदर्श नगर ब्राह्मण सभा की ओर से भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि सभी को भगवान परशुराम जी के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए।

# राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद ने सीएम को लिखा पत्र, निगम कर्मियों की सुनाई व्यथा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: जैसा की ज्ञात** हो कि दिल्ली में जब कभी भी कोई आपदा आई हो, या कोई दिल्ली सरकार का कोई बडा कार्यक्रम हो या फिर कोरोना काल जैसा कठिन समय, निगम के कर्मचारियों ने कभी भी पीठ नहीं दिखाई व हर आपदा हर कठिन समय में दिल्ली के लोगों को स्वच्छता प्रदान करने में कोताही नहीं दिखाई है। बावजूद इसके निगम कर्मियों पर स्वच्छता के नाम पर मनमानी थोपी जा रही है व दिल्ली से सत्ता गंवाने का गुस्सा अब आप काबिज निगम के



कर्मियों पर निकाला जा रहा है। राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद दिल्ली अध्यक्ष दलीप बरवाला ने बताया कि पहले निगम के सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक होती थी, लेकिन अब समय बदलकर सुबह पांच बजे का कर दिया गया है, जिसके चलते सभी कर्मचरियों का काफी दिक्कतें आ रही है, इसमें से खासतौर पर महिला कर्मचारियों को हो रही है, क्योंकि वह महिला ड्यूटी पर जाए या फिर अपने छोटे-छोटे बच्चों को तैयार करके स्कूल भेजे। इसके साथ ही बरवाला ने कहा कि स्वच्छता सैनिक अपनी ड्यूटी का निर्वाह ईमानदारी से कर रहे हैं लेकिन प्रशासन को भी चाहिए कि उनकी भी मांगों को सुनकर उन्हें पूरा किया जाना चाहिए।

# करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी की हुई मासिक बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: करावल नगर** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हुई। जिस बैठक में सर्वप्रथम पाकिस्तान के खिलाफ सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेना के शौर्य को सलाम किया गया और उसके बाद पाकिस्तान द्वारा जवाबी कार्यवाही में शहीद हुए 10 नागरिकों को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। इस बैठक में लोकसभा प्रभारी रमेश सब्बरवाल, सचिव व जम्मू कश्मीर और उत्तरपूर्वी दिल्ली के प्रभारी मनोज यादव, हसन अहमद पूर्व





विधायक, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला प्रभारी लक्ष्मण रावत, दीपक वशिष्ठ और फरीद शाह व विधान सभा प्रत्याशी डॉ पीके मिश्रा, ईश्वर बागड़ी, अली मेहंदी, डॉ एस पी सिंह मौजूद रहे और आगामी 14 मई को होने वाली संविधान बचाओ रैली को लेकर रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सरकार की संविधान विरोधी नितियों का खुलकर विरोध करने और लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया गया। और सभी को भाजपा की नफरत भरी राजनीति में ना फंसकर आपसी भाईचारे को बनाए रखने का संदेश दिया गया। सभी का मानना था कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश की एकता और अखंडता केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं है। यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें आपसी भेदभाव, क्षेत्रवाद और संकीर्ण सोच से ऊपर उठकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान देना होगा। हमें अपनी सेना का सम्मान करना होगा, और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाना होगा। इस बैठक में प्रमोद जयंत ब्लॉक अध्यक्ष, शहजाद, अशोक डूबे, बगान सिंह तोमर, सेलेनदर एडवोकेट सतबीर सिंह, अलीम वसीम मलिक, आशिफ मिर्जा, तोकीर रजा राज ठाकुर पी एस रावत, शिव चरण, बलजीत शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बने शिवचरण योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: जर्नलिस्ट एसोसिएशन** ऑफ इंडिया द्वारा मॉडल टाउन में रहने वाले समाज सेवी डॉ. शिवचरण योगी को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है।

जिसके बाद उनके चाहने वालों ने डॉ शिवचरण योगी को फूलमाला पहनाकार उनका स्वागत कर बधाई दी गई। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाज सेवी हरीश असड़ी, सरदार अमन दीप सिंह, बंटी, आकाश खुराना, अंकित सचदेवा,



राजकुमार अरोड़ा, राकेश राय, श्रीराम प्रॉपर्टी वाले अंशुल असड़ी, एडवोकेट हिमांशु योगी, संजय कुमार, डॉ ब्रिजेश चौहान, ब्रह्म प्रकाश, सुरेंद्र सूद, कार्तिक के साथ-साथ मॉडल टाउन से भाजपा की नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष शैफाली मनचंदा सहित भाजपा व अन्य सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बधाई दी। जिसके बाद योगी ने सभी लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया। जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जी न्यूज चैनल के एडिटर राजीव गोयल ने डॉ शिवचरण योगी को बतौर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति किया। इस दौरान एसोसिएशन के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इसी के साथ ही एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात की और पत्रकारों के हितो को लेकर व सुरक्षा को लेकर कई मुद्दे भी उठाए।

# बैंकिंग, बीमा, लोन योजनाओं के साथ स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति महिलाओं को किया गया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकुल पुर विधानसभा स्थित गोकुल पुरी के जी ब्लॉक में प्रतिष्ठा युवा संगठन द्वारा बैंकिंग, बीमा, लोन योजनाओं के साथ स्वास्थ्य स्वच्छता के प्रति महिलाओं को किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मुख्य वक्ता के रुप में शील कुमार रस्तोगी एफ एल सी अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय पंजाब नेशनल बैंक जिला उत्तर पूर्वी दिल्ली, विजय चोपड़ा उपस्थित रहें तथा




प्रतिष्ठा युवा संगठन के संस्थापक एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मोहित कुमार भारतीय ने पटका पहनाकर स्वागत करते हुए बताया कि आज कई सारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं और युवाओं को नहीं होती हैं जिसकी वजह से वो उसका लाभ नहीं उठा पाते हैं इसी को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठा युवा संगठन के तत्वाधान में बैंकिंग, बीमा, लोन योजनाओं के प्रति जागरूक करने की पहल उनके ही क्षेत्र में की गई जिससे महिलाएं और युवा उसका लाभ उठा सके शील कुमार रस्तोगी ने बीमा और लोन योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना बीमा योजना जो दुर्घटना के कारण मृत्यु या विकलांगता के लिए आकस्मिक मृत्यु और विकलांगता कवर प्रदान करती है। अधिमूल्य: प्रति सदस्य प्रति वर्ष 20 रुपये हैं वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना इस योजना के तहत किसी भी कारण से मृत्यु होने पर 2.00 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर दिया जाता है।

# विधायक अशोक गोयल देवराहा व पार्षद सुशील जोंटी ने किया क्षेत्र का दौरा









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के संगम** पार्क वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके लालबाग से कौशलपुरी तक मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा और केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी ने दौरा किया और वहां पर सफाई व्यवस्था का तो जायजा लिया ही साथ ही क्षेत्र के लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इस मौके पर विधायक और पार्षद के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। निगम पार्षद सुशील जोंटी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज विधायक अशोक गोयल देवराहा के साथ क्षेत्र का दौरा किया गया और जो भी जनता की समस्याएं थी उनकी समस्याएं सुन जनता की समस्याओं का समाधान किया गया। इस मौके पर पार्षद ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी से मेरी अपील है कि कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ रहे।

# आईपीएल 2025: गुजरात ने आखिरी गेंद पर जीता मैच, मुंबई को डकवर्थ लुईस से 3 विकेट से हराया





**मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग** (आईपीएल) 2025 के 56वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने डकवर्थ लुइस (डीएलएस) नियम के तहत आखिरी गेंद पर मैच अपने नाम किया। इस रोचक मुकाबले में गुजरात ने मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से मात दी। मुंबई की ओर से मिले 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की शुरूआत अच्छी नहीं रही और साई सुदर्शन मात्र पांच रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद जोश बटलर और कप्तान शुभमन गिल ने पारी को संवारा और टीम के स्कोर पर 78 रन तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर बटलर 30 रन बनाकर आउट हो गए। तब मैदान पर उतरे शरफेन रदरफोर्ड ने धमाकेदार अंदाज में कुछ बेहतरीन शॉट लगाए और बारिश की बाधा से पहले जरूरी रन रेट को प्राप्त कर लिया। बारिश शुरू हुई तो गुजरात को 14 ओवर में 99 रन बनाने आवश्यक थे, ऐसे में रदरफोर्ड के धमाके की वजह से 8 रन ज्यादा बने। बारिश की वजह से कुछ देर खेल रुकने के बाद जब शुरू हुआ तो मुंबई ने अपने दोनों मुख्य गेंदबाजों को मोर्चे पर उतारा। जिसका टीम को फायदा भी हुआ। और अगले चार ओवर में गुजरात ने 35 रन बनाए और चार विकेट गंवाए। 18 ओवर में 132 के स्कोर पर बारिश ने फिर बाधा डाली और इस बार डीएलएस नियम के तहत गुजरात जरूरी स्कोर से पीछे थी। करीब एक घंटे बाद जब मैच शुरू हुआ तो गुजरात को संशोधित लक्ष्य के तौर पर 6 गेंद पर 15 रन बनाने थे।

## हार के बाद हार्दिक पांड्या बोले- नो बॉल ने हमें हराया

**मुंबई। मुंबई के** वानखेड़े स्टेडियम में मंगलवार को बारिश से प्रभावित मुकाबले में मुंबई इंडियंस को गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी गेंद पर तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला उतार-चढ़ाव से भरा रहा, लेकिन अंत में कप्तान हार्दिक पांड्या की 'नो बॉल' चिंता की सबसे बड़ी वजह बनी। हार के बाद हार्दिक पांड्या ने जताई नाराजगी मैच के बाद हार्दिक ने कहा, कैच छूटने से ज्यादा नुकसान नो बॉल्स ने पहुंचाया। मेरे द्वारा डाले गए दो नो बॉल और आखिरी ओवर में दीपक चाहर की नो बॉल को मैं 'क्राइम' मानता हूं। ये चीजें अक्सर टीम को भारी पड़ती हैं और हमारे साथ भी वही हुआ। हार्दिक ने 8वें ओवर में दो नो बॉल डालीं, जो 18 रन खर्च करने वाले ओवर में शामिल रहीं। वहीं, आखिरी ओवर में 14 रन बचाने की कोशिश कर रहे दीपक चाहर ने भी अहम मौके पर नो बॉल फेंकी।

## शुरूआत में ऐसा लग रहा था जैसे हम टेस्ट मैच खेल रहे हों: शुभमन गिल



**मुंबई। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल 2025) के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन बनाए, इसके बाद मैच में बारिश ने कई बार खलल डाली और अंत में गुजरात को 19 ओवर में 147 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे गुजरात ने 7 विकेट के नुकसान पर आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया। मैच के बाद कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि जब टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो हालात टेस्ट मैच जैसे महसूस हो रहे थे। हवा तेज चल रही थी और बारिश की वजह से बल्लेबाजी करना बेहद कठिन हो गया था।

**पावरप्ले में संभलकर खेली क्रिकेट**

गिल ने कहा, "पावरप्ले के दौरान हमारा गेम प्लान बिल्कुल अलग था। चार से पांच ओवर तक ऐसा लग रहा था जैसे हम टेस्ट मैच खेल रहे हों। हमें सामान्य क्रिकेट खेलनी पड़ी। पावरप्ले के बाद सोचा कि अब अपने गेम पर लौटते हैं, लेकिन बारिश बार-बार बाधा डाल रही थी।" गुजरात ने पावरप्ले में सिर्फ 29 रन बनाए, लेकिन इसके बाद गिल और जोस बटलर ने 72 रन की अहम साझेदारी कर पारी को संभाला। फिर गिल और शर्फेन रदरफोर्ड के बीच तेज साझेदारी भी हुई, लेकिन अचानक टीम ने 15 गेंदों में 13 रन पर 4 विकेट गंवा दिए।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद सहवाग का पाकिस्तान पर तंज

भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर आतंकियों के नौ ठिकानों पर हमला कर पहलगाम हमले का बदला ले लिया है। आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूद हो गए हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकियों ने 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। अब भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारत की इस कार्रवाई ने भारतीय क्रिकेटरों में भी जोश भर दिया है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भी भारत की इस कार्रवाई का समर्थन किया है।

**सहवाग ने कसा पाकिस्तान पर तंज**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने बुधवार को दो ट्वीट किए। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा- धर्मो रक्षति रक्षतः जय हिंद की सेना! दूसरे ट्वीट में उन्होंने पाकिस्तान को लताड़ लगाई। उन्होंने लिखा- अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उसपर फूल फेंको लेकिन गमले के साथ। जय हिंद! ऑपरेशन सिंदूर! क्या नाम है।

## टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा की बादशाहत बरकरार

भारतीय टीम के स्टार स्पिनर रवींद्र जडेजा की बादशाहत में कोई कमी नहीं आई है। वह टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं। वहीं, बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को भी तगड़ा फायदा हुआ है। बता दें कि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी।

**जडेजा की बादशाहत बरकरार, मिराज दूसरे स्थान पर पहुंचे**

जिम्बाब्वे के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने वाले मेहदी हसन मिराज ने एक स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। जडेजा अब 400 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। फॉर्म में चल रहे मिराज ने दो टेस्ट मैचों में 116 रन बनाए और 15 विकेट लिए।

इसके बाद उन्हें टेस्ट रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 327 अंकों के साथ हासिल करने का मौका मिला।

## फाइनल में इंटर मिलान की धमाकेदार एंट्री



**क्लास**

**बार्सिलोना को एक्स्ट्रा टाइम तक चले रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराकर फाइनल में जगह बना ली**

**मिलान। इंटर मिलान** ने मंगलवार रात को यूईएफए चैंपियंस लीग 2024-25 के सेमीफाइनल में बार्सिलोना को एक्स्ट्रा टाइम तक चले रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। दो लेग्स के कुल स्कोर में इंटर ने 7-6 से जीत दर्ज की। मिलान की बरसात में खेले गए इस मुकाबले में इटली के मिडफील्डर डेविडे फ्राटेसी ने 99वें मिनट में विजयी गोल दागा। उनका यह सातवां गोल सीजन का सबसे अहम साबित हुआ और सं सिरो स्टेडियम जश्न में डूब गया।

**सीजन में जान फूंकी, अब खिताब से एक कदम दूर**

सिमोन इनजागी की टीम अब म्यूनिख में इस महीने के अंत में होने वाले फाइनल में आर्सेनल या पेरिस सेंट-जर्मेन में से किसी एक से भिड़ेगी। इंटर के लिए यह मुकाबला सीजन का टर्निंग पॉइंट बन गया है, क्योंकि वह पहले ही इटालियन कप से बाहर हो चुका था और सीरी ए की दौड़ में भी नेपोली से पिछड़ गया है।

**बार्सिलोना की शानदार वापसी पर लगा ब्रेक**

बार्सिलोना ने पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की। एरिक गार्सिया और डानी ओल्मो ने गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। फिर 88वें मिनट में राफिन्हा ने गोल कर बार्सिलोना को 3-2 की बढ़त दिला दी। लेकिन, इंजरी टाइम में फ्रांसेस्को एचर्बी ने डेनजेल डमफ्रिस की क्रॉस पर गोल कर मुकाबले को एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा दिया।

**गोलकीपर सोमर ने दिखाई क्लास**

इंटर के स्विस गोलकीपर यान सोमर ने कई अहम मौके पर शानदार बचाव किए। उन्होंने एरिक गार्सिया और लमीन यमाल के प्रयासों को नाकाम कर मैच में इंटर की उम्मीदों को ज़िंदा रखा। अब इंटर मिलान दो साल में दूसरी बार चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचा है और एक बार फिर यूरोप का ताज पहनने की दहलीज पर खड़ा है।

## आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2: भारत की पुरुष और महिला कंपाउंड टीमों ने फाइनल में



**शंघाई। भारत की पुरुष** और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को वर्ल्ड कप स्टेज-2 में दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस उपलब्धि के साथ ही भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दो पदक पक्के कर लिए हैं।

**पुरुष टीम ने ग्रेट ब्रिटेन और डेनमार्क को हराया**

विश्व की नंबर-1 पुरुष कंपाउंड टीम–ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की तिकड़ी–ने क्वार्टरफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 239-232 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में डेनमार्क के खिलाफ कड़ा मुकाबला रहा, लेकिन भारत ने 232-231 से जीत दर्ज की। क्वार्टरफाइनल में भारत ने पहला सेट 59-60 से गंवाया, लेकिन अगले दो सेट 60-58 और 60-57 से जीतकर बढ़त बना ली। चौथे सेट में भी भारत ने 60-57 से जीत हासिल की।

## द. अफ्रीका को हरा फाइनल में पहुंची भारतीय टीम, श्रीलंका से होगा खिताबी मुकाबला

**कोलंबो।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के आखिरी और निर्णायक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 23 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। अब भारत का खिताबी मुकाबला 11 मई को कोलंबो में श्रीलंका से होगा। भारत द्वारा दिए गए 338 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत खराब रही। टीम ने 7 रन पर पहला विकेट गंवाया। सलामी बल्लेबाज लौरा गुडॉल (7) और तजमीन ब्रिट्स (26) को अमनजोत कौर ने आउट कर भारत को मजबूत शुरूआत दिलाई। इसके बाद अनेरे डर्कसेन (81 रन, 80 गेंद) और कप्तान क्लो ट्रायोन (67 रन, 43 गेंद) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाईं। अंतिम दो ओवरों में दक्षिण अफ्रीका को 39 रन की दरकार थी, लेकिन खराब रोशनी के कारण खेल थोड़ी देर रोका गया। जब मैच दोबारा शुरू हुआ, तब अफ्रीकी टीम केवल 15 रन ही बना सकी। भारतीय गेंदबाजों में अमनजोत कौर ने 3 विकेट लेकर मैच का रुख मोड़ दिया, जबकि दीप्ति शर्मा ने 2 विकेट चटकाए। श्री चरनी और प्रतीका रावल को 1-1 सफलता मिली।

## जोनल हॉकी टूर्नामेंट: प्रधान महालेखाकार प्रयागराज की हॉकी टीम उपविजेता रही



**प्रयागराज। भारतीय लेखा** एवं लेखा परीक्षा विभाग द्वारा कोलकाता में आयोजित ऑल इंडिया इंटर जोनल हॉकी टूर्नामेंट में प्रधान महालेखाकार प्रयागराज की हॉकी टीम उपविजेता रही। बुधवार को कार्यालय के मनोरंजन क्लब द्वारा टीम के सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मनोरंजन क्लब के महासचिव अमित सिंह ने टीम के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग इसी तरह अपने खेल का प्रदर्शन करते रहें। किसी भी तरह के सहयोग के लिए क्लब आप लोगों के साथ हमेशा रहेगा। टीम के कोच मयंक दुबे को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में टीम की एकजुटता और प्रदर्शन विगत कई वर्षो से सराहनीय रहा है। राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि क्लब की तरफ से प्रखर श्रीवास्तव, कुशल वाल्मीकि, विजय पाण्डेय, मुमताज अहमद, निरंजन राय, संजीव कुमार सिंह आदि ने टीम के सभी खिलाड़ियों को इस प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी।

## एमआई कप्तान पंड्या और गुजरात कोच नेहरा पर लगा जुर्माना




**जुर्माना**

**मुंबई की टीम को एक बार फिर धीमी ओवर गति के चलते जुर्माने का सामना करना पड़ा**

**मुंबई। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) 2025 में मंगलवार रात मुंबई इंडियंस (एमआई) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच खेले गए मुकाबले में हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई की टीम को एक बार फिर धीमी ओवर गति के चलते जुर्माने का सामना करना पड़ा है। वहीं, गुजरात के कोच आशीष नेहरा को खेल भावना के विपरीत आचरण के लिए फाइन और डिमेरिट प्वाइंट दिया गया। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस को अंतिम ओवर में एक अतिरिक्त फील्डर 30-यार्ड सर्कल के अंदर लाना पड़ा, जो आईपीएल के नियमों के तहत धीमी ओवर गति पर इन-गेम पेनल्टी है। गुजरात को अंतिम ओवर में जीत के लिए 15 रन चाहिए थे और उन्होंने आखिरी गेंद पर मैच जीत लिया। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर उनकी टीम द्वारा वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच नंबर 56 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुमार्ना लगाया गया है। बयान में आगे कहा कि चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए पंड्या पर 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्स्टीट्यूट सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुमार्ना लगाया गया। वहीं मैच के अंतिम क्षणों में जब बार-बार बारिश की वजह से खेल रुका, आशीष नेहरा बेहद जोशीले अंदाज में नजर आए और अंपायरों से मैच फिर से शुरू करने की मांग करते दिखे।

## इंटर मिलान के खिलाफ हार के बाद भड़के बार्सिलोना कोच



**वीएआर समीक्षा**

**आपत्ति जताई, जो पाओ कुबारसी के लुटारो मार्टिनेज पर टैकल के लिए वीएआर समीक्षा के बाद दी गई**

**मिलान। सैन सिरो में** इंटर मिलान से 4-3 की हार के बाद बार्सिलोना के चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। बार्सिलोना के मैनेजर हैंसी फ्लिक ने मैच के दौरान रेफरी के कई फैसलों पर नाराजगी जाहिर की। बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और 87वें मिनट में राफिन्हा के गोल से 3-2 की बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन इंजुरी टाइम में इंटर के फ्रांसेस्को एचेर्बी ने गोल कर मैच को एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा दिया। फिर घरेलू टीम के सब्स्टीट्यूट डेविडे फ्रत्तेसी ने निर्णायक गोल कर इंटर को 7-6 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में पहुंचा दिया। रेफरी मार्किनियाक के फैसलों पर उठे सवाल हैंसी फ्लिक ने पोलैंड के रेफरी सिजमोन मार्किनियाक के फैसलों की आलोचना करते हुए कहा, हर 50-50 फैसला इंटर के पक्ष में गया। उन्होंने इंटर को दिए गए पेनल्टी पर आपत्ति जताई, जो पाओ कुबारसी के लुटारो मार्टिनेज पर टैकल के लिए वीएआर समीक्षा के बाद दी गई थी। वहीं, बार्सिलोना को मिले एक पेनल्टी को वीएआर ने यह कहते हुए बाहर का फाउल करार दिया कि मिखितारियन का यामल पर फाउल बॉक्स के बाहर हुआ था। बार्सिलोना के खिलाड़ियों और स्टाफ ने एक संभावित हैंडबॉल और डुमफ्रिज द्वारा गेरार्ड मार्टिन पर फाउल को लेकर भी आपत्ति जताई, जो इंटर के बराबरी वाले गोल के पहले हुआ।

**"रेफरी से कहा जो कहना था, लेकिन यहां नहीं बताऊंगा" - फ्लिक**

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लिक ने कहा, मैं रेफरी के बारे में ज्यादा नहीं बोलना चाहता, लेकिन हर फैसला उनके पक्ष में गया। मैं अपनी टीम से निराश नहीं हूं, उन्होंने सब कुछ झोंक दिया। उन्होंने आगे कहा, मैंने रेफरी को जो कहना था, कह दिया है, लेकिन मैं उसे यहां नहीं दोहराऊंगा।

**अब लक्ष्य है ला लीगा, रियल से होगा बड़ा मुकाबला**

बार्सिलोना अब कोपा डेल रे जीतने के बाद ट्रेबल की उम्मीद खो चुका है। टीम अब ला लीगा पर फोकस करेगी, जहां वह टॉप पर है और रविवार को रियल मैड्रिड के खिलाफ एल क्लासिको खेलेगी।

## नेशनल टीम में जगह बनाने को तैयार जोजो, बोले- देश के लिए मेडल जीतना है सपना



**बेंगलुरु। ओडिशा के** राउरकेला से निकलकर अब सुनील जोजो भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम के नेशनल कोचिंग कैंप में अपनी जगह बना चुके हैं। 22 वर्षीय डिफेंडर पहले दो बार जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और हाल ही में सुल्तान ऑफ जोहर कप में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। सीनियर कैंप में पहली बार शामिल होने का अनुभव साझा करते हुए सुनील ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "यह आसान नहीं है। यहां की फिजिकल डिमांड और खेल की गति काफी ज्यादा है। आपको तेजी से ढलना पड़ता है। स्किल लेवल भी अलग है, इसलिए कड़ी मेहनत करनी होती है। अब जब मैं यहां हूं, तो उसी हिसाब से खुद को ढाल रहा हूं।"

**अपनी ताकत और सुधार की जरूरतों पर फोकस**

सुनील ने अपनी मजबूतियों में ह्यगेम अवेयरनेसह्न और ह्यटैकलिंगह्न को गिनाया, लेकिन साथ ही अपनी फिटनेस पर और काम करने की बात भी स्वीकारी। उन्होंने कहा, "मेरे खेल की सबसे बड़ी ताकत अवेयरनेस और टैकलिंग है, लेकिन मुझे अपने स्टेमिना और एंड्योरेंस पर काफी मेहनत करनी है।" सुनील ने हमेशा मनप्रीत सिंह को अपना आदर्श माना है और अब उनके साथ कैंप में ट्रेनिंग करना उनके लिए एक बड़ा मौका है। उन्होंने कहा, "अब मैं उनके साथ ज्यादा वक्त बिता रहा हूं।

## मनोलो ने शिविर के लिए 28 सदस्यीय फुटबॉल टीम घोषित की



**नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल** टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कोलकाता में 18 मई से शुरू हो रहे राष्ट्रीय कैंप के लिए 28 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा कर दी है। मोहुन बागान सुपर जाइंट के युवा फॉरवर्ड सुहैल अहमद भट को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। पूर्व नंबर-1 गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को एक बार फिर बाहर रखा गया है।

**गुरप्रीत पर फिर नहीं दिखा भरोसा**

गुरप्रीत सिंह संधू ने आखिरी बार पिछले साल मलेशिया के खिलाफ फ्रेंडली मैच में भारत के लिए खेला था, जहां उनकी एक बड़ी गलती से विपक्षी टीम को गोल मिला और मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद उन्हें इस साल मालदीव के खिलाफ फ्रेंडली और बांग्लादेश के खिलाफ एशियन कप क्वालीफायर में भी टीम से बाहर रखा गया था। उनकी जगह गोलपोस्ट की जिम्मेदारी विशाल कैथ को सौंपी गई है।

**तीसरी बार एएफसी एशियन कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश**

भारत एएफसी एशियन कप में लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने की तैयारी में है। टीम को तीसरे राउंड के क्वालीफायर में ग्रुप सी में बांग्लादेश, हॉन्गकॉन्ग चाइना और सिंगापुर के साथ रखा गया है। ग्रुप की शुरूआती दोनों मैच ड्रॉ रहे हैं, जिससे सभी चारों टीमों के पास एक-एक अंक हैं।

**थाईलैंड से फ्रेंडली, फिर हॉन्गकॉन्ग से बड़ी भिड़ंत**

टीम की तैयारियों के तहत भारत 10 दिनों का ट्रेनिंग कैंप कोलकाता में लगाएगा, जिसके बाद 4 जून को थाईलैंड के खिलाफ एक फ्रेंडली मुकाबला खेलेगा। इसके बाद टीम 10 जून को हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ अहम क्वालीफायर मैच खेलने के लिए काई ताक स्पोर्ट्स पार्क, कौलून सिटी रवाना होगी।

**भारत की संभावित टीम**

**गोलकीपरः** ऋतिक तिवारी, विशाल कैथ, गुरमीत सिंह चाहल, अमरिंदर सिंह।

**डिफेंडरः** नाओरेम रोशन सिंह, राहुल बेके, कोंशम चिंगलेन्साना सिंह, अनवर अली, थांगजम बॉरिस सिंह, संदेश झिंगन, आशीष राय, सुभाशीष बोस, मेहताब सिंह, टेकचम अभिषेक सिंह, निखिल प्रभु।

**मिडफील्डरः** सुरेश सिंह वांगजाम, नाओरेम महेश सिंह, आयुष देव छेत्री, उदंता सिंह कुमाम, लालेनगमाविया राल्ते, लिस्टन कोलाको, आशिक कुरुनियन, ब्रैंडन फर्नांडिस।

**फॉरवर्डः** सुनील छेत्री, इरफान यादवाड़, मनवीर सिंह, सुहैल अहमद भट, ललियानजुआला छांगते।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 08 मई 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# भारत-पाक संघर्ष पर विश्व की निगाहें

**सभी ने की शांति की अपील, अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने दोनों परमाणु सम्पन्न देशों से संयम बरतने और स्थिति को कूटनीतिक माध्यमों से सुलझाने की अपील की, महासचिव भारत की सैन्य कार्रवाई को लेकर अत्यंत चिंतित हैं और दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम की अपील करते हैं: संयुक्त राष्ट्र महासचिव**





टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई के बाद उपजे तनाव को लेकर दुनिया भर से प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने दोनों परमाणु सम्पन्न देशों से संयम बरतने और स्थिति को कूटनीतिक माध्यमों से सुलझाने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस के प्रवक्ता ने कहा, महासचिव भारत की सैन्य कार्रवाई को लेकर अत्यंत चिंतित हैं और दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम की अपील करते हैं। दुनिया भारत और पाकिस्तान के बीच किसी सैन्य टकराव की स्थिति को नहीं वहन नहीं कर सकती। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि वे भारत और पाकिस्तान की स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी को दोहराया है जिसमें इस टकराव के जल्द शांतिपूर्वक समाप्त होने की उम्मीद जताई गई थी। रुबियो ने कहा कि अमेरिका दोनों देशों की नेतृत्व से बातचीत कर शांति की दिशा में प्रयास करता रहेगा। रूस ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वह दोनों देशों से संयम की अपेक्षा करता है। रूसी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, हम सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा करते हैं, लेकिन सैन्य टकराव से बचना दोनों देशों के हित में है। चीन ने भारत की कार्रवाई पर खेद जताया और दोनों देशों से शांति व स्थिरता को प्राथमिकता देने की अपील की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम सभी प्रकार के आतंकवाद के विरोधी हैं लेकिन हम चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान शांति का मार्ग अपनाएं। ब्रिटेन ने कहा कि वह भारत और पाकिस्तान दोनों का मित्र है और किसी भी प्रकार के तनाव को कम करने के लिए सहायता देने को तैयार है। ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को एलओसी और सीमा से सटे क्षेत्रों की यात्रा न करने की सलाह दी है। फ्रांस ने भी भारत की आतंकवाद से लड़ने की इच्छा को समझते हुए दोनों देशों से संयम की अपील की। फ्रांसीसी विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा, हम समझते हैं कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए हालात को अधिक बिगड़ने से रोका जाना चाहिए। जापान ने कश्मीर हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह स्थिति बड़े पैमाने पर टकराव की ओर ले जा सकती है। विदेश मंत्री ताकेशी इवाया ने कहा कि जापान इस बात से बहुत चिंतित है कि संघर्ष आगे प्रतिशोध की ओर ले जा सकता है और पूर्ण सैन्य संघर्ष में बदल सकता है। जापान दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए बातचीत से स्थिति को सुधारने का पुरजोर आग्रह करता है। इजरायल ने भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है। भारत में इजरायली राजदूत रेउवेन अजार ने एक्स पर लिखा, आतंकवादियों को यह जान लेना चाहिए कि वे निर्दोषों के खिलाफ अपने घिनौने अपराधों से बच नहीं सकते। कतर ने कहा कि वह भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव पर गंभीर रूप से चिंतित है और विवाद को कूटनीति के जरिए सुलझाने का आह्वान करता है। तुर्कीए ने भारत की सैन्य कार्रवाई को पूर्ण युद्ध की संभावना पैदा करने वाली बताया और पाकिस्तान की जांच की मांग का समर्थन दोहराया। संयुक्त अरब अमीरात ने दोनों देशों से तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान की अपील की। विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला ने कहा, शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए संवाद ही सर्वोत्तम मार्ग है।

## भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद पर बड़ी चोट : नकवी

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि भारतीय सुरक्षा बलों का पाकिस्तान के खिलाफ किया गया ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद पर बड़ी चोट है। भारतीय सेना के इस पराक्रम को आतंकवाद के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई के इतिहास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और उनके दूरदर्शी संकल्प के लिए सदैव याद किया जाएगा। भाजपा नेता नकवी ने आज उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में पहलगाम हमले के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत के सुरक्षा बलों ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व के संकल्प के साथ जालिमों के जुर्म और दहशतगर्दों की जागीरदारी को नेस्तनाबूद करने का पराक्रम किया है। यह धर्मयुद्ध का मार्ग है। नकवी ने कहा कि आज पाकिस्तान आतंकवाद का टेररिस्ट बन गया है। उसके खत्म होने और टुकड़े-टुकड़े होने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों और आतंक को पालता-पोसता है।

## कार्रवाई के बाद विश्व नेताओं से विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर की बातचीत

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने विश्व के कई प्रमुख नेताओं से बातचीत की और भारत की स्थिति स्पष्ट की। इन बातचीतों का उद्देश्य भारत की आतंक पर की गई सटीक एवं निर्णायक कार्रवाई की जानकारी देना और आतंक के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करना था। विदेश मंत्री ने एक्स पोस्ट में विश्व नेताओं से बातचीत की जानकारी दी। डॉ. जयशंकर ने कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जस्सिम बिन जाबिर अल थानी से बातचीत की।

# हमारे रॉकेट 140 करोड़ भारतीयों के सपनों को लेकर चलते हैं : मोदी



**अंतरिक्ष विजन**

**अंतरिक्ष केवल एक गंतव्य नहीं है, बल्कि यह जिज्ञासा, साहस और सामूहिक प्रगति की घोषणा है : मोदी**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारतीय रॉकेट 140 करोड़ भारतीयों के सपनों के लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष विजन वसुधैव कुटुम्बकम के प्राचीन दर्शन में निहित है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन (जीएलईएक्स) 2025 को संबोधित किया। दुनिया भर से आए प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष यात्रियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने जीएलईएक्स 2025 में भारत की उल्लेखनीय अंतरिक्ष यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा कि अंतरिक्ष केवल एक गंतव्य नहीं है, बल्कि यह जिज्ञासा, साहस और सामूहिक प्रगति की घोषणा है। 1963 में एक छोटे रॉकेट को लॉन्च करने से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनने तक, हमारी यात्रा उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय रॉकेट पेलोड से कहीं अधिक ले जाते हैं। वे 140 करोड़ भारतीयों के सपनों के लेकर जाते हैं। भारत की अंतरिक्ष प्रगति महत्वपूर्ण वैज्ञानिक मील का पत्थर है और यह इस बात का प्रमाण है कि मानवीय भावना गुरुत्वाकर्षण को चुनौती दे सकती है। उन्होंने 2014 में अपने पहले प्रयास में मंगल पर पहुंचने की भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि को याद किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी की खोज में मदद की, चंद्रयान-2 ने चंद्र सतह की उच्चतम-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें प्रदान कीं और चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के बारे में समझ को और बढ़ाया। एक ही मिशन में 100 उपग्रहों को लॉन्च किया।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद नेपाल-भारत सीमा पर हाई अलर्ट

**परिपत्र**

**सशस्त्र पुलिस बल भारतीय सीमा क्षेत्र में हाई अलर्ट बनाए रखने के लिए एक विशेष परिपत्र जारी किया**




टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद नेपाल-भारत सीमा पर सुरक्षा निगरानी बढ़ा दी गई है। सीमा क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखते हुए सूक्ष्म निगरानी की जा रही है। सशस्त्र पुलिस बल मुख्यालय ने भारतीय सीमा क्षेत्र में हाई अलर्ट बनाए रखने के लिए बुधवार को एक विशेष परिपत्र जारी किया है। सशस्त्र पुलिस बल के डीआईजी कमल गिरी ने बताया कि हाल ही में विकसित क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए सीमा क्षेत्र के सभी ब्रिगेड कमांडरों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में सभी ब्रिगेड कमांडरों को अनधिकृत घुसपैठ पर नियंत्रण और निगरानी रखने के लिए मुख्यालय द्वारा विशेष निर्देश दिए गए है। ब्रिगेड मुख्यालय के निर्देश के बाद सीमा पर रहे सभी बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) के द्वारा सुरक्षा योजना तैयार कर उसे क्रियान्वित किया जा रहा है डीआईजी गिरी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के सहयोग और समन्वय से दोनों देशों की सीमाओं पर संयुक्त गश्त और सूचनाओं का आदान-प्रदान तेज कर दिया गया है। सीमा क्षेत्र में एक बीओपी से दूसरे बीओपी तक 24 घंटे गश्त की जा रही है। इस समय सीमावर्ती क्षेत्रों से आवागमन करने वालों की जांच करने तथा उनका रिकार्ड रखने का भी कार्य किया जा रहा है। नेपाल-भारत सीमा पर बेरोकटोक पारंपरिक आवाजाही को सुविधाजनक बनाने का भी काम किया जा रहा है।

## संघ, विहिप ने ऑपरेशन सिंदूर पर जताई प्रसन्नता

*टीम एक्शन इंडिया*
***नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके समविचारी संगठनों ने प्रशंसा की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक्स पोस्ट पर ऑपरेशन सिंदूर को पीड़ितों को न्याय दिलाने की शुरुआत बताया और कहा कि न्याय किया गया है। देश इसके साथ है। जय हिन्द, भारत माता की जय। विश्व हिन्दू परिषद ने भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना को हार्दिक बधाई दी।*

# राजस्थान के भाजपा विधायक कंवरलाल को दो हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा को बड़ा झटका दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने 2005 में एसडीएम पर रिवॉल्वर तानने के मामले में कंवरलाल मीणा को दो हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से कंवरलाल मीणा को विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ सकता है। इसके पहले 5 मई को सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट की ओर से कंवरलाल मीणा को तीन साल की सजा के आदेश पर रोक लगा दी थी। कंवरलाल मीणा को एसडीएम पर रिवॉल्वर तानने के मामले में 3 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। आदेश के खिलाफ मीणा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। दरअसल, कंवरलाल मीणा पर आरोप था कि उन्होंने 3 फरवरी, 2005 को अकलेरा के तत्कालीन एसडीएम रामनिवास मेहता को उप सरपंच के रिपोल करवाने की धमकी दी थी।

## जांच समिति ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों की पुष्टि की

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** नकदी मिलने के बाद चर्चा में आए दिल्ली हाई कोर्ट के जज रहे जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की है कि नकदी बरामद की गयी थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा को इस्तीफा देने की सलाह दी है। चीफ जस्टिस खन्ना ने जांच समिति की रिपोर्ट जस्टिस यशवंत वर्मा को भी भेज दिया है और उनसे जवाब तलब किया है। जांच आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को 4 मई को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा था कि वो दिल्ली हाई कोर्ट से ट्रांसफर किए गए जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई भी न्यायिक कार्य न सौंपें। जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से 14 मार्च को नकदी मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक जांच कमेटी के गठन का आदेश दिया था।




## मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में मिले दस्तावेज पाने का आरोपित को हक: सुप्रीम कोर्ट

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि आरोपित को जांच के दौरान मिले दस्तावेजों और बयानों की प्रति पाने का हक है, लेकिन ईडी की ओर से अभियोजन की शिकायत के दाखिल होने के बाद आरोपित को उन्हें छोड़ना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोपित को जानने का हक है कि किन दस्तावेजों पर अभियोजन की ओर से भरोसा नहीं किया गया ताकि वो बचाव की बारी आने पर उन दस्तावेजों की मांग कर सके। अगर कोई आरोपित ऐसे दस्तावेजों की मांग करे तो ट्रायल कोर्ट को उस अर्जी को मंजूर करने में उदार रवैया अपनाना चाहिए और विशेष परिस्थितियों में ही इसे खारिज करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आरोपित को स्वतंत्र ट्रायल का मौलिक अधिकार है।

# कैबिनेट ने पांच आईआईटी की बुनियादी ढांचे की क्षमता विस्तार को मंजूरी दी




टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पांच नए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे की क्षमता के विस्तार को मंजूरी दे दी। ये पांच नए आईआईटी आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति), केरल (आईआईटी पलक्कड़), छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई), जम्मू-कश्मीर (आईआईटी जम्मू) और कर्नाटक (एचटी धारवाड़) राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में स्थापित किए गए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 2025-26 से 2028-29 तक चार वर्षों की अवधि में इसकी कुल लागत 11,828.79 करोड़ रुपये है। कैबिनेट ने इन आईआईटी में 130 संकाय पदों (प्रोफेसर स्तर यानी लेवल 14 और उससे ऊपर) के सृजन को भी मंजूरी दी है। उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत करने के लिए पांच नए अत्याधुनिक अनुसंधान पार्क भी बनाए जा रहे हैं।

आईआईटी में प्रवेश अखिल भारतीय आधार पर होता है और इसलिए इस विस्तार से देशभर के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लाभ होगा।

2025-26 की बजट घोषणा में कहा गया है कि पिछले 10 वर्षों में 23 आईआईटी में छात्रों की कुल संख्या 65,000 से 1.35 लाख तक 100 प्रतिशत बढ़ गई है। वर्ष 2014 के बाद शुरू किए गए पांच आईआईटी में 6,500 और छात्रों को शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा बनाया जाएगा।